YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-13 ❒ अंक-353 ❒ बुधवार, 22 जनवरी 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12

बदलती टेक्नोलॉजी के इस युग में हमें अपनी लोकतांत्रिक संस्थाओं में कार्यकुशलता को बढ़ाना होगा। मुझे खुशी है कि भारत की संसद दुनिया के सभी संसदों से टेक्नोलॉजी में आगे है। हम 22 आधिकारिक भाषाओं में से 10 में भाषांतरण कर रहे हैं। **ओम बिरला**



'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना की 10वीं वर्षगांठ आज 11

मौनी अमावस्या स्नान पर्व को सकुशल संपन्न कराने की बनी रणनीति 12

## एसटीएफ ने कुख्यात अरशद समेत चार बदमाशों को मार गिराया, इंस्पेक्टर जख्मी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- ❒ उप्र के बाहर भागने के प्रयास में था अरशद, असलहे और कार बरामद
- ❒ अरशद पर मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, शामली और पानीपत में कायम हैं लूट-हत्या के 18 मुकदमे

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के शामली जिले के झिंझाना में सोमवार की रात मुठभेड़ में एसटीएफ ने चार बदमाशों को ढेर कर दिया जबकि एसटीएफ इंस्पेक्टर सुनील घायल हो गए। उन्हें करनाल के अमृतधारा अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से उन्हें गुरुग्राम के मेदांता हॉस्पिटल रेफर किया गया है।

बीती रात करीब दो बजे एसटीएफ मेरठ के साथ बदमाशों की हुई मुठभेड़ मुस्तफा गैंग का एक लाख रुपये का इनामी अरशद और उसके तीन साथी सोनीपत निवासी मंजीत, करनाल निवासी सतीश और एक अन्य अपराधी को मार गिराया गया है। चारों बदमाश कार में सवार होकर उत्तर प्रदेश के बाहर भागने के प्रयास में थे। एसटीएफ के एएसपी बृजेश कुमार ने मीडिया को बताया कि सहारनपुर जिले के थाना गंगोह के बाहड़ी माजरा गांव के निवासी अरशद के झिंझाना में छिपे होने की सूचना पर टीम ने उनकी घेरबंदी की। इस दौरान बदमाशों की तरफ से चलाई गई गोलियों के जवाब में एसटीएफ टीम की ओर से गई फायरिंग में अरशद और उसके तीन साथी ढेर हो गए। कुख्यात अरशद के ऊपर हत्या, डकैती व लूट आदि के 18 मुकदमें कायम हैं। इसमें सहारनपुर के बेहट में डकैती और लूट, थाना गंगोह में हत्या और हत्या के प्रयास, थाना नानौता में डकैती, थाना रामपुर मनिहारन में भी हत्या के मुकदमे दर्ज हैं। मुजफ्फरनगर और शामली के अलावा हरियाणा के पानीपत जिले में धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश के मुकदमे भी दर्ज है। उन्होंने बताया कि कुख्यात अरशद पर मेरठ जोन के एडीजी डीके ठाकुर की ओर से एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। अरशद थाना बेहट (सहारनपुर) से लूट के एक मामले में वांछित था। मुठभेड़ में मारे गए बदमाशों का शामली में पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मौके पर पर्याप्त असलहे और कार बरामद हुई हैं।

## पूरे मंत्रिमंडल के साथ संगम में डुबकी लगाएंगे योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भ नगर। प्रयागराज महाकुम्भ में बुधवार 22 जनवरी को योगी सरकार की कैबिनेट बैठक होगी। इस बैठक में योगी सरकार के सभी 54 मंत्रियों को बुलाया गया है। इस बैठक में प्रदेश को कई सौगात देने वाली योजनाओं और प्रस्तावों को मंजूरी दी जाएगी। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूरे मंत्रिमंडल के साथ त्रिवेणी संगम की पावन धारा में डुबकी भी लगाएंगे। इससे पूर्व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2019 कुम्भ मेले में भी अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ संगम में डुबकी लगाई थी। तब मुख्यमंत्री के साथ अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गिरि और अन्य साधु संतों ने भी संगम में स्नान किया था।



महाकुम्भ में योगी सरकार की बैठक में शामिल होने के लिए यूपी सरकार के सभी 54 मंत्रियों को बुलाया गया है। यह बैठक अरैल के त्रिवेणी संकुल में दोपहर 12 बजे शुरू होगी। संगम में स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा न हो, इसके लिए अरैल में बैठक करने का फैसला लिया गया है। पहले ये बैठक मेला प्राधिकरण के सभागार में होनी थी, लेकिन

**आस्था**

- ❒ श्रद्धालुओं को असुविधा से बचाने के लिए बदला बैठक का स्थान
- ❒ मेला प्राधिकरण के बजाय अरैल के त्रिवेणी संकुल में होगी कैबिनेट बैठक

सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए बाद में बैठक का स्थान बदल दिया गया। क्योंकि अगर मेला प्राधिकरण के सभागार में मंत्रियों की बैठक की जाती है तो वीआईपी सुरक्षा के चलते श्रद्धालुओं को दिक्कत हो सकती थी।

बैठक के बाद सभी मंत्री अरैल वीआईपी घाट से मोटर बोट के जरिए संगम जाएंगे। यहां सीएम योगी समेत सभी मंत्री विधिवत पूजन करेंगे। इसके बाद संगम तट पर बनी जेटी के जरिये त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाएंगे। ● शेष पेज 11 पर

### मोदी के पांच फरवरी को महाकुंभ आने की संभावना

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच फरवरी को महाकुंभ में शिरकत कर सकते हैं। अपने एक दिवसीय दौरे में श्री मोदी के त्रिवेणी में अमृत स्नान के अलावा कई कार्यक्रमों में भाग लेने की संभावना है। अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि श्री मोदी पांच फरवरी प्रयागराज में महाकुंभ मेले में शामिल होंगे। इस दौरान, उनके कई महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं की समीक्षा और कार्यक्रमों में भाग लेने की संभावना है। उन्होने बताया कि प्रारंभिक सूचनाओं के अनुसार गृह मंत्री अमित शाह 27 जनवरी को महाकुंभ में शिरकत करेंगे। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एक फरवरी को पवित्र डुबकी लगाएंगे और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 10 फरवरी को महाकुंभ में शामिल होंगी।

## संक्षेप

### 'स्की रिसॉर्ट' में लगी भीषण आग से तुर्की में जलकर मर गए 66 लोग

**अंकारा।** उत्तर-पश्चिमी तुर्किये (तुर्की) के एक स्की रिसॉर्ट होटल में लगी भीषण आग में कम से कम 66 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 51 अन्य घायल हो गए हैं। यह हादसा कार्तलकाया स्थित बोलू प्रांत के एक होटल में हुआ। तुर्किये के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने बताया कि आग होटल के रेस्तरां में देर रात करीब 3:30 बजे लगी। आग की भयावहता इतनी ज्यादा थी कि दमकलकर्मियों को कई घंटे तक इसे बुझाने में मशक्कत करनी पड़ी। उन्होंने कहा, ''हम गहरे दुख में हैं। इस हादसे में हमने 66 लोगों को खो दिया है।'' सरकार ने इस घटना की जांच के लिए छह अभियोजकों को नियुक्त किया है। प्रारंभिक रिपोर्ट्स में कहा गया है कि होटल के लकड़ी के बाहरी ढांचे ने आग के फैलने में अहम भूमिका निभाई।

### सेना के लिए खरीदे जायेंगे पुल बनाने वाले टैंक

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने सेना के लिए 47 टैंक-72 (ब्रिज लेइंग टैंक बीएलटी) की खरीद के लिए आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड की इकाई हैवी व्हीकल फैक्ट्री के साथ 1560 करोड़ रूपये के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में रक्षा मंत्रालय और हैवी व्हीकल फैक्ट्री और आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए। ब्रिज लेइंग टैंक एक महत्वपूर्ण उपकरण है जिसका उपयोग सेना द्वारा आक्रामक और रक्षात्मक अभियानों के दौरान पुलों का निर्माण करने के लिए किया जाता है। यह टैंक और बख्तरबंद वाहनों के बेड़े को अभिन्न पुल बनाने की क्षमता प्रदान करता है। इससे युद्ध के मैदान में गतिशीलता और आक्रामक क्षमता बढ़ती है। इस समझौते के अन्तर्गत खरीद (भारतीय-स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित) होने से रक्षा क्षेत्र में मेक-इन-इंडिया पहल को बढ़ावा मिलेगा। यह परियोजना समग्र अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और देश में रोजगार के अवसरों को बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### संभल हिंसा की जांच के लिए पहुंची न्यायिक आयोग की टीम

**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल में पिछले साल 24 नवंबर को जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुए बवाल की जांच के लिए यहां पहुंची न्यायिक आयोग की टीम ने मंगलवार को हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा किया। न्यायिक आयोग की टीम ने हिंसा प्रभावित क्षेत्रों कोटगर्वी एवं देहली दरवाजा आदि स्थानों का निरीक्षण किया। टीम ने नाले में मिले अमेरिका और पाकिस्तान मार्का कारतूसों के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान टीम जामा मस्जिद भी पहुंची और वहां बारीकी से निरीक्षण किया। इसके बाद टीम पीडब्ल्यूडी के गेस्ट हाउस पहुंची और अधिकारियों के बयान लिए हैं। हिंसा प्रभावित लोगों को भी बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया है। न्यायिक आयोग की टीम में उच्च न्यायालय के सेवानिवृत न्यायाधीश डीके अरोड़ा, यूपी के पूर्व डीजीपी अरविंद कुमार जैन एवं रिटायर्ड प्रमुख सचिव अमित मोहन प्रसाद शामिल हैं।

# एक करोड़ का इनामी समेत 27 नक्सली ढेर

एजेंसी

रायपुर। गरियाबंद मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली। 36 घंटे तक चले मुठभेड़ में 27 नक्सली मारे गए हैं। इसकी जानकारी रायपुर जोन के आईजी अमरेश मिश्रा ने दी है। जवानों ने अब तक 16 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए हैं। इसके साथ ही एके 47, एसएलआर, इंसास और अन्य स्वचालित हथियार भी बरामद किए गए हैं। मारे गए नक्सलियों में चलपति भी शामिल है, जिसके सिर पर पूरे एक करोड़ रुपए का इनाम घोषित था। वह सुरक्षाबलों पर कई खतरनाक हमले कर चुका था। एक विधायक की हत्या के पीछे भी उसका हाथ बताया जाता है।


बता दें कि सोमवार की सुबह से ही कुल्हाड़ीघाट के भालुडिग्गी की पहाड़ियों पर सुरक्षाबलों और जवानों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई थी। इस दौरान कई नक्सली मारे गए, जिसमें से 16 नक्सलियों के शव बरामद भी कर लिए गए हैं। सर्च ऑपरेशन के दौरान सोमवार को 2 नक्सलियों के शव मिले थे। वहीं आज सुबह 16 नक्सलियों के शव जवानों ने बरामद किए हैं। इसके अलावा कई आधुनिक तरीके की हथियार भी उनके पास से बरामद किए गए हैं। फिलहाल उस जगह पर सर्च ऑपरेशन जारी है।

**कामयाबी**

- ❒ मुठभेड़ में नक्सली, चलपती के साथ मनोज-गुड्डू भी ढेर, 16 के शव बरामद
- ❒ एके 47, एसएलआर, इंसास और अन्य स्वचालित हथियार भी बरामद किए गए



इस मुठभेड़ में उड़ीसा स्टेट के चीफ जयराम उर्फ चलपती को जवानों ने मार गिराया है। जयराम उर्फ चलपती पर एक करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। इसके अलावा इस मुठभेड़ में सीसीएम मनोज और गुड्डू भी मारे गए हैं।यह ऑपरेशन छत्तीसगढ़ और उड़ीसा पुलिस के जॉइंट प्रयास का नतीजा है, जो नक्सलियों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी सफलताओं में से एक है। दो दिनों तक चले इस ऑपरेशन में सुरक्षाबलों ने कई ऑटोमेटेड हथियार भी बरामद किए हैं। आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले का रहने वाला चलपति एक बेहद खूंखार नक्सली था। वह गुरिल्ला युद्ध में माहिर था और युद्ध की रणनीति बनाने में बेहद कुशल माना जाता था। इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के मुताबिके, सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि 23 सितंबर 2018 को हुए उस हमले का चलपति ही मास्टरमाइंड था जिसमें टीडीपी के विधायक किदारी सर्वेश्वर राव और पूर्व विधायक शिवेरी ● शेष पेज 11 पर



नक्सलवाद पर एक और करारा प्रहार। हमारे सुरक्षा बलों ने नक्सल मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में बड़ी सफलता हासिल की है। सीआरपीएफ, एसओजी ओडिशा और छत्तीसगढ़ पुलिस ने ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा पर संयुक्त अभियान में नक्सलियों को मार गिराया। नक्सल मुक्त भारत के हमारे संकल्प और हमारे सुरक्षा बलों के संयुक्त प्रयासों से आज नक्सलवाद अपनी अंतिम सांसें ले रहा है। **गृहमंत्री, अमित शाह**

## सेंसेक्स 1235 और निफ्टी 320 अंक लुढ़का

एजेंसी

मुंबई। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शपथ ग्रहण करने के साथ ही कनाडा और मेक्सिको के लिए व्यापार शुल्क में 25 फ़ीसदी तक की बढ़ोतरी करने की घोषणा से घबराए निवेशकों की स्थानीय स्तर पर जोमैटो, एनटीपीसी, अडानी पोर्ट्स, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई और रिलायंस समेत 27 दिग्गज कंपनियों में क़रीब 11 प्रतिशत तक की गिरावट से आज शेयर बाजार में हाहाकार मच गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1235.08 अंक अर्थात 1.60 प्रतिशत का गोता लगाकर साढ़े सात महीने के निचले स्तर 76 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 75,838.36 अंक पर आ गया। इससे पहले 06 जून को यह 75,074.51 अंक पर रहा था। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 320.10 अंक यानी 1.37 प्रतिशत लुढ़ककर 23,024.65 अंक पर बंद हुआ। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी

**झटका**

❒ डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ बढ़ाने से सहमा बाजार



जमकर बिकवाली हुई, जिससे मिडकैप 2.00 प्रतिशत टूटकर 43,167.39 अंक और स्मॉलकैप 1.94 प्रतिशत गिरकर 51,714.62 अंक पर आ गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4088 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2788 में गिरावट जबकि 1187 में तेजी रही वहीं 113 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की 2095 कंपनियों में बिकवाली जबकि 715 में लिवाली हुई वहीं 77 में टिकाव रहा। बीएसई के सभी 21 समूहों का रुझान नकारात्मक रहा। इससे रियल्टी 4.22, कमोडिटीज 0.82, सीडी 0.82, ऊर्ज़ा 1.25, एफएमसीजी 0.32, वित्तीय सेवाएं 1.79, हेल्थकेयर 0.96, इंडस्ट्रियल्स ● शेष पेज 11 पर

## पिछड़े वर्ग के छात्रों को वित्तीय सहायता दे रही योगी सरकार

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- ❒ पिछड़े वर्ग के छात्रों की उच्च शिक्षा में अब नहीं आएगी आर्थिक बाधाएं
- ❒ छात्रों के लिए दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना 2024-25 शुरू

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में शिक्षा और युवाओं के सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए विभिन्न योजनाओं को लागू किया जा रहा है। इसी दिशा में, अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने हेतु दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना 2024-25 को संचालित किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है, ताकि वे अपनी शैक्षिक यात्रा को निर्बाध रूप से जारी रख सकें।

योगी सरकार ने शिक्षा को सशक्तिकरण का माध्यम मानते हुए प्रदेश के हर छात्र तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का संकल्प लिया है। दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना, विशेष रूप से पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिए, उनके उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करती है। उच्च शिक्षा में आने वाली आर्थिक बाधाओं को दूर कर ही समाज के कमजोर वर्गों को मुख्य धारा में से जोड़ने के लिए योगी सरकार प्रतिबद्ध है। इस योजना की विस्तृत प्रक्रिया और समय-सारिणी भी जारी कर दी गई है। योजना के तहत सभी चरणों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा, ताकि छात्रों को शीघ्रता से लाभ पहुंचाया ● शेष पेज 11 पर

## उच्च न्यायालय न्यायाधीशों के वेतन आयोग की सिफारिशों पर समिति गठित करें : न्यायालय

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को सभी उच्च न्यायालयों से कहा कि वे द्वितीय राष्ट्रीय न्यायाधीश वेतन आयोग की सिफारिशों के कार्यान्वयन पर जिला न्यायिक अधिकारियों की शिकायतों के समाधान के लिए दो न्यायाधीशों की समिति के गठन में तेजी लाएं।

न्यायमूर्ति बी.आर. गवई, न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने यह आदेश उस समय पारित किया जब न्याय मित्र के रूप



में सहायता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता के. परमेश्वर ने कहा कि कई उच्च न्यायालयों ने अभी तक जिला न्यायपालिका की सेवा शर्तों के लिए समितियां (सीएससीडीजे) गठित नहीं की हैं, जैसा कि पीठ ने पहले निर्देश दिया था।

शीर्ष अदालत ने पिछले साल 4 जनवरी को कहा था कि उसने सभी उच्च न्यायालयों में दो न्यायाधीशों की समिति गठित करने की सिफारिश की है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि दूसरे राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग (एसएनजेपीसी) के अनुसार न्यायिक अधिकारियों के लिए वेतन, पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति लाभों पर आदेशों का कार्यान्वयन किया जाए। मंगलवार को न्याय मित्र ने कहा कि यद्यपि कुछ उच्च न्यायालयों ने ● शेष पेज 11 पर

**वक्फ संशोधन अधिनियम पर जेपीसी की बैठक संपन्न**

## वक्फ जमीनों पर लगातार मिल रही शिकायतें : जगदंबिका

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। यूपी की राजधानी लखनऊ में मंगलवार को वक्फ संशोधन अधिनियम 2024 को लेकर जेपीसी की बैठक संपन्न गई है। जेपीसी बिल पर मुस्लिम धर्मगुरुओं और संगठनों से सुझाव और आपत्तियां ली गईं। बैठक में जेपीसी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल, जेपीसी के सदस्य असदुद्दीन ओवैसी समेत 11 सदस्य शामिल हुए।

इसमें खासतौर पर शिया सुन्नी सेंट्रल वक़्फ़ बोर्ड के चैयरमैन अली जैदी, मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली, मौलाना सुफियान निजामी, जमाते इस्लामी, मिली काउंसिल सहित अन्य संगठन के पदाधिकारी जेपीसी से मुलाकात करने पहुंचे। जेपीसी कमेटी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल का लखनऊ में यह दूसरा दौरा था। इससे पहले लखनऊ दौरे के दौरान



मुस्लिम समुदाय के धर्मगुरू और बुद्धिजीवियों से मुलाकात की थी। जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने मौलाना ख़ालिद रशीद फरंगी महली और मौलाना सैफ़ अब्बास से बिल के संबंध में लंबी चर्चा की थी। बैठक के बाद जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा यह कानून बेहतरी के लिए आ रहा है। बताया कि लखनऊ में आज हमारी आखिरी बैठक है। इससे पहले वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर विभिन्न राज्यों में बैठक कर चुके हैं। आज

❒ वक्फ की संपत्ति होने का क्लेम किया जा रहा, कमेटी बनाकर कस्टीट्यूड करेगी सरकार

की बैठक में मंत्री दानिश आजाद अंसारी, मंत्री ओपी राजभर सहित विभिन्न लोगों से बातचीत हुई। शिया सुन्नी सेंट्रल वक़्फ़ बोर्ड की बात सुनी गई। बैठक में यूपी सरकार ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि हमने बड़े व्यापक ढंग से अपना सर्वे किया है। अभी तक यूपी में वक्फ की संपत्तियों का कोई डाटा नहीं था। कोई आंकड़े नहीं थे। कितनी पंजीकृत है, कितनी गैर पंजीकृत है? यूपी की कितनी संपत्ति इंमोज कर रखी है। कितनी औसा संपत्ति है, जो सरकारी है और उसे वक्फ की संपत्ति होने का क्लेम किया जा रहा है। यूपी सरकार ने कहा कि जो सच्चर कमेटी ने कहा था कि 60 संपत्तियां सरकार की हैं। कहा कि बैठक में शहर के अल्पसंख्यकों का नेतृत्व करने वाले सभी लोगों के साथ अच्छे माहौल में चर्चा हुई। कहा कि 24-25 के बाद हम अपनी रिपोर्ट सौपेंगे। कहा कि ऐसी रिपोर्टर देंगे, जिसमें वक्फ का जो मुख्य उद्देश्य होता था कि महिलाओं की मदद हो सके, चैरिटेबल उद्देश्य हो। कहा कि कोई व्यक्ति जब अपनी संपत्ति को वक्फ करता हा तो उसका उद्देश्य होता है कि महिलाओं को, खवातीन को, बच्चों को, विधवाओं को मदद मिल सके। शिक्षा, स्वास्थ्य या अन्य तरीके से मदद की जा सके। जेपीसी अध्यक्ष कहा कि आज के दौर में लगभग हर रोज शिकायतें आती हैं कि वक्फ संपत्तियों का सही उपयोग नहीं हो रहा है। कहा कि कई संपत्तियों का वक्फ होना था। लेकिन बाद में कुछ दूसरा हो जाता है। पीलीभीत में पांच हजार एकड़ जमीन है। कहीं एक जमीन 70 हजार एकड़ की है। इस पर सरकार ने कहा है कि हम कमेटी बनाकर इसे कस्टीट्यूड करते हैं।

## 'एक देश, एक चुनाव' संबंधी संसदीय समिति की दूसरी बैठक 31 को

एजेंसी

नई दिल्ली। 'एक देश - एक चुनाव' के लिए दो विधेयकों की जांच कर रही संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की दूसरी बैठक 31 जनवरी को होगी। लोकसभा की वेबसाइट पर प्रकाशित कार्यक्रम में यह जानकारी दी गई है।

संविधान (129वां संशोधन) विधेयक और संघ राज्य क्षेत्र कानून (संशोधन) विधेयक हाल ही में शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा में पेश किए गए थे और इन्हें समिति के पास भेजा गया था। लोकसभा की वेबसाइट के मुताबिक, समिति की आगामी बैठक में संशोधन विधेयकों की जांच के लिए प्रक्रिया और विधियों पर चर्चा की जाएगी। समिति की पहली बैठक आठ जनवरी को हुई थी, जिसमें विधि और न्याय मंत्रालय के



प्रतिनिधियों ने समिति के सदस्यों को जानकारी दी थी। पहली बैठक में विभिन्न दृष्टिकोणों का आदान-प्रदान हुआ था। जिसमें विपक्षी सदस्य इस विचार को संविधान और संघवाद की मूल भावना पर हमला मान रहे थे। जबकि भाजपा सांसदों ने इसे जनमत का प्रतिबिंब बताया था। सभी सांसदों को 18,000 पन्नों का एक ट्रॉली दिया गया था, जिसमें रामनाथ कोविंद समिति की रिपोर्ट के हिंदी और अंग्रेजी में एक-एक संस्करण ● शेष पेज 11 पर

# पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और डॉ. कुमार विश्वास ने संगम में लगाई डुबकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुंभ। संगम घाट पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास ने औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी के साथ संगम के पवित्र जल में पुण्य की डुबकी लगाई। इस अवसर पर मंत्री नंदी ने प्रदेश सरकार की ओर से पूर्व राष्ट्रपति और डॉ. कुमार विश्वास का स्वागत एवं अभिनंदन किया।पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने अपनी पत्नी और पुत्री के साथ संगम की पवित्र त्रिवेणी में स्नान किया। इस दौरान मंत्री नंदी ने स्वयं उनका हाथ पकड़कर स्नान में सहयोग किया। स्नान के बाद मंत्रोच्चार के बीच उन्होंने सपरिवार मां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती की पूजा-अर्चना की। उन्होंने महाकुंभ की भव्यता और दिव्यता की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन भारत की आध्यात्मिक धरोहर और सांस्कृतिक समृद्धि का उत्कृष्ट उदाहरण है।पत्रकारों से



बातचीत में पूर्व राष्ट्रपति ने 'वन नेशन, वन इलेक्शन' की अवधारणा को देश के आर्थिक विकास के लिए गेम चेंजर बताया। उन्होंने कहा कि इससे देश की जीडीपी और आर्थिक स्थिति में व्यापक सुधार होगा।इस अवसर पर डॉ. कुमार विश्वास ने मां गंगा का जयकारा लगाते हुए स्नान किया। उन्होंने गंगा के महात्म्य पर अपनी कविता से सबको मंत्रमुग्ध करते हुए कहा कि ''तपस्वी राम के चरणों चढ़ी उपहार तक आई,हमारी मां हमारे लोक के स्वीकार तक आई।''उन्होंने कहा कि महाकुंभ का यह आयोजन 144 वर्षों के बाद आया दुर्लभ संयोग है, जो भारत को विश्व गुरु बनाने की दिशा में प्रेरणा देगा। उन्होंने सभी से राजनीतिक भेदभाव भूलकर इस सर्वसमावेशी आयोजन में भाग लेने का आह्वान किया। स्नान के पश्चात पूर्व राष्ट्रपति और डॉ. कुमार विश्वास ने महाकुंभ नगर के सेक्टर 24 में नंदी सेवा संस्थान के शिविर का उद्घाटन किया। इस दौरान प्रयागराज की पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने पूर्व राष्ट्रपति का स्वागत किया। मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि महाकुंभ 2025 भारत की संस्कृति, आस्था और एकता का प्रतीक है। संत, श्रद्धालु और हर वर्ग के लोग इसमें शामिल होकर इसे ऐतिहासिक बना रहे हैं। डॉ. कुमार विश्वास ने कहा कि गंगा केवल एक नदी नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति का सार है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल धार्मिक, बल्कि सामाजिक समरसता का परिचायक है, जो पूरे विश्व को एक नई दिशा देगा।

# हाईकोर्ट ने यूपी पुलिस की हिस्ट्रीशीट खोलने की अनियंत्रित शक्ति को सीमित किया

## कहा, आपत्ति प्रस्तुत करने का मौका दिया जाना चाहिए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में पुलिस को हिस्ट्रीशीट खोलने की जारी अनियंत्रित शक्ति को सीमित किया है। हाईकोर्ट ने कहा कि हिस्ट्रीशीट खोलने से पहले आरोपी को आपत्ति प्रस्तुत करने के लिए एक मौका दिया जाना चाहिए। कोर्ट ने इसके लिए दिशा निर्देश जारी करने का निर्देश दिया है। न्यायालय ने कहा कि जब देश में लोकतंत्र नहीं था तब औपनिवेशिक शासकों ने भारतीयों के लिए हिस्ट्रीशीट खोलने के नियम बनाए थे जो प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन था। अब आजादी बाद संविधान के लागू होने पर प्राकृतिक न्याय के नियमों का पालन किया जाना अनिवार्य है। न्यायालय ने यह टिप्पणी करते हुए पुलिस उपायुक्त गौतमबुद्ध नगर के हिस्ट्रीशीट खोलने के आदेश को रद्द कर दिया। हाईकोर्ट ने रजिस्ट्रार (अनुपालन) को निर्देश दिया कि वह एक सप्ताह के भीतर इस आदेश को प्रमुख सचिव (गृह)



उत्तर प्रदेश को सूचित करें। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ व न्यायमूर्ति सुभाष चंद्र शर्मा की खंडपीठ ने फिरोज मलिक, साजिद मलिक, इमरान मलिक व निजाम मलिक की याचिकाओं को स्वीकार करते हुए दिया। गौतमबुद्ध नगर के ग्रेटर नोएडा निवासी याचियों के खिलाफ पुलिस उपायुक्त ने 16 जून 2021 को हिस्ट्रीशीट खोलने का आदेश दिया था। याचियों ने इसे हाईकोर्ट में चुनौती दी। याची के वकील ने दलील दी कि याचियों पर 30 जुलाई 2020 को पहला मुकदमा आईपीसी की धारा 408 और धारा 386 में दर्ज किया गया था। उसके बाद गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई। इसके आधार पर बी श्रेणी की हिस्ट्रीशीट खोलने का आदेश जारी कर दिया गया। जबकि याची पेशेवर अपराधी नहीं हैं। ऐसे में हिस्ट्रीशीट खोलना अवैध है। इसे रद्द किया जाना चाहिए। न्यायालय ने पक्षों को सुनने के बाद कहा कि हिस्ट्रीशीट खोलने से पहले आपत्ति दर्ज करने का मौका दिया जाना चाहिए। हिस्ट्रीशीट खोलने के आदेश को रद्द कर दिया। राज्य सरकार को इस सम्बंध में दिशा निर्देश जारी करने का आदेश दिया।

# जिलाधिकारी विशाखा जी यूपी दिवस के आयोजन की तैयारियां का जायजा लेने पहुंचे कार्यक्रम स्थल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। अवध शिल्पग्राम में आगामी 24 जनवरी को यूपी दिवस के आयोजन की तैयारियों का जायज़ा लेने के दृष्टिगत जिलाधिकारी श्री विशाख जी0 द्वारा कार्यक्रम स्थल पहुंच कर व्यवस्थाओं को देखा। डी सी डी आई सी द्वारा बताया गया कि यूपी दिवस का आयोजन 24 जनवरी 2025 से 26 जनवरी 2025 तक होगा,मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी को बताया गया कि कार्यक्रम में 75 ग्क्व्च् के स्टाल, 22 डूडा के स्टाल और 12 ग्राम्य विकास विभाग के स्टाल उत्तर प्रदेश के प्रमुख वस्तुओं को प्रदर्शित करेंगे। कार्यक्रम में शिल्प मेला, व्यंजन मेला एवं विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित विरासत व विकास प्रदर्शनियों का अवलोकन कराया जाएगा। साथ ही प्रदेश की जनजातीय कलाओं का सांस्कृतिक प्रदर्शन भी कराया जाएगा। जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए की सभी आयोजन आकर्षक और भव्य होने चाहिए और लगने वाले स्टालों को आकर्षक रूप से डेकोरेट किया जाए और साथ ही नगर निगम को निर्देश दिया कि शहीद पथ पर साफ सफाई, झाड़ियों आदि की कटाई छठाई और रेलिंग डिवाइडर की रंगाई पुताई की व्यवस्था को सुनिश्चित कराया जाए। साथ ही आवास विकास को निर्देश दिए गए की अवध शिल्पग्राम परिसर के अंदर लगे पौधों की ट्रिमिंग, हार्टिकल्चर वर्क, रोड व डिवाइडर की मरम्मत आदि का कार्य समय से पूरा करा लिया जाए। साथ ही परिसर के अंदर के शौचालयों की साफ सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए और सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगाना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए कि मुख्य पंडाल में हर ब्लाक में डस्टबिन की व्यवस्था को सुनिश्चित किया ।

# दलित बस्ती मे हैण्डपम्प दो काम के एक भी नहीं

- सर पर डिब्बा रखकर तहसील परिषर कोरांव सें लाना पड़ता है पिने का पानी
- लाखो रूपये की लागत सें बैदवार गांव मे बना पेयजल टंकी बना शो पीस
- आज तक नहीँ चालू हो सका पानी सप्लाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव प्रयागराज। कोरांव तहसील के बाउंड्रीवाल सें लगा हुआ बैदवार ग्राम पंचायत आदिवासी व हरिजन बस्ती है लगभग दर्जन लोग आवास बना कर रहे है लेकीन मोहल्ला मे पिने का पानी तहसील परिषर सें लाना पड़ता है जबकि एक हैण्डपम्प भुण्डा आदिवासी दूसरा दरबारी





आदिवासी के घर के समीप लगा है लेकीन दोनों हैण्डपम्प गंदा बदबूदार पानी निकलता है जिससे सफ़ेद कपड़ा धुलने पर साफ होने के बजाय पीला हो जाता है साथ ही खाना भी इस पानी सें नहीँ बनाते पिने व खाना बनाने मे तहसील परिषर कोरांव सें 15 लीटर के डिब्बा मे पानी भरकर सर पर रखकर लाना पड़ता है अधिकांश छोटे बच्चे स्नान भी तहसील परिषर मे करते है जबकि लाखो रूपये की लागत सें बैदवार ग्राम पंचायत मे पेयजल टंकी का निर्माण कराया गया है लेकीन आज तक पानी सप्लाई चालू नहीँ किया गया इस हरिजन दलित बस्ती की पीड़ा को न तो क्षेत्रीय विधायक ध्यान दे रहे न ही तहसील ब्लाक के जिम्मेदार अधिकारी मोहल्ला के लोगो ने जिलाधिकारी प्रयागराज का ध्यान आकृस्ट कराने की माँग की है इस मामले मे जानकारी के लिए खंड विकास अधिकारी कोरांव सहायक विकास अधिकारी कोरांव को फोन किया गया लेकीन बात नहीँ हो पाया ।

## डॉ बिहीन प्राथमिक स्वथ्य केंद्र लेडियारी

**कोरांव प्रयागराज कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास खंड कोरांव के लेडियारी मे नवीन प्राथमिक स्वाथ्य केंद्र स्थापित है जिससे स्थानीय समेत क्षेत्र के बीमार लोगो को गुणवक्ता पूर्वक इलाज मुहैया मिले लेकीन यहाँ उल्टा है बता दे की उक्त केंद्र पर कई वर्षो सें मेडिकल आफिसर, एमओ सिएच की नियुक्ति नहीँ है अन्य छोटे तपके के स्टॉफ आने वाले मरीजों को इलाज मुहैया कराते है इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है की किस तरह सें इलाज मुहैया हो पा रहा है साथ ही नवीन प्राथमिक स्वाथ्य केंद्र बाहर बाउंड्रीवाल नहीँ बना है जिससे हमेसा गंदगी फैला रहता है केंद्र सें अंदर रख रखाव व साफ सफाई समेत अन्य ब्यवस्था चौपट है लेकीन जिम्मेदार मुकदर्शक बने है स्थानीय लोगो ने सीएमओ प्रयागराज का ध्यान आकृस्ट कराते हुये डॉ के नियुक्ति की माँग की है ।



## प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने सफाई कर्मचारियों को बांटा कंबल

**महाकुम्भ प्रयागराज कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सेक्टर 24 के प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार यादव ने स्वास्थ्य शिविर में 50 सफाई कर्मचारियों को कंबल वितरण किया । कंबल पाकर खुश हुए कर्मचारियों ने कहा की प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र यादव हम लोगों का बहुत ख्याल रखते हैँ सुख दुःख में वो हर गरीबों के लिए खड़े रहने वाले लोगों में से है और हमेशा हमारी जरूरतों का ख्याल रखते है और कर्मचारियों ने कहा की शाम होते होते मेला में ठण्ड बढ़ने लगती है ऐसे में हम लोगों को कंबल की जरूरत पड़ती है । वहीं धर्मेंद्र कुमार यादव ने कहा कि हमारा कर्तव्य बनता है की हम अपने कर्मचारियों का ख्याल रखें और उनकी जरूरतों को समझे । इस दौरान प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र यादव के साथ एसएमओ डॉ मनीष शुक्ला, एसडीएम निकेत वर्मा, नाव नोडल जिया लाल यादव, नायब तहसीलदार ब्रजेश सिंह व सीआई अजय सिंह मौजूद ।



## कोरांव सें लगा हड़ही संपर्क मार्ग गड्ढा मे तब्दील

**कोरांव प्रयागराज कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोरांव ब्लाक के कोहडार रोड भैया लाल विश्वकर्मा ट्रैक्टर मिस्त्री के घर सें दक्षिण दिशा हड़ही होकर लेडियारी रत्योरा लिंक संपर्क मार्ग पर जोड़ता दुरी लगभग दो किलोमीटर है उक्त संपर्क मार्ग कई वर्षो सें काफी क्षति ग्रस्त हालात मे है जगह जगह सड़क धस गया है बड़े बड़े सोलिंग निकले है जिसके कारण आयेदिन वाहन चालक फिसल कर चोटहिल होते रहते है कुछ स्थानीय लोगो द्वारा सड़क पर पानी भी बहाया जाता है लगता है जिम्मेदार विभाग इस सड़क को मरम्मत कराने के लिए भूल चूका है चुकी इस सड़क की हालत अत्यंत दयनीय है आने जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानी उठाना पड़ता है छोटे चक्का के कार का निचला हिस्सा भी टच हो जाता है स्थानीय लोगो ने संबधित विभाग का ध्यान आकृस्ट कराते हुये सड़क मरम्मत की माँग की है ।



# परम धर्म संसद में विश्व पर्यावरणीय स्वास्थ्य के लिए सतर्कता पर जोर, पेड़-पौधों की सुरक्षा का संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुंभ नगर। प्रयागराज महाकुंभ में ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के शिविर में आयोजित परमधर्म संसद में मंगलवार को संतों ने विश्व पर्यावरणीय स्वास्थ्य के लिए सतर्कता पर खासा जोर दिया। धर्म संसद में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि यत पिण्डे तद् ब्रह्माण्डे इस सिद्धान्त के अनुसार हमारा शरीर ब्रह्माण्ड का प्रतीक है। यह विश्व विराट् पुरुष का ही विग्रह है और नदियां उस विराट् पुरुष के शरीर की नाड़ियां हैं। जैसे कोई भी शरीर अन्दर की नसों नाडियों के सूख जाने या विकृत हो जाने से विकृत या विकल हो जाता है उसी तरह हमारी नदियों के सूखने या प्रदूषित होने के परिणामस्वरूप विश्व का विकल होना स्वाभाविक है। शंकराचार्य ने जोर देकर कहा कि विश्व वैकल्य को बचाने के लिए हमें हमारी नदियों के जीवन और जल को सुरक्षित रखना ही होगा। इसके लिए यथासम्भव नदी-नालों को अलग रखना, धारा को अविरल रखना, तटबन्ध पर विराजे



पेड़-पौधों की सुरक्षा करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नदी की भूमि, जल-जन्तु और वनस्पतियों आदि का मालिकाना नदियों का है-आवश्यक है कि हम और हमारी सरकारें उन्हें उनसे न छीनें। वे स्वयं में इतनी समर्थ हैं कि यदि उनकी सम्पत्ति उन्हीं की रहे तो सरकारों को नदियों के लिए बजट नहीं देना होगा, अपितु नदियाँ अपना और अपने किनारे पर बसे बच्चों और बच्चियों का पालन-पोषण स्वयं कर सकेंगी। देश की लगभग 15 हजार नदियों में से गंगा-यमुना-सरस्वती; इड़ा, पिंगला और सुषुम्णा सरीखी नाड़ियां हैं। इनकी नैसर्गिक अविरल-निर्मल धारा विश्व पर्यावरणीय स्वास्थ्य को समीचीन बनाये रखने में समर्थ हैं। इसलिए हम हिन्दुओं को इसके लिए तत्पर रहना होगा। धर्म संसद में गंगा आदि पवित्र नदियों पर चर्चा हुई। सुभाष मल्होत्रा,मोहन कुमार सिंह,सुनील शुक्ल,कमला भारद्वाज, संजय जैन, नचिकेता खुराना, रवि त्रिवेदी,यतीन्द्र चतुर्वेदी,सक्षम सिंह, अनुसुईया प्रसाद उनियाल,डेजी रैना,साध्वी वनदेवी ने भी नदियों और पर्यावरण सरंक्षण पर गंभीरता से अपनी बात रखी।

# सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की डिजिटल प्रदर्शनी में तीन नये कानून की मिल रही जानकारी




कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भ नगर । न्याय पर आधारित आज़ाद भारत के अपने तीन नये कानून, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता जो 1 जुलाई, 2024 से लागू हैं। इन तीन नये कानूनों की विस्तृत जानकारी सरल भाषा में महाकुम्भ में त्रिवेणी मार्ग पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार की आकर्षक डिजिटल प्रदर्शनी में श्रद्धालु जनों को मिल रही है। एनामॉर्फिक वाल, एलईडी टीवी स्क्रीन, एलईडी वाल, होलोग्राफिक सिलेंडर के माध्यम से भारत सरकार की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ सरकार की नयी नीतियों, कानूनों और भारतीय संविधान की भी जानकारी प्रदर्शनी के दर्शकों को मिल रही है। दृश्य-श्रव्य माध्यम से बताया जा रहा है कि नये कानून के तीन आधार न्याय, निष्पक्षता और सामान्य व्यवहार हैं, कानून के हाथ तकनीक के साथ हैं जिसमें न्याय और नागरिक सुरक्षा को महत्व दिया गया है। नये कानूनों में भारत की न्याय व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, कुशल और समकालीन समाज की आवश्यकताओं के अनुकूल बनाया गया है। तीनों नये कानून भारतीय न्याय प्रणाली में ऐतिहासिक बदलाव के प्रतीक हैं, जो साइबर अपराध, संगठित अपराध जैसी आधुनिक चुनौतियों से निपटने और विभिन्न अपराधों के पीड़ितों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए नई संरचना प्रस्तुत करते हैं।

## इविवि के एसोसिएट प्रोफ़ेसर डॉ. पवन शर्मा को मिला जल जीवन मिशन पर रिसर्च प्रोजेक्ट

**प्रयागराज कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के एसोसिएट प्रोफ़ेसर डॉक्टर पवन कुमार शर्मा को भारतीय सामाजिक अनुसंधान परिषद नई दिल्ली की ओर से जल जीवन मिशन पर शोध परियोजना के लिए 10.50 लाख रूपयों का अनुदान प्रदान किया गया है। यह परियोजना केंद्र सरकार की हर घर जल योजना को सुदृढ़ करने के लिए ऐसे स्थानीय जल स्रोतों का पता लगाना है, जिससे देश के चूरू जिला जैसे शुष्क एवं लद्दाख जैसे सीट मरुस्थलीय क्षेत्र में सतत परियोजना आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। परियोजना के निदेशक डॉक्टर पवन कुमार शर्मा ने बताया कि यह परियोजना वैश्विक सतत विकास लक्षण का सबके लिए स्वच्छ पेयजल उपलब्धता के लक्ष्य को पूरा करने की रणनीति पर कार्य करेगी। जो विकसित भारत के दृष्टिकोण को मजबूत करेगी। यह न केवल प्रादेशिक और राष्ट्रीय स्तर पर पेयजल आपूर्ति की वर्तमान स्थिति का मूल्यांकन करेगी बल्कि शुष्क एवं दूरस्थ क्षेत्रों में सतत जलापूर्ति के विभिन्न आयामों पर गहन शोध करेगी। इसके माध्यम से नीति निर्माता का आवश्यक डेटा और सुझाव उपलब्ध करवाए जाएंगे। जो देश के विभिन्न क्षेत्रों में जल प्रबंधन और वितरण प्रणाली में सुधार के लिए सटीक और व्यवहारिक समाधान विकसित करने में सहयोगी होंगे। ये है परियोजना में सम्मिलित टीम जल जीवन मिशन रिसर्च प्रोजेक्ट में प्रोजेक्ट निदेशक डॉ पवन कुमार शर्मा के साथ इस शोध परियोजना में सह प्रोजेक्ट निदेशक डॉ. आर पी सिंह पृथ्वी एवं ग्रहीय विज्ञान विभाग इलाहाबाद विश्वविद्यालय और डॉ. हरनाम सिंह सहायक प्रोफ़ेसर बी.सी गवर्नमेंट कॉलेज फार वूमन, नागल चौधरी हरियाणा शामिल हैं।

# महाकुम्भ में कथावास ही कल्पवासत: स्वामी चिदानन्द सरस्वती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भ नगर। भारत की परम्परा अद्भुत व अलौकिक है। इस अद्भुत परम्परा के प्रवाह को गतिमान व प्रवाहमान बनाये रखने के लिये हमारे पास पूज्य बापू जैसे महान संत हैं। लाखों श्रद्धालु प्रयागराज की पवन धरा पर कल्पवास कर रहे हैं और हमें तो उस कल्पवास में कथावास करने का अवसर प्राप्त हो रहा है, जो बड़े ही सौभाग्य का विषय है। यह बात मंगलवार को परमार्थ निकेतन शिविर अरैल प्रयागराज में राष्ट्रसंत मोरारी बाबू के श्रीमुख से हो रही दिव्य मानस कथा के चौथे दिन स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कही। उन्होंने अपने जीवन व जवानी को ही एक बड़े लक्ष्य के लिये समर्पित कर दिया।

पूज्य बापू के श्रीमुख से हो रही कथा किसी कल्पवास से कम नहीं है। प्रयागराज में श्रद्धालु एक माह या 45 दिनों के कल्पवास के लिये आते हैं। लाखों श्रद्धालु यहां पर कल्पवास कर रहे हैं और हमें तो उस कल्पवास में कथावास करने का अवसर प्राप्त हो रहा है, जो बड़े ही सौभाग्य का विषय है। स्वामी जी ने एक रिपोर्ट का जिक्र करते हुये कहा कि जो लोग संगम के तट पर, गंगा के तट पर कल्पवास करते हैं उनके शरीर में एंटीबाड़ी डेवलप हो जाती है, उनकी प्रतिरोधक क्षमता अच्छी होती है, उनकी इम्यूनिटी अच्छी होती है और ऐसे समय में ऐसे दिव्य पूज्य संतों द्वारा गायी कथा श्रवण करना अद्भुत है बापू का तो जीवन ही श्लोकों से पूर्ण एक महाकाव्य बन गया है। मानस कथा जीवन का ओजस प्रदान करती हैं मानस कथा के चौथे दिन आज पूज्य बापू ने कहा कि वचन, नयन और जीवन ये प्रयाग के जीवन की ओजस्विता है। प्रयाग के जीवन का वैभव ही वैराग्य है। वैराग्य का मतलब सब कुछ छोड़ना नहीं बल्कि शुभ को पकड़ना है। जीवन में कभी भी लाभ रास्ता नहीं शुभ का रास्ता चुनें और जहां से भी शुभ मिले उसे ग्रहण कर ले। संदेश मानस कथा जीवन का ओजस प्रदान करती हैं। इस मौके पर संत स्वामी अवधेशादास जी महाराज, स्वामी डा चन्द्र देवदास जी महाराज और पूज्य संतों का परमार्थ निकेतन, शिविर प्रयागराज में दिव्य अभिनन्दन किया गया।

# संत समाज व संघ मिलकर दुनिया का नेतृत्व करने वाला भारत बनायेंगे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ मेला क्षेत्र के सेक्टर 17 में अखिल भारतीय संत समागम का आयोजन किया गया। संत समागम में देश भर के विभिन्न मत पंथ व सम्प्रदायों से जुड़े संतों ने दो दिनों तक सामाजिक समरसता विषय पर मंथन किया। मंच पर संत, संघ, सरकार के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में न हिन्दू पतितो भवेत का उदघोष किया गया। मंच पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल, अखिल भारतीय सम्पर्क प्रमुख रामलाल व प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के अलावा कई प्रमुख संत मंचासीन रहे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के ?वरिष्ठ प्रचारकों ने समागम में उपस्थित पूज्य संतों पर पुष्पवर्षा कर सम्मान किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व में भारत की पताका फहरा रहे हैं। आज मोदी के नेतृत्व में भारत नित नया कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। संत, संघ व समाज मिलकर दुनिया का नेतृत्व करने वाला



भारत बनायेंगे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सम्पर्क प्रमुख रामलाल ने कहा कि सर्वे भवन्तु सुखिनः, वसुधैव कुटुम्बकम व विश्व कल्याण की भावना यही हिन्दुत्व यही सनातन है। प्राचीनकाल से भारत सनातन राष्ट्र है। आने वाला समय भारत का है। उन्होंने कहा कि संत, संघ व समाज मिलकर दुनिया का नेतृत्व करने वाला भारत बनायेंगे। पूरी दुनिया को लगने लगा है कि भारत दुनिया का नेतृत्व कर सकता है, इसलिए दुनिया भर की ताकतें भारत को कमजोर करना चाहती हैं। इसलिए जो कमियां हैं उसे दूर करते हुए आगामी 10 वर्षों में दुनिया को नेतृत्व दे सकने वाला भारत बनाना है। उन्होंने कहा कि कुम्भ सबका है। हिन्दू समाज में सामाजिक समरसता निर्माण करने के लिए संतों को काम करना है। समाज में हिन्दुत्व की भावना निर्माण करनी है। युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाने की आवश्यकता है। रामलाल ने संतों का आहवान किया कि समाज को धर्म व अध्यात्म के साथ–साथ राष्ट्र व समाज के बारे में बताने की आवश्यकता है। स्वामी जितेन्द्रानन्द सरस्वती ने कहा कि हिन्दू समाज को तोड़ने के अनेक प्रयत्न हुए। सनातन के अन्दर अस्पृश्यता नाम की चीज नहीं थी। 1857 से पहले की कोई भी पुस्तक जातिगत विभाजन से सम्बंधित नहीं है। उन्होंने कहा कि संतों के बीच भेद बांटे गये। ज?बकि रामायणा व महाभारत के रचनाकार इसी पृष्ठभूमि से आते हैं। पंजाब से आयीं साध्वी उर्मिला ने कहा कि जाति पांति के चक्कर में न पड़ें। आपस में छिन्न भिन्न रहेंगे तो धर्म को मजबूत नहीं कर पायेंगे। सेवा सबसे बड़ा धर्म है। मठ मंदिर के चक्कर में न पड़ें । पहले संत बदलें समाज अपने आप बदलेगा। महंत विकास दास ने कहा कि भक्तों का विश्वास संतों पर होता है। समरसता का रास्ता हम नहीं बतायेंगे तो कौन बतायेगा। प्रभु राम ने किसी को छोटा बड़ा नहीं माना।

## भ्रामक तथ्यों को प्रसारित करने एवं महाकुम्भ की छवि धूमिल करने के मामले में दर्ज हुआ मुकदमा

**महाकुम्भ नगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भ्रामक तथ्यों को प्रसारित करके महाकुम्भ की छवि धूमिल करने के मामले में सोमवार की रात महाकुम्भ कोतवाली थाने में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी गई है। यह मुकदमा महाकुम्भ क्षेत्र के अखाड़ा थाने के प्रभारी निरीक्षक की तहरीर पर दर्ज किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महाकुम्भ राजेश द्विवेदी ने बताया कि 16 जनवरी को एक छोटी बच्ची अपने घर से परिवार से बगैर बताए कुम्भ मेला देखने प्रयागराज आ गई थी। मेला क्षेत्र में छोटी बच्ची की मुलाकात एक साधु से हुई। इस बीच बातचीत के दौरान मीडिया के कुछ व्यक्तियों द्वारा फोटो खींचकर वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक तथ्यों को दर्शाते हुए महाकुम्भ व सनातन धर्म एवं छोटी बच्ची के मान सम्मान को नीचा दिखाने के लिए झूठे व भ्रामक सूचना पोस्ट किया गया। यह पोस्ट सोशल मीडिया के एक्स प्लेटफार्म पर भ्रामक तथ्यों को प्रसारित करने एवं महाकुम्भ की छवि को धूमिल किया गया।

## गंगा संरक्षण और जागरूकता का केंद्र बना नमामि गंगे पवेलियन

**महाकुम्भ नगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** महाकुम्भ–2025 में नमामि गंगे मिशन द्वारा प्रयागराज में स्थापित नमामि गंगे पवेलियन में प्रतिदिन काफी संख्या में दर्शकों आ रहे हैं। यह पवेलियन गंगा नदी की स्वच्छता और संरक्षण के लिए जागरूकता फैलाने का अभिनव माध्यम बन चुका है। इस पवेलियन की शुरुआत इंटरएक्टिव बायोडायवर्सिटी टनल से होती है, जो आगंतुकों को गंगा की जैव विविधता और प्राकृतिक सुंदरता का अनुभव कराती है। आधुनिक प्रोजेक्शन तकनीक से सुसज्जित यह टनल गंगा के तटों पर रहने वाले पक्षियों की चहचहाहट और जीवनदायिनी गंगा की महत्ता को दर्शाती है। डिजिटल प्रदर्शनी पवेलियन का मुख्य आकर्षण पवेलियन का मुख्य आकर्षण डिजिटल प्रदर्शनी है, जिसमें गंगा की स्वच्छता और संरक्षण के लिए किए गए विभिन्न प्रयासों को रोचक और शिक्षाप्रद तरीके से प्रदर्शित किया गया है। प्रयाग मंच,जो गंगा–यमुना और उनकी सहायक नदियों के रियल–टाइम डेटा का प्रदर्शन करता है।

# गलत बिलिंग पर होगी सख्त कार्यवाई : आशीष कुमार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उ0प्र0 पावर कारपोरेशन अध्यक्ष डॉ0 आशीष कुमार गोयल ने आज प्रदेश के वितरण निगमों के कार्यों की समीक्षा बैठक में निर्देशित किया कि उपभोक्ताओं को समय से रीडिंग का सही बिल उपलब्ध कराया जाये। उन्होंने कहाकि विद्युत बिल जमा करानें के लिये यह जरूरी है। उन्होंने आई.डी.एफ. बिलों पर गहरा असन्तोष व्यक्त किया। अध्यक्ष ने निर्देशित किया कि ऐसे मीटर रीडर को तत्काल सेवा से हटाया जाये जो 100 से ज्यादा आई.डी.एफ. बिल बना रहें हैं। यह बिलिंग सही नहीं है। इसको बरदास्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने पूर्वांचल में असिस्टेड बिलिंग दोबारा शुरू करने के निर्देश दिये।

एक मुश्त समाधान योजना की प्रगति पर भी अध्यक्ष ने असन्तोष व्यक्त करते हुये निर्देशित किया कि प्रत्येक डिस्काम में सबसे पिछड़े 5 अधीक्षण अभियन्ता एवं 10 अधिशाषी अभियन्ताओं से स्पष्टीकरण लिया जाये कि उनका काम क्यों पीछे है। अध्यक्ष ने बिजली बिल वसूली की समीक्षा करते हुये वसूली को बढ़ाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहाकि उपभोक्ताओं से सम्पर्क कर उनका बिल जमा कराया जाये।अध्यक्ष ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जिन क्षेत्रों में भी पिछले वर्ष की तुलना में लाइन हानियों में बढ़ोतरी होगी वहां मुख्य अभियंता तथा अधीक्षण अभियंता सहित सभी जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्यवाही की जाएगी। बैठक को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष ने कहाकि ट्रांसफार्मर ओवर लोडिंग पूरी तरह खत्म हो।

इसके लिये जहॉ ओवर लोडिंग हो वहॉ ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि की जाये। ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त न हो इसके लिये उनके रखरखाव पर पूरी सजगता बरती जाये और मानकों का पालन किया जाये। समीक्षा बैठक में उन्होंने विद्युत आपूर्ति, राजस्व वसूली, विद्युत चोरी रोकने, सही एवं सबको बिल वितरण तथा उपभोक्ता सेवा के सन्दर्भ में गहन समीक्षा की। शक्ति भवन में सम्पन्न इस बैठक में उ0प्र0 पावर कारपोरेशन के वरिष्ठ अधिकारी तथा सभी वितरण निगमों के प्रबन्ध निदेशक एवं अधिकारी वीडियो कांफ्रेन्सिंग के माध्यम से जुड़े हुये थे।

# आईडीए अभियान को लेकर आयोजित हुआ संवेदीकरण कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राष्ट्रीय फ़ाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत गोसाईगंज ब्लॉक में 10 से 25 फरवरी तक सर्वजन दवा सेवन (आईडीए) अभियान चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत फ़ाइलेरियारोधी दवा खिलाई जाएगी। इसी क्रम में ग्राम मोहारी कला में पेशेंट स्टेक होल्डर प्लेटफोर्म(पीएसपी) के माध्यम से मोहल्ला बैठक आयोजित की गईम इस बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारी(सीएचओ) नेहा वर्मा, फ़ाइलेरिया रोगी, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहेम सीएचओ ने बताया कि पीएसपी स्वयंसेवी संस्था सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफॉर) द्वारा बनाया गया एक ऐसा प्लेटफोर्म है जिसके सदस्य स्वास्थ्य कार्यकर्ता, फ़ाइलेरियारोगी, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, ग्राम पंचायत के सदस्य, कोटेदार, ग्राम प्रधान तथा गाँव के अन्य प्रभावशाली लोग हैं ।यह सभी लोग फ़ाइलेरिया के लक्षण, कारण बचाव और उपचार पर चर्चा करते हैं साथ ही समुदाय को फ़ाइलेरियारोधी दवा खाने के लाभ और सेवन करने के बारे में जागरूक करते हैं। सीएचओ ने बताया कि यह बीमारी यह मच्छर के काटने से होती है। कभी ठीक नही होती है। यह व्यक्ति को आजीवन दिव्यांग बना देती है।सभी लोग फ़ाइलेरियारोधी दवा का सेवन करें और मच्छरों के काटने से बचें। आईडीए अभियान के तहत हर साल फ़ाइलेरियारोधी दवा का सेवन कराया जाता है। इस साल भी 25 फरवरी तक यह अभियान चलेगा । इसमें तीन साल तक, साल में एक बार फ़ाइलेरियारोधी दवा का सेवन कर फ़ाइलेरिया से बचा जा सकता है। खाली पेट दवा का सेवन न करें। अपने अपने क्षेत्र में लोगों को आईडीए अभियान के बारे में विस्तार से बताएं और लोगों को फ़ाइलेरियारोधी दवा खिलाना सुनिश्चित करें। फ़ाइलेरियारोधी दवा सभी का खाना जरूरी है क्योंकि यदि कोई फ़ाइलेरियारोधी दवा नहीं खाता है और उसमें फ़ाइलेरिया के परजीवी हैं तो वह अन्य स्वस्थ लोगों को संक्रमित कर सकता है। संक्रमित मच्छर के काटने के पांच से 15 साल बाद फ़ाइलेरिया के लक्षण दिखाई देते हैं। फ़ाइलेरियारोधी दवा दो साल से कम आयु के बच्चों, गर्भवती और अति गंभीर बीमारी से पीड़ित को छोडकर सभी को खानी है। फ़ाइलेरियारोधी दवा का सेवन करने के बाद में चक्कर आना, जी मिचलाना जैसी समस्या हो सकती है। यह कुछ समय बाद अपने आप ठीक हो जाता हैं सभी से आईडीए अभियान में खुद दवा सेवन करने और अन्य लोगों को सेवन करने में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया गया

# पुण्यतिथि के अवसर पर जरूरतमंदों को कंबल वितरण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजिनी नगर लखनऊ। सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र के गिन्दनखेड़ा निवासी राजू यादव की माता कमला देवी की पुण्यतिथि के अवसर पर जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान ने मौजूद सैकड़ों महिलाओं एवं पुरूषों को शाल व लोई वितरण की और इसके साथ ही वहां मौजूद बच्चों को स्कूल बैग वितरित किये गये। इस अवसर पर भण्डारे का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन ''एक पहल मददगार फाउण्डेशन'' के चेयरमेन राजू यादव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता राधेलाल यादव, सांसद प्रतिनिधि बचान सिंह यादव, राजकुमार यादव, विजय यादव, हरिशंकर यादव, पवन यादव, लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष शशिलेन्द्र यादव, संजय यादव एवं शिवम यादव 'गोलू' के साथ सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# हवन-यज्ञ के साथ श्रीमद्भागवत कथा का समापन, विशाल भंडारे का आयोजन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम , लखनऊ। बबैया गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा का विश्व शांति एवं सर्व कल्याण कामना से समापन हुआ। कथा के समापन पर हवन-यज्ञ एवं कन्या भोज के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान कथा वाचक श्री कृष्णानंद मृदुल जी महाराज ने व्यासपीठ से कहा कि आत्मा को जन्म व मृत्यु के बंधन से मुक्त कराने के लिए भक्ति मार्ग से जुड़कर सत्कर्म करना होगा , हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ साथ मनुष्य को आत्मिक बल मिलता है। कथा के आखिरी दिन रूक्मणी व श्रीकृष्ण विवाह बड़ी ही धूमधाम से सुंदर झाकियों के साथ दिखाया गया, जिसमें पैर पूजन के दौरान लवकुश वर्मा अपनी धर्मपत्नी के साथ पुजा कर मुद्रा व धातु कन्या दान किया साथ में गांव की अन्य महिलाओं व पुरूषों ने रस्म पूरा करते हुए कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। इन सात दिनों में क्षेत्र के तमाम प्रतिनिधि कथा में शरीक हुए मोहनलालगंज क्षेत्र के पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर , नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी , लालपुर निवासी नवीन मिश्रा, समेसी ग्राम पंचायत के प्रधान अशोक कुमार , राकेश गुप्ता समेत क्षेत्र व गांव के तमाम भक्तगण पहुंच कर कथा श्रवण किया। मंगलवार को गांव वालों के सहयोग से कन्या भोज के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

## खिचड़ी भोज का आयोजन



**लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुराना तोप खाना में पुष्पा सिंह महिला मोर्चा पश्चिम दो के आवास पर किया गया खिचड़ी भोज का कार्यक्रम का आयोजन। आपको बता दें कि लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह द्वारा निशुल्क सिलाई सेंटर पर महिलाओं का खिचड़ी भोज के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी महिलाओं को सम्मान के साथ खिचड़ी भोज कार्यक्रम करके भाजपा के द्वारा किये गए कार्यो के बारे में भी चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में महा नगर अध्यक्ष सीता नेगी , महामंत्री अर्चना साहू , नगर उपाध्यक्ष शिवा पाण्डेय , महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष पश्चिम दो पुष्पा सिंह , सकीना अस्करी, मधु शुक्ला , रफत अस्करी सभी भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कांस्य पदक जीतकर आर्षभ देव सिंह ने किया नाम रोशन



**लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नई दिल्ली में 11 से 19 जनवरी तक आयोजित 67वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप के शॉटगन प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के आर्षभ देव सिंह ने कांस्य पदक जीत राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन किया है। राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में आर्षभ देव सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए न सिर्फ कांस्य पदक जीता बल्कि शूटिंग जैसी प्रतियोगिताओं में भी प्रदेश के उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त किया। इस उपलब्धि से आने वाले समय में शूटिंग के क्षेत्र में प्रदेश के अन्य खिलाड़ियों का भी मनोबल बढ़ेगा। प्रतियोगिता का स्वर्ण पदक पंजाब के केशव चौहान जबकि रजत पदक राजस्थान के हर्षवर्धन सिंह ने जीता है। मूल रूप से लखनऊ के निवासी आर्षभ देव सिंह के इस प्रदर्शन से उनके चाहने वालों में खुशी का माहौल है।

## कार से बकरा चोरी करने वाले दो शातिर गिरफ्तार, भेजा जेल

**नगराम, लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बीती 17 जनवरी को नगराम कस्बा से बकरा चोरी कर ले जाने वाले दो कार सवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया , उसके पास से चोरी में संलिप्त चार पहिया वाहन समेत 5020 बरामद हुए हैं। पांच दिन पूर्व नगराम कस्बा निवासी मोहम्मद एजाज के बकरे को दो कार सवार चोरी कर ले गये थे चोरी की घटना की वारदात कस्बा स्थित साधन सहकारी समिति में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी थी, बकरा चोरी होने की जानकारी पीड़ित ने पुलिस को दी। नगराम पुलिस ने कर के नंबर के आधार पर कार सवार सलमान अहमद निवासी सिविल लाइंस बेगमगंज कोतवाली बाराबंकी व मोहम्मद जाकिर निवासी फैजुल्लागंज थाना जहांगीराबाद जनपद बाराबंकी को सोमवार की रात गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को मामले का खुलासा करते हुए नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि जनपद बाराबंकी के निवासी सलमान अहमद व मोहम्मद जाकिर ने बकरे को चोरी किया था दोनों सीसीटीवी फुटेज में कैद हुए वाहन के चलते पकड़े गए हैं , उनके पास से 5020 रुपए भी बरामद हुए हैं दोनों आरोपितों को जेल भेज दिया गया है।

## पुरानी रंजिश में युवक ने युवती को पीटा, हाथ तोड़ने का आरोप

**नगराम, लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र के छोटी खेड़ा गांव की रहने वाली एक युवती को गांव के ही एक युवक ने पुरानी रंजिश के चलते पीट-पीटकर घायल कर दिया मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि मंगलवार को छोटी खेड़ा गांव की रहने वाली संतोष की पत्नी नेहा रावत ने गांव के ही लव कुश के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह बीते सोमवार की रात को घर पर सो रही थी, लव कुश लगभग 1:30 बजे रात को आ गए और पुरानी रंजिश के चलते उससे गाली-गलौज मारपीट करने लगे आरोप लगाया कि लवकुश ने मारपीट के दौरान उसका हाथ तोड़ दिया । प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि नेहा के तहरीर के मुताबिक लव कुश के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है मामले की जांच की जा रही है।

## पुलिस ने सौर ऊर्ज़ा की बैटरी चोरी करने के आरोपी को भेजा जेल



**लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज कोतवाली पुलिस ने कस्बे के मोहल्ला मातन टोला निवासी सूरज मिश्रा पुत्र लाल जी मिश्रा को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बीकेटी,लखनऊ। लखनऊ कमिश्नरेट के महिंगवा थानांतर्गत संदिग्ध परिस्थितियों में बीमार हुए युवक की मौत के पश्चात परिजनों ने शव दफनाने के दूसरे दिन पुलिस से शव को कब्र से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम कराए जाने की गुहार लगाई है।वहीं मामले पर पुलिस कब्र से शव बाहर निकाले जाने की प्रक्रिया में जुटी है,प्राप्त जानकारी के अनुसार अवधेश रावत (25) सटरिंग लगाने का काम करता था।रविवार की सुबह काम करने लखनऊ गया था और रात करीब 11 बजे वापस घर लौटा और लेट गया,अचानक उसे उल्टियां शुरू हो गई तो परिजनों उसका हालचाल पूछा तो बताया कि शटरिंग का काम कर वापस घर आ रहा था बेहटा में दोस्तों के साथ वेज़ बिरयानी खाया था तभी से पेट मे दर्द हो रहा है,उसके बाद सुबह तीन बजे फिर अचानक पेट व सीने में अत्यधिक दर्द और उलझन हुई तो परिजन उसे बीकेटी शाढ़ामऊ स्थित शौ शैय्या अस्पताल ले गए,जहां से उसे बलरामपुर अस्पताल के लिए रिफर कर दिया गया।जहां सोमवार की दोपहर युवक की मौत हो गई।जिसके बाद परिजनों ने शाम को युवक को गढ्ढ़ा खोदकर दफना दिया।परिवारजनों के मुताबिक मंगलवार की सुबह जब वह खेत गए तो खेत में पड़े तख्त के पास लगे पुआल के ढेर में दबा अवधेश का जैकेट मिला फिर आसपास देखा तो कई जगह उल्टियां की हुई मिली,जिसमें हरे रंग का बदबूदार पदार्थ पाया गया।जिससे उन्हें आशंका हुई कि अवधेश को जहरीला पदार्थ खिलाया गया है।जिसकी जानकारी मंगलवार की सुबह पुलिस को दी और शव को कब्र से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम कराए जाने की मांग की।प्रभारी निरीक्षक शिवमंगल सिंह ने बताया कि फॉरेंसिक टीम को मौक़े पर बुलाकर खेत में पड़े उल्टी के अवशेषों को नमूने जांच के लिए एकत्रित किया गया है।वहीं शव को कब्र से बाहर निकलवाने की प्रक्रिया पूरी होने के पश्चात ही शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।

# विधायक ने किया अस्ती रोड़ चौड़ीकरण का शिलान्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बीकेटी, लखनऊ। बीकेटी विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों को सुगम,सुरक्षित और निर्बाध यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराने को लेकर बीकेटी सीतापुर रोड़ से निकलने वाली बहुप्रतीक्षित अस्ती रोड के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण कार्य का वैदिक विधि विधान से बीकेटी विधानसभा क्षेत्र से विधायक योगेश कुमार शुक्ला ने शिलान्यास किया गया।इस मौक़े पर उन्होंने कहा कि अस्ती रोड के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण की क्षेत्रवासियों के द्वारा लंबे समय से माँग की जा रही थी।अस्ती रोड क्षेत्र के मुख्य मार्गों में से एक है,जो यातायात के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है।इसके चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण से न केवल आवागमन सुगम होगा,बल्कि समय और ईंधन की बचत भी होगी।यह परियोजना क्षेत्र में विकास की नई संभावनाओं को जन्म देगी।निर्माण कार्य की शुरुआत से यह सुनिश्चित किया गया है कि सड़क की गुणवत्ता और निर्माण मानकों का पूरा ध्यान रखा जाए,ताकि यह सड़क भविष्य में अधिक टिकाऊ और सुविधाजनक साबित हो सके।यह परियोजना न केवल यातायात सुधार में सहायक होगी, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को भी गति प्रदान करेगी।वहीं इस मौक़े पर मंडल अध्यक्ष बीकेटी संदीप यादव,पूर्व प्रधान राम बहादुर सिंह,राम नरेश सिंह, डिग्गू मिश्रा,मोहन लाल यादव (एमपी)सभासद सहित अन्य पदाधिकारी सम्मानित व्यक्ति मौजूद रहें।

# नवनियुक्त जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट स्थित समस्त पटलों का किया औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । मंगलवार को नवनियुक्त जिलाधिकारी लखनऊ विशाख जी द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित समस्त पटलों का निरीक्षण किया गया।सभी अनुभागों में जाकर उनमें कार्यरत कर्मचारियों/अधिकारियों से संवाद करते हुए उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों की जानकारी ली गई।निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधितों को दिशा निर्देश भी दिए,उन्होंने अपने न्यायालय सहित सभी न्यायालय का निरीक्षण करते हुए पेशकारो से संवाद किया गया और उनके न्यायालय में कौन कौन से एक्ट के वादों की सुनवाई होती है इसके बारे में जानकारी भी ली,जिसके बाद आदर्श कोषागार स्थित बिल सेक्शन,पेंशन अनुभाग,स्टाम्प अनुभाग और डबल लाख कोषागार का भी निरीक्षण किया।वही मुख्य कोषाधिकारी द्वारा बताया गया की आयोग से संबंधित परीक्षाओं की सामग्री भी कोषागार में डबल लॉक में सुरक्षित रखी जाती है।निरीक्षण के दौरान मुख्य कोषाधिकारी से कुल पेंशनर्स की संख्या के सम्बन्ध में भी जानकारी मांगी गई।जिसके सम्बन्ध में बताया गया कि जनपद में लगभग 45000 पेंशनर्स है।जिसमें से कुछ पेंशनर्स का जीवन प्रमाणन प्रमाण पत्र न होने के कारण पेंशन जारी नहीं हो पा रही है।ऐसे पेंशनर्स को नोटिस के माध्यम से सूचना भी दी जा चुकी है।जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए की ऐसे पेंशनर्स जिनका जीवन प्रमाणन सत्यापित नहीं हुआ है उनका डेटाबेस बनाकर आगामी 15 फरवरी पेंशनर्स डे का आयोजन कराते हुए लंबित/रुके हुए पेंशन के प्रकरणों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।इस दौरान कलेक्ट्रेट स्थित नजारत का भी निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान नजारत के सामने लॉन में कुछ निष्प्रयोज्य सामग्री रखी पाई गई।जिसके सम्बन्ध में निर्देश दिया जो भी निष्प्रयोज सामग्री है,उसको शीघ्र नीलामी कराकर हटवाया जाए और लॉन का सौंदर्यकरण इंटरलॉकिंग कराते हुए किया जाए।

कलेक्ट्रेट द्वितीय तल स्थित ऋक्टट्ठ सेल का भी निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए कि द्वद्न्प के कोई भी प्रकरण बियांड टाइम न होने पाए और सभी निस्तारित प्रकरणों का फीडबैक लेना सुनिश्चित किया जाए।उक्त के साथ ही प्रत्येक शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त अपर जिलाधिकारियों और समस्त अपर नगर मजिस्ट्रेट के साथ निस्तारित प्रकरणों का फीडबैक सेशन आयोजित किया जाएगा और प्रति अधिकारी 10-10 प्रकरण निकाल कर उनके शिकायतकर्ताओं से फीडबैक लिया जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा स्वय भी निस्तारण प्रकरणों का सत्यापन किया जाएगा।ई डिस्ट्रिक्ट रूम और ई ऑफिस का भी निरीक्षण किया गया।अपर जिलाधिकारी प्रशासन को निर्देश दिए गए कि सभी पटलों पर जो भी पुराने या खराब कंप्यूटर है,उनको तत्काल बदलते हुए नए डेस्कटॉप कम्प्यूटर उपलब्ध कराए जाए। साथ ही नाजिर कलेक्ट्रेट को निर्देश दिए कि कलेक्ट्रेट परिसर में साफ सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए।साथ ही कलेक्ट्रेट परिसर में लगे सभी अग्निशमन यंत्रों की एक्सपायरी डेट का निरंतर निरीक्षण करते हुए उनको समय सीमा के अंदर बदलवाने की व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाए।निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन,अपर जिलाधिकारी न्यायिक, मुख्य कोषाधिकारी व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# 325 महिलाओं को किया सजावटी मछली पालन और मछलीघर निर्माण में प्रशिक्षित



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो, अनुसूचित जाति उप योजना परियोजना के माध्यम से, कृषि विज्ञान केंद्र उन्नाव में मिशन नवशक्ति 2.0 के अंतर्गत ग्रामीण परिवर्तन का नेतृत्व कर रहा है। वर्तमान में सजावटी मछली पालन और एक्वैरियम निर्माण पर लक्षित, कार्यक्रम बाराबंकी, सीतापुर और उन्नाव की अनुसूचित जाति की महिलाओं के लिए स्थायी सूक्ष्म-उद्यमिता के अवसर पैदा कर रहा है। यह परियोजना इस महीने उन्नाव जिले के औरास और हसनगंज ब्लॉक के आठ गांवों में फैले नारी शक्ति, जय अम्बे, जय मां लक्ष्मी, ज्योति स्वामी, कमल, महिला सरस्वती, जय बालाजी, जय हनुमान, जय संतोषी मां, सुघरदास बाबा, ओराश, राधास्वामी और पूजा नामक 13 स्वयं सहायता समूहों की 51 महिलाओं को प्रशिक्षित कर रही है जिसमें धौरा, चिरैया, मिठेपुर, बंबनखेड़ा, ऊंचद्वार, सिग्नापुर, नवाई, बाराखेड़ा और मिरखेड़ा गाँव की महिलाएं शामिल हैं। उन्हें मौली और गप्पी जैसी लाइवबियरर सजावटी मत्स्य प्रजातियों के पालन की विधि बताई गयी। फरवरी 2024 में बाराबंकी के धनकुट्टी गांव में एक पायलट प्रोजेक्ट के साथ शुरू हुआ यह अभियान अनवरत जारी है जिसमें महिलाएं स्थानीय बाजार लिंकेज के माध्यम से सजावटी मछली उत्पादन और बिक्री करने के योग्य बनी हैं। महिला प्रतिभागियों को इस कार्य में सहायक स्टार्ट-अप किट प्रदान की जाती है, जिसमें यूएसबी चार्जर और एक्वेरियम फैब्रिकेशन एक्सेसरीज के साथ सोलर लाइट शामिल हैं। डॉ. यूके सरकार, निदेशक, भाकृअनुप एनबीएफजीआर ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पूनम जयंत सिंह व डॉ. एल के त्यागी ने किया, इंद्रमणि राजा व डॉ. सुरेश शर्मा ने व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। मिशन नवशक्ति 2.0 ने अब तक इस अभियान में विभिन्न जनपदों की 325 महिलाओं को सजावटी मछली पालन और मछलीघर निर्माण में प्रशिक्षित किया है।

# हर घर जल योजना के अंतर्गत बनीं पानी की टंकी बनी शोपीस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। भारतीय सिक्ख संगठन जिला अध्यक्ष गुरुपाल सिंह ने ज्ञपान के माध्यम से जिलाधिकारी सीतापुर को अवगत कराया है जनपद सीतापुर की ग्राम पंचायतों में भारत सरकार की अति महत्वाकांक्षी हर घर शुद्ध पेयजल योजना का संचालन किया जा रहा है परंतु जिम्मेदारों द्वारा इस योजना को समय से पूर्ण नहीं किया जा रहा है।

जिससे निम्न ग्राम पंचायतों है (1) टेडवा ब्लाक मिश्रिख में कार्य अभी तक पूर्ण नहीं हो सका है (2) रौना विकास खंड हरगांव मैं कार्य अधूरा है लेकिन पूर्ण कार्य कंपनी द्वारा दिखाया गया है (3) दारानगर ऐमीपुर,मलुही विकास खंड खैराबाद में अभी सभी ग्राम पंचायतों में आम जनता को हर घर शुद्ध पेयजल का लाभ प्राप्त नहीं हो सका है। आजाद अधिकार सेना सीतापुर के जिला अध्यक्ष नवल किशोर मिश्रा ने कहा कि जिम्मेदार लोगों द्वारा कार्य पूर्ण होने की अवधि समाप्त हो जाने के बोर्ड पर सफ़ेद पेन्ट लगा दिया गया है।

तथा जहां जहां पाइपलाइन बिछाई गई है उस जगहों की रोड़ की मरम्मत भी नहीं की जा रही है।

जहां मरम्मत कराई गई है वह मात्र खाना पूर्ति की जा रही है जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करके स्वच्छ जल ग्राम वासियों को प्राप्त कराया जाये यदि जल्द कार्य पूरा न होने पर संयुक्त किसान मोर्चा मजबूरन धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होगा जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी ज्ञापन के समय हरदेव सिंह सुशील कुमार कामता प्रसाद सुशील कुमार रामचरण अभय प्रताप सिंह बीडीसी आदि लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत परिवहन विभाग द्वारा वाहन चेकिंग का सघन अभियान चलाया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत परिवहन विभाग द्वारा तहसील प्रशासन के समन्वय से वाहन चेकिंग का सघन अभियान चलाया गया। उप जिलाधिकारी, सदर अभिनव कुमार यादव के नेतृत्व में ओवरलोड वाहनों व सड़क पर अवैध रूप से खड़ें वाहनों की जॉच की गयी।

जॉच के दौरान 05 वाहनों को सीज कर कुल 09 वाहनों का चालान काटा गया। उप जिलाधिकारी सदर ने चालको को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि यातायात के नियम सड़कों पर हादसों को रोकने में सहायक है।

ओवरलोडिंग गाड़ियों के साथ मार्गो को भी खराब कर देती है, जिससे हादसों की सम्भावना बढ़ जाती है। पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर अमन सिंह ने कहा कि यातायात के नियमों को अपनाकर सड़क हादसों को कम किया जा सकता है। एआरटीओ (प्रशासन) माला बाजपेयी ने कार्यवाही की जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत लोगो को जागरूक करने के साथ यातायात नियमों को तोड़ने वालों के विरूद्ध एमवी एक्त के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जा रही है ।

# खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्रनाथ प्रजापति के दिशा निर्देश में ब्लॉक स्तर पर नॉलेज शेयरिंग का हुआ आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कसमंडा । ब्लॉक संसाधन केंद्र कसमंडा पर एक दिवसीय नॉलेज शेयरिंग कार्यक्रम का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्रनाथ प्रजापति के दिशा निर्देशन में किया गया ब्लॉक के समस्त विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा अपने विद्यालयों में किया जा रहे हैं नवाचारों का प्रदर्शन किया गया शिक्षकों द्वारा नई शिक्षा नीति पर आधारित व 21वीं सदी की दक्षताओं को ध्यान में रखकर आकर्षक व ज्ञानवर्धक टीएलएम व मॉडल प्रस्तुत किए गए हैं खंड शिक्षा अधिकारी एवं एआरपी द्वारा टीएम मॉडलों का अवलोकन किया गया तथा शिक्षकों का उत्साह वर्धन किया गया है इस अवसर पर ब्लॉक के ए आर पी हिमांशु शुक्ला, नीलम वर्मा, सहित विद्यालयों के अध्यापक मौजूद रहे।

# देश की आत्मा है भीमराव अंबेडकर का दिया संविधान : लक्ष्मी देवी गुप्ता

❐ बाबा साहेब के बनाए संविधान में सभी को बराबरी का अधिकार : लक्ष्मी देवी गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पलियाकलां-खीरी। नगर पालिका परिसर के सभागार में संविधान गौरव समारोह के तहत डाक्टर अम्बेडकर वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण व धूप दीप के साथ आरम्भ किया गया।मुख्य अतिथि लक्ष्मी देवी गुप्ता अध्यक्ष नगर पालिका परिषद ने और सभा के संयोजक चन्दन लाल वाल्मीकि ने संयुक्त रूप से नौखे लाल गौतम, सुरेश वाल्मीकि, प्रेम प्रकाश कनौजिया,बाल कृष्ण राणा बीडीसी, किशोर भार्गव को सम्मानित किया गया।सभा में बतौर मुख्य अतिथि लक्ष्मी देवी गुप्ता ने कहा कि बाबा साहेब अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के लिए ही नहीं बल्कि महिलाओं के वरदान से कम नहीं हैं, उनकी जनमानस में लोकप्रियता किसी के कहने से कम होने वाली नहीं है। हमारा संविधान हम सब का स्वाभिमान है। संयोजक चन्दन लाल वाल्मीकि ने कहा कि कहा कि बाबा साहेब ने संविधान में आरक्षण की व्यवस्था सिर्फ हिन्दू दलितों को ही देने का कार्य किया। कांग्रेस और उनके सहयोगी दलों ने संविधान को खतरा बता कर भारतीय जनता पार्टी की सरकार को बदनाम करने का काम किया वहीं भारतीय संविधान को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने सर आंखों पर रखने के साथ बाबा साहेब के जीवन से जुड़े पंच तीर्थ बना का कर सम्मान किया।कार्यक्रम के सह संयोजक मुन्ना लाल वाल्मीकि ने कहा भाजपा ने संविधान का गौरव बढ़ाया जबकि कांग्रेस ने ढोंग किया। सहसंयोजक श्री कृष्ण भास्कर ने सभा का संचालन करते हुए कहा कि संविधान की रक्षा और सम्मान भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने ही क्या कांग्रेस ने संविधान की प्रति हाथ में लेकर सिफ तमाशा करने का काम किया। संयोजक चंदन लाल वाल्मीकि ने सभा के अंत में संविधान की उद्देशिका का उच्चारण कर सभी को अनुसरण करा कर संविधान की रक्षा का संकल्प दोहराया। बाबा साहब के अनुयाइयों से खचाखच भरे सभागार में विजय गुप्ता, वरुण गुप्ता, बालकृष्ण राणा,वरुण मिश्रा, अरुण कुमार, मयंक,राम खिलावन,सीताराम,मनोज वाल्मीकि, रिंकल कुमार, रागिनी, मीता, सीमा, ममता, पप्पु, सुधीर आदि उपस्थित रहे।

# बिना खाता धारक के बैंक से उड़ाएं गए लाखों रूपये

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। महोली कस्बा स्थित इंडियन बैंक शाखा अपने कारनामों को लेकर हमेशा चर्चा का विषय बनी रहती है। इण्डियन बैंक कभी लोन पास कराने को लेकर मांगी गई रिश्वत तो कभी बिना खाता धारक के ही पैसे निकलने के आरोपों से मुक्त नहीं हो पा रही है । मिली जानकारी के मुताबिक रेखा देवी निवासी मास्टर कॉलोनी के पति मुकेश गुप्ता एक व्यापारी हैं रेखा देवी ने अपना बचत खाता इंडियन बैंक महोली शाखा में खुलवाया था रेखा देवी के बिना बैंक गए, बिना किसी बाउचर के भरे ही खाते से तीन बार में 7, 67,000 (सात लाख सड़सठ हजार) रुपए उड़ा दिए गए 14 अगस्त 2024 को खाते से पहले 2 लाख रूपये निकाले गए फिर 2 लाख बीस हजार व तीसरी बार में 3 लाख सैंतालीस हजार रूपये निकाल लिए गए पीड़िता को शक होने पर बैंक पहुंची स्टेटमेंट से पता चला कि पीड़िता के साथ बड़ा खेला हुआ है रेखा देवी ने सोमवार को मिश्रिख सभागार तहसील दिवस में जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर शाखा प्रबंधक शिवम त्रिपाठी व उप शाखा प्रबंधक अंकित सहित कैशियर की मिली भगत से पैसे हड़पने का आरोप लगाया है फिलहाल जिला अधिकारी अभिषेक आनंद ने मामले को संज्ञान लेकर डी एल एम को जांच के निर्देश दिए हैं। सूत्रों की माने तो इण्डियन बैंक महोली शाखा में बिना कमीशन के कोई काम संभव नहीं है लोन पास कराने के नाम पर बैंक के बाहर लगे दलालों द्वारा 10% मांगा जाता है अगर आप पहले पैसा देने में सक्षम नहीं हैं तो बैंक से आपका लोन रिजेक्ट हो जाता है । समूह लोन की फाइलें पास हो जाती हैं पैसा समूह के बचत खाते में दिखता है लेकिन बिना कमीशन के वह खाते से निकल नहीं पाता यही कहा जा सकता है कि इंडियन बैंक महोली के कर्मचारी शायद अपनी तनख़ाह से संतुष्ट नहीं हैं जो इनको मजबूरन उठाने पड़ते हैं भ्रष्टाचारी कदम।

## टैकंर ने स्कूली वैन मे मारी जोरदार टक्कर



**नैमिषारण्य कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना नैमिषारण्य की पुलिस चौकी बेलहरी क्षेत्र गौरिया मे एक विद्यालय है उसी विद्यालय के अध्यापक बच्चो को पढा रहे थे रोड के किनारे विद्यालय की बैन खड़ी थी पियना की तरफ से आ रहा दूध टैकंर वैन में जोर दार टक्कर मारी दी जब बच्चों को पढा रहे अध्यापक दूध टैंकर ड्राइवर से कहा की धीमी गति मे चला करिये। दूध टैकंर ड्राइवर गाड़ी से निकला और अध्यापक को पीटना शुरू कर दिया। बच्चों ने जब शोर मचाया तो गांव वाले मौके पर पहुच कर पुलिस को सूचना दी और पुलिस अध्यापक को थाने ले गई बच्चो से पुलिस गलत शब्दो का प्रयोग किया चौकी प्रभारी बेलहरी देखा पुलिस को ये नही पता क्या करना चाहिए। बच्चों ने न्याय की गुहार लगाई है अब देखना यह है कि बच्चों को न्याय मिल पायेगा या नही

## मृतक छात्रा के परिजनों को मुख्यमंत्री ने घोषित की 02 लाख रुपये की आर्थिक मदद

**फतेहपुर।** जिले में मंगलवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बिन्दकी की शैक्षणिक यात्रा पर कानपुर जा रही बस खड़े ट्रेलर से टकरा गई। छात्राएं व विद्यालय स्टॉफ समेत 14 छात्राएं घायल हो गयीं। गंभीर रूप से घायल एक छात्रा की इलाज के दौरान कानपुर के हैलट अस्पताल में मौत हो गई। घटना को तत्काल संज्ञान में लेते हुए मुख्यमंत्री ने मृतक छात्रा के परिजनों को 02 लाख रुपये की आर्थिक मदद प्रदान की है। यह टक्कर औग़ के पास नेशनल हाईवे -2 पर खड़े ट्रेलर से टक्कर हो गई। इसके पश्चात घायल छात्राओं को मेडिकल टीम व जिला विद्यालय निरीक्षक के साथ कानपुर रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान कक्षा - 11 की छात्रा नसरा फातिमा की मृत्यु हो गई। अन्य घायल 11 छात्राओं व 03 स्कूल स्टॉफ का चिकित्सकों की निगरानी में इलाज चल रहा है। वे सब खतरे से बाहर हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छात्रा नसरा फातिमा के परिजनों को 02 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है।

## प्रेम में मिली बेवफाई के चलते आरोपित ने की थी लिव इन पार्टनर की हत्या, गिरफ्तार

**कानपुर।** हरबंस मोहाल थाना क्षेत्र के गड़रिया मोहाल में शनिवार को अपनी मंगेतर प्रिया कठेरिया की गोली मारकर हत्या करने वाले आरोपित अजय मिश्रा को पुलिस ने गंगाघाट पुल से मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि प्यार में मिली बेवफाई के चलते उसने प्रिया को मौत के घाट उतारा है, जिसका उसे कोई पछतावा नहीं है। पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने पत्रकारों को बताया कि गड़रिया मोहाल में किराए के कमरे में रहने वाला आरोपित अजय मिश्रा उर्फ अजय शास्त्री और चमनगंज में रहने वाली प्रिया कठेरिया बिना शादी किये लिव इन में रह रहे थे। अगले महीनों दोनों की शादी भी होनी थी, लेकिन आरोपित अजय को प्रिया के चाल-चलन पर शक था। इसलिए बीते कुछ समय से दोनों में खूब झगड़ा भी होता था। रोज-रोज के झगड़े से तंग आकर उसने अपनी मंगेतर को रास्ते से हटाने का प्लान बनाया और शनिवार को जब प्रिया उससे मिलने हरबंश मोहाल पहुंची तो दोनों के बीच खूब झगड़ा हुआ। इसी दौरान उसने प्रिया की गोली मारकर हत्या कर फरार हो गया। पूर्वी जोन की पुलिस और सर्विलांस की सहायता से आरोपित को शुक्लागंज गंगापुल से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपित ने अपना गुनाह कबूल करते हुए बताया कि प्रिया के लिए अपनी पत्नी को तलाक भी दे दिया था, लेकिन फिर भी वह मेरे ऊपर शक करती थी। जबकि उसका खुद चाल चलन सही नहीं था इसलिए उसे मार डाला जिसका मुझे कोई अफसोस नहीं है। उसने बताया कि प्रिया को मारने के बाद घर से कुछ दूरी पर ही हत्या में प्रयुक्त कट्टा फेंक दिया था, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। अब पुलिस उसे न्यायलय के समक्ष पेश कर जेल भेजने की तैयारी कर रही है।

## गैंगस्टर एक्ट के आरोपित दोषी को दो साल की सजा, पांच हजार रुपये जुर्माना

**मुरादाबाद।** जिले के थाना छजलैट क्षेत्र में एक साल पहले दर्ज हुए गैंगस्टर एक्ट के केस में अपर जिला जज-छह गैंगस्टर कोर्ट के न्यायाधीश सियाराम चौरसिया की अदालत ने मंगलवार को दोषी को दो साल की सजा सुनाई। साथ ही उस पर पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। विशेष लोक अभियोजक राजीव त्यागी ने बताया कि थाना छजलैट एसएचओ अनंगपाल सिंह ने 15 दिसंबर 2023 को बिलारी के स्योडारा निवासी शकील के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट का केस दर्ज किया था। मामले की सुनवाई अपर जिला जज-छह गैंगस्टर कोर्ट के न्यायाधीश सियाराम चौरसिया की अदालत में चल रही थी। मंगलवार को न्यायाधीश सियाराम चौरसिया की कोर्ट ने आरोपित शकील को भी दोषी करार देते हुए दो साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई व पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

## हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं आदेश के लिए जागरूकता अभियान

**वाराणसी।** नो हेलमेट-नो पेट्रोल के आदेश के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए मंगलवार को वाराणसी पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने मकबूल आलम रोड चौकाघाट में एक कार्यक्रम आयोजित किया। जागरूकता अभियान में शामिल होमगार्ड के जिला कमांडेंट,जिला पूर्ति अधिकारी,इंडियन आयल के डिविजनल हेड,चीफ मैनेजर ने डीलरों को भी नो हेलमेट-नो पेट्रोल के आदेश जागरूक किया। एसोसिशएशन के महामंत्री महेन्द्र सिंह और रणविजय सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य दोपहिया वाहनों के चालकों को जागरूक करना और हेलमेट लगाने के फायदे को बताना रहा। वाहन चालकों को बताया गया कि हेलमेट नहीं लगाने पर दुर्घटना में सिर में गंभीर चोट लगने के साथ जान भी जा सकता है। वहीं,अभियान में सड़कों पर हेलमेट नहीं पहनने वाले दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहना कर भविष्य में भी वाहन चलाते समय इसे पहनने की शपथ दिलाई गई। इस अभियान का संचालन एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद सिंह ने किया। बताते चलें कि प्रदेश में 10 जनवरी को नो हेलमेट-नो पेट्रोल के लिए आदेश जारी हुआ था। आदेश के 11 दिन बाद भी पेट्रोल पंप पर दो पहिया वाहन चालकों को पेट्रोल बिना हेलमेट के आसानी से मिल रहा है।

## चलती बस में महिला यात्रियों से चेन छीनने वाली महिला गिरोह गिरफ्तार

**हरदोई।** चलती बस में महिला यात्री के गले से चेन छीनने वाली शातिर महिला को पुलिस ने धर दबोचा। उसके पास से महिला यात्री की चोरी की गई चेन बरामद हुई है। आरोपित महिला की निशानदेही पर पुलिस ने उसके गैंग की तीन अन्य महिलाओं की गिरफ्तारी की है। मंगलवार को पुलिस ने मामले का पर्दाफाश करते हुए गिरफ्त में आई चारों चोर महिलाओं को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि 20 जनवरी को सीतापुर जनपद के गुड़िया टोला निवासी पूजा कश्यप अपने घर जाने के लिए जिंदपीर चौराहे से बस में सवार हुई थी, तभी उसके गले से किसी ने सोने की चेन पार कर दी थी। इस पर पूजा ने बस में सवार कुछ महिलाओं पर चेन चोरी करने का आरोप लगाते हुए स्थानीय थाने में तहरीर दी थी। मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने पुलिस को निष्पक्ष कार्रवाई किए जाने का आदेश दिया। इसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से महिलाओं की पहचान कराई। जिसके आधार पर पुलिस ने कछौना कोतवाली के नटपुरवा गांव निवासी आरती, वैशाली, संगीता और रिंकी को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपित महिलाओं ने अपना जुर्म स्वीकार किया है। इसके बाद पुलिस ने गिरफ्तार महिलाओं को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## पुलिस का अवैध हुक्का बार पर छापा, दो युवक गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** कौशाम्बी पुलिस टीम ने मंगलवार को एक अवैध हुक्का बार में छापा मारकर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 08 हुक्का, 08 हुक्का की प्लेट, 05 हुक्का की पाईप, फ्लैवर्ड तम्बाकू के मिश्रण से भरी हुई 02 चिलम, खाली 01 रवड़ की चिलम, 10 फ्लैवर्ड तम्बाकू पैकेट व अन्य सामग्री बरामद हुई ।एसीपी ने बताया कि थाना कौशाम्बी पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान अवैध रूप से संचालित हुक्का बार में छापा मारा और वहां से हिमांशु रावत निवासी ग्राम अटोर का नगला तथा आर्यन निवासी मकनपुर थाना इन्दिरापुरम को गिरफ्तार किया।

# प्रेमी संग फरार किशोरी को पुलिस ने किया बरामद,केस दर्ज, आरोपी फरार




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिगाही-खीरी। कस्बे के एक मोहल्ला की नाबालिग किशोरी को कस्बे का ही एक युवक अपने प्रेम जाल में फंसा कर किशोरी को साथ लेकर रफू चक्कर हो गया किशोरी के पिता ने युवक पर लड़की को बहला फुसला कर भाग ले जाने और पच्चास हजार रुपए एक तोला सोना साथ में ले जाने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने मामले में लड़के के घर पर दबिश देकर किशोरी को बरामद कर लिया है। जानकारी मुताबिक रविवार रात को सिगाही कस्बे के छावनी मोहल्ले के रहने वाले युवक अंश भटनागर ने कस्बे के ही एक मोहल्ले की दूसरे समुदाय की नाबालिक किशोरी को अपने प्रेम जाल में फंसा कर उसे साथ लेकर फरार हो गया। नाबालिक किशोरी के पिता ने सिंगाही पुलिस को तहरीर देकर लड़की को बहला फुसला कर भागा ले जाने का आरोप लगाया था।

### क्या बोले जिम्मेदार

सिंगाही थाना ध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि आरोपी युवक के घर पर दबिश देकर किशोरी को बरामद कर लिया गया है सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। किशोरी को मेडिकल प्रशिक्षण के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है।मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर किशोरी बरामद कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। लड़का फरार है लड़के की तलाश की जा रही है।

# अर्थदण्ड व ब्याज माफी योजना का लाभ उठायें व्यापारी : उपायुक्त जीएसटी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पलियाकलां-खीरी। जीएसटी अर्थदण्ड व ब्याज माफी योजना शासन द्वारा व्यापारी हित मे चलायी गयी है जिसके अंतर्गत उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिनाँक 01 जुलाई 2017 से 31 मार्च 2020 तक की अवधि में जीएसटी अधिनियम की धारा 73 के अंतर्गत कर अर्थदण्ड व ब्याज की मांग को शर्तों के आधीन दिनाँक 31 मार्च 2025 तक जमा कर समाप्त किया जा सकता है उक्त उद्गार जीएसटी कार्यालय पलिया के नवागत उपायुक्त सी. एस. वर्मा ने वस्तु एवं सेवा कर कार्यालय के विद्वान अधिवक्ताओं के साथ औपचारिक बैठक के दौरान व्यक्त किये। उपायुक्त ने अधिवक्तागणों से आह्वान किया कि वह व्यापारियों को योजना का लाभ लेने हेतु अधिक से अधिक प्रोत्साहित करें व बतायें कि उपरोक्त अवधि के मध्य धारा 73 अन्तर्गत पारित आदेश का लाभ लेने हेतु कोई अपील नहीं दाखिल की जाती है अथवा लम्बित अपील को वापस ले ली जाती है तभी व्यापारी को ब्याज व अर्थदण्ड की छूट प्राप्त हो सकेगी। बैठक दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेम प्रकाश अग्रवाल, राधेश्याम जायसवाल, गगन मिश्रा, अंकुर गोयल, संजय गर्ग, पंकज गुप्ता आदि अधिवक्ताओं द्वारा योजना के तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक के संदर्भ में अधिवक्ता प्रेम प्रकाश अग्रवाल एवं गगन मिश्रा ने संयुक्तरूप से बताया कि जीएसटी एमनेस्टी योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2017-18, 2018-19 और 2019-20 में नोटिस प्राप्त कारोबारियों को बड़ी राहत दी जा रही है, उन्हें केवल बकाया टैक्स जमा करना होगा, जबकि ब्याज और जुर्माना सरकार द्वारा माफ किया जायेगा।

# प्रधान पर आवास के बदले घूस मांगने का आरोप

❐ फूस के झोपड़ी के नीचे पूस की रातें काटने को मजबूर गरीब परिवार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोला गोकर्णनाथ-खीरी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनकल्याणकारी प्रधानमंत्री आवास योजना भ्रष्टाचार के गिरफ्त में आती दिख रही है।प्रधानमंत्री आवास योजना में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है।सदर ब्लाक की ग्राम पंचायत तुसौरा में ग्राम प्रधान द्वारा प्रधानमंत्री आवास दिलाने के बदले रुपयों की मांग किये जाने का आरोप एक गरीब परिवार ने लगाया है।पांच सदस्यों का गरीब परिवार बिन घूस के फूस के मकान में रहने को मजबूर है। मीडियाकर्मियों को दी गई जानकारी में ग्राम तुसौरा में रहने वाले छोटेलाल व गोमती देवी ने ग्राम प्रधान पर आवास दिलाने के एवज में बीस हजार रुपये माँगने का गम्भीर आरोप लगाया है।

मामला जो भी रहा हो छोटेलाल अपनी पत्नी गोमती देवी अपने तीन बच्चों के साथ फूस व त्रिपाल की बनी झोपड़ी में बारिस व सर्दी की रातें गुजारने पर विवश हैं।वहीं जनता की सेवा के लिए जनता द्वारा चुनी गयीं महिला ग्राम प्रधान शालिनी देवी पंचायत के कार्यों से दूर रहती हैं सरकार द्वारा महिलाओं को दिये जा रहे समान अधिकार व आरक्षण सिर्फ कागजों के आंकड़ों को ही पूरा करते हैं।अपने को प्रधान प्रतिनिधि बता प्रधानपति मनोहर लाल पप्पी जनता की सेवा भूल गए, झोपड़ी में राते गुजारने वाले गरीब मजदूर परिवार से आवास के बदले बीस हजार रुपये की डिमांड रखी,रुपये न दे पाने पर अब तक गरीब परिवार फूस के बने घर में राते गुजारने को मजबूर है वहीं ग्राम पंचायत के आवास के लाभार्थियों ने भी नाम न छापने की शर्त पर प्रधान द्वारा आवास के बदले रुपये लेने की बात स्वीकार की है। क्या कहते हैं प्रधान प्रतिनिधि मनोहर लाल पप्पी ने बताया कि उनका नाम सूची में था।उनका नाम जावकार्ड आलरेडी में हुआ है।इसका कारण क्या है इस पर स्पष्ट जानकारी नहीं दे सके।आवास के बदले रुपये को गलत बताया।पंचायत सचिव मीतू मिश्रा ने बताया कि मेरे पास छोटेलाल या गोमती देवी का आवेदन नही आया,आवासों की सर्वेक्षण का कार्य चल रहा है, मै स्वंम उनके घर जाकर उनका आवेदन आगे भेज देंगे। लखीमपुर खंड विकास अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने बताया कि यह मामला जानकारी में नही है, इसकी जाँच करा सर्वे कराया जायेगा किन कारणों से गरीब परिवार को आवास नही मिला।पैसा माँगने की यदि शिकायत मिलती है तो जांच की जाएगी।

# संविधान भारत की एकता और अखंडता का प्रतीक : कांता कर्दम

एजेंसी



गाजियाबाद। भारतीय जनता पार्टी द्वारा नागरिकों में संविधान के प्रति जागरूकता और गर्व की भावना बढ़ाने के उद्देश्य से ''संविधान गौरव अभियान'' की शुरुआत की गई। इस अभियान का उद्देश्य भारत के संविधान की गरिमा, मूल अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति आम जनता को जागरूक करना है। इसी कड़ी में भाजपा महानगर ने विजयनगर स्थित उत्सव भवन में मंगलवार को एक संविधान गौरव अभियान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश की उपाध्यक्ष एवं पूर्व एमएलसी कांता कर्दम मौजूद रही। उन्होंने कहा कि संविधान न केवल भारत की एकता और अखंडता का प्रतीक है, बल्कि यह हर नागरिक के अधिकारों और दायित्वों का आधार भी है। भाजपा और भाजपा समर्थित सरकारों ने सदैव संविधान रचयिता बाबा साहब के सम्मान में प्राथमिकता से कार्य किया। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस ने अपनी सोची-समझी रणनीति के आधार पर बाबा साहब के अपमान में कोई कसर नहीं छोड़ी और उन्हें हमेशा शीर्ष होने पर भी नजरअंदाज किया। कांता कर्दम ने आगे कहा जिन्होंने कभी भी संविधान रचयिता बाबा साहब का सम्मान नहीं किया हो, वह ही आज शोर मचाकर संविधान की रक्षा की गारंटी ले रहे हैं जिन्होंने खुद अपने कार्यकाल में 11 बार संविधान को बदला हो, आज वह संविधान की रक्षा की दुहाई दे रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ नेता बलदेव राज शर्मा अमर दत्त शर्मा पूर्व मेयर आशा शर्मा पूर्व डिप्टी मेयर राजेश्वर प्रसाद क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी, प्रदीप चौहान कार्यक्रम के महानगर संयोजक एवं महानगर महामंत्री सुशील गौतम , महानगर उपाध्यक्ष बॉबी त्यागी, मोर्चा के अध्यक्ष अनिल कल्याणी, सचिन डेढ़ा,रेनू चंदेला, संजय रावत, पंकज भारद्वाज, सुमन सिंह, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी सहित वार्ड जनप्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री वाले विभाग पीडब्लयूडी में लग रहे भ्रष्टाचार के आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ पूर्व एमएलसी जयेश प्रसाद ने पीडब्ल्यूडी विभाग पर लगाये गम्भीर आरोप

शाहजहांपुर। जिस विभाग को स्वयं मुख्यमंत्री संभाल रहे है उस विभाग पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जा रहे है जिसकी शिकायत पूर्व एमएलसी जयेश प्रसाद ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर की है। उन्होंने सीएम योगी आदित्यनाथ को शिकायती पत्र भेजकर पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता पर भ्रष्टाचार के गम्भीर आरोप लगाए हैं। पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड-01 के अधिशासी अभियंता पर ठेकेदारों से मिलीभगत कर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। पूर्व एमएलसी जयेश प्रसाद ने कहा कि सरकार ज़ीरो टारलेंस की नीति के तहत काम करने का दावा करती है, उन्होंने कहा उनके पास सबूत है जिसके आधार पर ही शिकायत की गई है। तथ्यों के आधार पर 17 बिंदुओं पर शिकायत करने के बाबजूद भी अभी तक किसी अधिकारी ने जांच शुरू नहीं की है। पूर्व एमएलसी जयेश प्रसाद ने बताया कि इससे पहले भी उन्होंने एक अधिशासी अभियंता की शिकायत की थी, उसका तबादला तो कर दिया गया पर भ्रष्टाचार बन्द नहीं हुआ। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा है कि जो विभाग आप देख रहे है उसमे अफसर भ्रष्टाचार करके आपकी छवि को धूमिल कर रहे है।

# साइबर अपराध से व्यापारी हुआ परेशान घटनाओं का शीघ्र हो खुलासा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



इटावा। पुलिस लाइन नवीन सभागार में सी ओ सिटी रामगोपाल शर्मा की अध्यक्षता में व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित की गई।अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन ने साइबर अपराध की घटनाओं को प्रमुख प्रमुखता से उठाया उन्होंने कहा व्यापारियों के साथ साइबर अपराध की घटनाएं निरंतर बढ़ती जा रही है साइबर अपराध से पीड़ित व्यापारियों को न्याय मिलना चाहिए ।साइबर अपराध पर रोक लगे इस संबंध में जन जागरूकता अभियान पुलिस प्रशासन को चला कर लोगों को जागरूक करना चाहिए साइबर अपराधियों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाए।जिला प्रवक्ता इकरार अहमद ने कहा सर्दी को देखते हुए शहर के प्रमुख चौराहे पर अलाव की व्यवस्था की जाए। रामगंज, साबितगंज, नौरंगाबाद चौराहा आदि चौराहों पर आवारा पशुओं एवं राहगीरों को सर्दी से राहत मिल सके और सुंदर पुर मोड़ पर बिजली फीडर को जाने वाली टूटी रास्ता को मरम्मत कराये जाने की मांग की गई ।युवा जिला महामंत्री रंजीत कुशवाहा ने कहा व्यापारियों को सुरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस दिए जाएं। बैठक में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन, जिला प्रवक्ता इकरार अहमद, जिला उपाध्यक्ष प्रवीण दूवेदी, लल्लू वारसी, विकास, राघवेंद्र सिंह राठौर,जिला मंत्री संजीव राजपूत,जिला मंत्री विजनेश शुक्ला नगर अध्यक्ष बीना,मो0उवैश युवा नगर मंत्री, राजकुमार भदौरिया, अजय तोमर, यासीन चौधरी रिंकू,सौरभ राठौर, वसीम राईन, राजू, श्री कृष्णा आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

# विधायक व राजस्व विभाग के साथ निराश्रित ग्रामीणों को बांटे कंबल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



खुटार। सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत ठंड से बचाव के लिए निराश्रित बूढ़े, बुजुर्ग, दिव्यांग, वृद्ध, विधवा आदि लोगों को ठंड से बचाने के लिए राजस्व विभाग की ओर से गांव-गांव पहुंच कर ऐसे लोगों को कंबल वितरित करने की योजना को लेकर पुवायां विधायक चेतराम, एसडीम संजय पांडेय, नायब तहसीलदार अमित कुमार, थाना प्रभारी आरके रावत व भाजपा पदाधिकारी गणों के साथ मिलकर रसवा कला, राठ, रुजहा कला, गेहूंआ, रायपुर पटियात, महेशपुर, अटकोना, पिपरिया भागवन्त, दिलीपपुर के ग्रामीणों को कुम्भिया माफी में बुलाया गया। जहां पर ग्यारह गांव के निराश्रितों को एक हजार कंबल वितरित किए गए। विधायक चेतराम ने बताया कि भाजपा सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत कड़कती ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरित करने की योजना शुरू की गई है। जिससे निराश्रित लोगों को इसका सीधा लाभ दिया जा रहा है। कंबल वितरण कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष इंद्रदेव पटेल, राम प्रकाश मिश्र सुआ, आशीष सिंह डब्बू भैया, भाजपा नेता श्यामा कांत गुप्ता, एडवोकेट देवेश गुप्ता, अनिल गुप्ता, दिवाकर सिंह कल्लू, मनोज वर्मा, प्रेम सागर मिश्र सहित कई गण मान्य लोग मौजूद रहे।

# ट्रक में लदे हुए बिजली ट्रांसफार्मरों से तेल चोरी में ढाबा संचालक गिरफ्तार

❒ सीओ नागेंद्र चौबे के नेतृत्व में की गई कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



फ़ोटोः क्षेत्राधिकारी नागेंद्र चौबे जानकारी देते हुए

जसवंतनगर। थाना पुलिस ने हाईवे पर मलाजनी के पास एक ढाबे पर ट्रकों में लदे बिजली के ट्रांसफार्मरो से तेल की चोरी करने वाले एक अभियुक्त को चुराये गए तेल से भरे चार ड्रम,पाइप रबर,कीप सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा। बीती रात क्षेत्राधिकारी नागेन्द्र चौबे के निर्देशन में थाना पुलिस वांछित वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु ग्राम दुढहा तिराहे पर खड़े होकर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी।तभी सीओ नागेंद्र चौबे को मुखविर द्वारा सूचना मिली कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित एक ढाबे पर खड़े ट्रकों में लदे ट्रांसफार्मरो से ट्रक ड्राइवर की मिली भगत से तेल निकाला जा रहा है ढाबा मालिक सस्ते दामों में खरीद कर महंगे दामों में बेचकर लाभ कमाता है।सीओ ने तुरंत ही प्रभारी निरीक्षक राम सहाय ,उपनिरीक्षक ललित चतुर्वेदी मय फोर्स ढाबे पर भेजा। पुलिस को देख भगदड़ मच गई पुलिस ने घेराबंदी कर ढाबा संचालक सर्वेश यादव पुत्र रामनाथ यादव निवासी केवाला को गिरफ्तार कर लिया जब ढाबे की तलाशी ली गई तो ढाबे से चार ड्रम तेल से भरे हुए लगभग 650 लीटर ट्रांसफार्मर तेल तथा एक कीप व दो रबड़ के पाइप मौके से बरामद किए।क्षेत्राधिकारी नागेन्द्र चौबे ने बताया कि उक्त ढाबा ज्यादा नहीं चलता ट्रक ड्राइवर यहां आते हैं और चाय पीते हैं पूर्व में भी भारी मात्रा में चोरी का डीजल यहां बरामद हुआ था। जिसका मुकदमा थाना में पंजीकृत है। कम दामों में तेल खरीद कर लाभांश ले दूसरों को बेचा जाता था।

## जनपद प्रर्दशनी के व्यापारियों नें प्रर्दशनी अध्यक्ष जिलाधिकारी का जताया आभार



**इटावा कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद प्रर्दशनी के व्यापारियों नें आज उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित के नेतृत्व में जिलाधिकारी इटावा श्री अवनीश राय के कार्यालय पहुंच कर प्रर्दशनी की अच्छी व्यवस्था, साफ सफाई, सुरक्षा तथा नुमाइश का समय आदि बड़ाये जानें को लेकर शाल,प्रतीक चिन्ह, बुके आदि देकर सम्मानित किया तथा उनका आभार जताया, नुमाइश व्यापार मंडल के सचिव मु.दिलशाद नें कहा कि जिलाधिकारी एंव जनरल सेक्रेटरी एसडीएम सदर नें हमेशा हम व्यापारियों की समस्याओं को सुना एंव उनका निदान कराया, इस अवसर पर उघोग मंच के अध्यक्ष भारतेंद्र नाथ भारद्वाज, मु.आमिर, रेडिमेड ऐसोसिएशन के जिलाध्यक्ष देव गुप्ता आदि सहित नुमाइश के व्यापारी गण मौजूद रहे।

# चौ. सुघर सिंह एजुकेशन एकेडमी की छात्रा कैडिट हर्षिता का गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन

❒ एनसीसी मुख्यालय आगरा और जिले का बढ़ाया मान

❒ राष्ट्रपति भवन में सम्मान के साथ प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, रक्षामंत्री से भी होगी मुलाकात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



इटावा । जसवंतनगर।शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कीर्तिमान स्थापित कर रहे चौधरी सुघर सिंह ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन ने एक बार पुनः गर्वित उपलब्धि हासिल कर केवल संस्था ही नहीं इटावा जिले और एनसीसी ग्रुप मुख्यालय आगरा का मान बढ़ाया।ग्रुप द्वारा संचालित चौधरी सुघर सिंह एजुकेशनल एकैडमी की अध्यनरत बीएससी बायो द्वितीय वर्ष की छात्रा एनसीसी कैडेट हर्षिता शाक्य पुत्री सतीश कुमार निवासी ग्राम नगला भीखन इस बार देश के राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पर नई दिल्ली में होने वाली आरडीसी परेड में अपनी प्रतिभा की दम पर शामिल होंगी। समारोह में महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री के अलावा देश की नामचीन हस्तियां मौजूद रहेगी। एनसीसी ग्रुप मुख्यालय आगरा और 4 यूपी ग्रुप बटालियन इटावा से संबद्ध लगभग वाईस कॉलेज में से चौ. सुघर सिंह एजुकेशन एकेडमी की कैडिट छात्रा हर्षिता शाक्य का आरडीसी परेड के लिए एक मात्र चयन हुआ है। इस गर्वित उपलब्धि की सूचना मिलने पर संस्थान के मैनेजमेंट सदस्य,अध्यापक और छात्र खुशी से झूम उठे।कैडिट छात्रा हर्षिता शाक्य परेड के अभ्यास के लिए नई दिल्ली पहुंच चुकी है।इस दौरान उन्हें देश के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री,रक्षा मंत्री और देश विदेश से आए सैकड़ो वीआईपी मेहमानों से मिलने का मौका मिलेगा।इसके अलावा राष्ट्रपति भवन में सम्मानित भी किया जाएगा। ग्रुप के एमडी अनुज मोंटी यादव ने बताया कि हमारा उद्देश्य हमेशा शैक्षणिक विकास के साथ रोजगार,खेल या अन्य क्षेत्रों में अध्ययनरत विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है। एनसीसी बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल सुधांशु द्विवेदी,ग्रुप के संरक्षक डॉ बृजेश चंद्र यादव,डॉ भुवनेश चंद्र यादव,एमडी अनुज मोंटी यादव,डायरेक्टर डॉ संदीप पांडे, अशांक हनी यादव,प्राचार्य डॉ जितेंद्र यादव ने छात्रा हर्षिता शाक्य के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## विश्वविद्यालय की क्रिकेट ( पुरुष ) टीम का चयन 26 जनवरी को

**गोरखपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** के आई आई टी भुवनेश्वर में 11 फरवरी से आयोजित पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय क्रिकेट (पुरुष ) प्रतियोगिता 2024- 25 हेतु दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की क्रिकेट (पुरुष) टीम का चयन 26 जनवरी 2025 को अपराह्न 12 बजे से विश्वविद्यालय क्रीड़ाँगन पर संपन्न होगा । यह जानकारी विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के सचिव डॉ राज वीर सिंह ने देते हुए बताया कि चयन /ट्रायल में भाग लेने के इच्छुक छात्र अपने हाई स्कूल से अब तक के समस्त मूल अंक पत्र, शुल्क रसीद, आधार कार्ड एक फोटो, परिचय पत्र एवं महाविद्यालय के प्रतिभागी अपने प्राचार्य द्वारा लिखित अधिकार पत्र के साथ निश्चित समय एवं स्थान पर उपस्थित हो ।

## एम्स के डॉक्टर ने क्षत-विक्षत चेहरे का सफल ऑपरेशन कर दी नई जिंदगी

**गोरखपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), गोरखपुर के दंत शल्य चिकित्सा विभाग में ओरल और मैक्सिलोफ़ेशियल सर्जन डॉ. शैलेश कुमार ने एक 26 वर्षीय युवक के गंभीर रूप से क्षत-विक्षत चेहरे का ऑपरेशन कर उसे नया जीवन दिया। दो घंटे तक चले इस जटिल ऑपरेशन में चेहरे में फंसी गोली को सावधानीपूर्वक निकालकर मरीज के चेहरे को उसके पुराने स्वरूप में बहाल किया गया। घटना और स्थिति की गंभीरता गोली लगने से युवक का जबड़ा टूट गया था, और गोली आंख के नीचे फंस गई थी। गंभीर हालत में युवक को पहले गोपालगंज सदर अस्पताल, फिर बीआरडी मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर ले जाया गया। वहां इलाज संभव न होने के कारण देर रात उसे एम्स गोरखपुर रेफर किया गया। एम्स की इमरजेंसी में पहुंचते ही तत्काल इलाज शुरू किया गया। ऑपरेशन की सफलता हालत में सुधार के बाद मरीज को दंत शल्य विभाग में भर्ती कर ऑपरेशन की तैयारी शुरू की गई। डॉ. शैलेश कुमार के नेतृत्व में दो घंटे लंबे ऑपरेशन में गोली को सावधानीपूर्वक निकाला गया और चेहरे की सर्जरी कर उसे पुनः संरचित किया गया।इस सफल ऑपरेशन में दंत शल्य विभाग की सीनियर रेजिडेंट डॉ. प्रवीण सिंह और जूनियर रेजिडेंट्स डॉ. अंकुर पांडे व डॉ. दिव्या पाठक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।एम्स गोरखपुर के निदेशक और सीईओ डॉ. (प्रो.) अजय सिंह को ऑपरेशन की जानकारी दी गई।

## अवैध असलहों की तस्करी करने वाला तस्कर गिरफ्तार, 19 तमंचे बरामद

**कन्नौज।** पुलिस ने मंगलवार को अवैध असलहा तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से मिले दो बैग से 19 कट्टे और आठ कारतूस जब्त किये गए। उन असलहों को बेचकर अपनी जीविका चलाता है। अभियुक्त ने तमंचा बनाने वाले का नाम और पता भी बताया है, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है।मंगलवार को मामले का खुलासा करते हुए एसपी बिनोद कुमार ने बताया कि एसओजी प्रभारी कमल भाटी और सर्विलांस प्रभारी त्रदीप सिंह पुलिस टीमों के साथ छिबरामऊ कोतवाल अजय अवस्थी मंगलवार की शाम को संदिग्धों की तलाश में जीटी रोड पर अभियान चला रहे थे। इसी दौरान उन्हें एक होटल के पास दो बैग के साथ के बाइक सवार युवक आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस टीमों को देखकर वह भागने लगा। शक होने पर पुलिस ने घेरकर उसे पकड़ लिया। उसके पास से मिले दोनों बैग में 315 बोर के 19 तमंचे आठ जिंदा कारतूस एवं नकदी भी बरामद की हैं। एसपी ने बताया कि पकड़ा गया अभियुक्त लालाराम उर्फ पिंटू एटा जिले के फतेहपुर गांव का रहने वाला है। वहीं, वो परौली गांव निवासी सुनील शाक्य से कम दाम में तमंचा लेकर कासगंज, फर्रुखाबाद, एटा और कन्नौज आदि जिलों में अच्छे दामों पर बेचता था। पहले भी वो दो बार अवैध असलहों के साथ पकड़ा जा चुका है।

## वाराणसी कैण्ट स्टेशन के सामने नाइट मार्केट हटेगी, अब होगा सौन्दर्यीकरण

**वाराणसी।** कैंट रेलवे स्टेशन के सामने फ्लाईओवर के नीचे संचालित हो रहे नाइट मार्केट को हटाने की कवायद शुरू हो गई है। नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने मार्केट का संचालन करने वाली संस्था श्रेया एजेंसी को इस कार्य से मुक्त करने के लिए इसके निरस्तीकरण का आदेश जारी किया है।इसके पहले एजेंसी से नाइट मार्केट, बेनियाबाग भूमिगत पार्किंग, टाउनहाल भूमिगत पार्किंग एवं टाउनहाल पार्क का संचालन एवं देख-रेख के लिए अनुबंध किया गया था। लेकिन एजेंसी ने अनुबंध के आधार पर सभी स्थानों का उचित देख-रेख एवं समय से निर्धारित किराये का भुगतान नहीं किया। नगर निगम ने संस्था को कार्य में सुधार लाने एवं निर्धारित किराये का भुगतान समय से करने के लिए पूर्व में नोटिस भी दिया था। बार-बार नोटिस देने एवं कार्य में सुधार न करने के कारण श्रेया संस्था को नगर आयुक्त ने इस कार्य से निरस्त करने का आदेश दिया। अफसरों के अनुसार कैण्ट स्टेशन के सामने फ्लाई ओवर के नीचे नाइट मार्केट के स्थानों पर नगर निगम अब सौन्दर्यीकरण एवं प्लांटेशन का कार्य कराने की तैयारी में है। इन जगहों पर बैठने के लिए चेयर्स तथा पंजीकृत वेन्डरों को उचित स्थान देने का प्राविधान किया गया है। इसके अलावा रेलवे स्टेशन आने-जाने के लिए सामने से सुगम यातायात की व्यवस्था की जायेगी। इसके लिए ड्राइंग डिजाइन तैयार करने का कार्य किया जा रहा है।

## निर्माण कार्यों को युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर गुणवत्ता के साथ पूरा कराएं : रविन्द्र जायसवाल

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल ने मंगलवार को शहर उत्तरी विधान सभा क्षेत्र के अकथा वार्ड के नागरिकों को बड़ी सौगात दी। मंत्री ने डूडा से स्वीकृत 01 करोड़ 81 लाख की लागत से 4 कच्चे मार्गों पर इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। राज्यमंत्री ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन कार्यों का आज शिलान्यास किया गया है, उन्हें युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर गुणवत्ता के साथ तत्काल पूर्ण कराएं।

# पूर्व सैनिक मिलन समारोह जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में हुआ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



इटावा। हर वर्ष की भांति नव वर्ष के उपलक्ष में भारतीय पूर्व सैनिक लीग इटावा के तत्वाधान में पूर्व सैनिक मिलन समारोह का आयोजन जिला सैनिक कल्याण इटावा सभागार में मुख्य अतिथि माननीय महेश यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय यादव महासभा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें बड़ी तादात मैं पूर्व सैनिकों एवं वीरांगनाओं ने हिस्सा लिया विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज उत्थान समिति के अध्यक्ष डॉ हरिशंकर पटेल संगठन के संरक्षक सूबेदार मेजर बदन सिंह यादव मौजूद रहे साथ ही जिला अध्यक्ष सूबेदार मेजर रघुराज सिंह ने सभी लोगों को संगठन से जुड़ने का आवाहन किया महामंत्री श्री कृपाल सिंह जी ने चिकित्सा सुविधा एवं ईसीएचएस कार्ड के बारे में जानकारी अवगत कराई साथ ही संगठन के चुनाव के बारे में चर्चा की उन्होंने बताया जल्दी ही संगठन का चुनाव कराया जाएगा इसी के साथ आए हुए सभी पूर्व सैनिकों को एवं वीरांगनाओं को अंग वस्त्र सोल देकर सभी को सम्मानित किया महिला अध्यक्ष श्रीमती मीरा तिवारी ने भी अपने विचार रखें इसी के साथ भारत माता की जय घोष के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ उपस्थिति इस प्रकार रही जिला उपाध्यक्ष कैप्टन महावीर सिंह एवं कैप्टन अरुण कुमार सूबेदार मेजर जसवंत सिंह लेफ्टिनेंट इलाकेदार सिंह सूबेदार मेजर केपी सिंह तहसील अध्यक्ष कप्तान अनिल यादव सूबेदार मेजर रामविलास सूबेदार मेजर इलाकेदार सूबेदार ऐसी पाल तहसील मंत्री कैप्टन सुरेंद्र सिंह सूबेदार मेजर सत्यवीर सिंह सूबेदार रामदास यादव नायब सूबेदार महेंद्र सिंह कुशवाहा श्री जसवंत सिंह श्री एसपी सिंह श्री राम अवतार कोषाध्यक्ष सूबेदार मेजर बृजेश यादव विजयपाल सिंह संदेश यादव श्यामवीर सिंह श्री विनोद कुमार श्री अवधेश कुमार श्री भुवनेश्वर यादव श्री भूरे सिंह यादव आदि बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों ने हिस्सा लिया और भारत माता की जय घोष के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ ।

# कोटा चयन के दौरान दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे, कई घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बंडा (शाहजहांपुर)। राशन की दुकान के लिए कोटेदार के चयन के दौरान दो पक्षों जमकर मारपीट हुई। मारपीट में दोनों पक्षों के दर्जनों लोग घायल हो गये। पुलिस ने घटना में संलिप्त कई लोगों को गिरफ्तार कर चालान किए। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। ब्लॉक बंडा की ग्राम पंचायत भितिया श्याम में करीब आठ माह पूर्व कोटेदार रामचंद्र की निधन हो गया था।

जिसके बाद से राशन की दुकान पड़ोस के गांव ढका घनश्याम में अटैच चल रही थी। सोमवार को राशन दुकान के लिए ग्राम पंचायत भितिया श्याम के मजरा श्यामपट्टी में कोटेदार के चयन को लेकर वोटिंग चल रही थी। उसी समय दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में लाठी डंडे चलने लगे। घटना में दोनों पक्षों के चोटें आयी। एक पक्ष के बादशाह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सोमवार को ग्राम पंचायत भितिया श्याम में सस्ते गल्ले की दुकान की दुकान का चयन था। जिसमे उसकी पुत्रवधू लक्ष्मी देवी प्रत्याशी थी। जबकि विपक्ष में विनीता देवी चुनाव लड़ रहीं थीं। दोपहर में लगभग तीन बजे वोटों की गिनती हुई और लक्ष्मी देवी 47 वोटों से जीत गयीं।

आरोप है कि इसी पर विनीता देवी के समर्थक धर्मेंद्र, बलवीर, रामनिवास, विनीत ने गाली-गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारना पीटना शुरू कर दिया। जब उसका लड़का रामपाल, पत्नी मधू,व गांव के नरवीर, रामजी, भाभी राजकुमारी उसे बचाने लगी तो उक्त लोगों ने उन्हें भी जमकर मारा-पीटा। पुलिस ने किसी तरह स्थिति पर काबू पाते हुए कई लोगों को गिरफ्तार कर चालान कर दिये।

देर शाम तक घायलों का चिकित्सीय परीक्षण व ईलाज चलता रहा। वहीं इस संबंध में थानाध्यक्ष सोनी शुक्ला ने बताया कि अभी किसी पक्ष से तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# डीएम ने पेट्रोल पंप संचालकों को होर्डिंग लगाने का भी दिया गया निर्देश

❒ सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए लागू की गई व्यवस्था

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। जनपद में अब 26 जनवरी से बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं मिलेगा। इसको लेकर जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने पेट्रोल पंप संचालकों को पत्र लिखकर निर्देश जारी कर दिया है। सड़क सुरक्षा में सुधार को लेकर पूरे प्रदेश में नो हेलमेट-नो फ्यूल की व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत पंपों पर बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं मिलेगा। नई व्यवस्था को सख्ती से लागू करने के लिए डीएम ने पेट्रोल पंप संचालकों को पत्र भेजा है।

ऐसा न करने वालों पर सख्ती की जाएगी। सड़क दुर्घटनाओं में जनहानि रोकने के लिए शासन गंभीर है। अधिकतर हादसों में बिना हेलमेट के वाहन चलाने वालों की जान अधिक जाती है। यातायात नियमों का पालन करने के लिए हर साल सड़क सुरक्षा पखवारा और सड़क सुरक्षा माह का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया जाता है।केंद्रीय परिवहन मंत्रालय की ओर से मोटर अधिनियम को सख्ती से लागू करने का निर्देश दिया गया है। शासन की सख्ती के बाद अब जिले में इसको कड़ाई से लागू लागू क करने की कवायद शुरू हो गई है। जिले में बिना हेलमेट के पेट्रोल न देने का आदेश जारी कर दिया गया। डीएम कृष्णा करुणेश ने जिले के सभी पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिया है कि 26 जनवरी से नो हेलमेट, नो फ्यूल नियम सख्ती से लागू किया जाए। डीएम ने सभी लोगों से अपील की है कि वे सड़क सुरक्षा से सबंधी नियमों का कड़ाई से जरूर पालन करें। निर्देश जारी किया कि 26 जनवरी 2025 से किसी भी ऐसे दो पहिया वाहन चालक को पेट्रोल का विक्रय नहीं किया जाएगा, जिसके चालक और सहयात्री ने हेलमेट नहीं पहना हो।

इसके अलावा पेट्रोल पंप परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरा को क्रियाशील रखने का निर्देश दिया। सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली असामयिक मृत्यु और गंभीर चोटों को रोकने के लिए व्यवस्था बनाई गई है।

# पुलिस ने धोखाधड़ी से दूसरे व्यक्ति की आईडी से दो सिम एक्टिवेट कर अभियुक्त को किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पुवायां। दिनांक 08.01.2025 को मो0न0 7523075322 थाने के CUG नं0 94544404217 पर सूचना मिली कि थाने के सामने सादिक फुट वियर दुकान पर मादक पदार्थ व अवैध शस्त्र रखा है। इस सूचना पर सादिक फुट वियर नाम की दुकान पर आये । दुकानदार सादिक अली ने बताया कि यह थैला एक व्यक्ति मेरी दुकान पर रखकर ATM से पैसे निकालने गया है शक होने पर धारा 105 उगट्ट्ट के प्रावधानों के अन्तर्गत थैला खुलवाकर तलाशी ली गयी तो थैले मे 30 छोटे छोटे पैकेट पारदर्शी में सफ़ेद पाऊडर स्मैक व दूसरा प्लास्टिक पैकेट अफीम व एक पैकेट जिसमे एक अदद तमंचा 315 बोर नाजायज चालू हालत व 04 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुए । बरामद माल व फर्द के आधार पर थाना पुवायाँ पर मु0अ0सं0 0027/2025 धारा 08/18 व 08/22 NDPS Act 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया तथा विवेचना उ0नि0 श्री सोमपाल सिंह द्वारा प्रारम्भ की गयी । उक्त घटना को गम्भीरता से लेते हुए श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा घटना के अनावरण व अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया । दौराने विवेचना अभियुक्त 1. रबीउल्ला पुत्र शमीउल्ला उर्फ गुड्डू निवासी ग्राम सल्लीहा पोस्ट कंचनपुर थाना फरधान जनपद खीरी 2. सलमान उर्फ शीबू पुत्र नाजिर अली निवासी मो0 कबडयाना ग्राम अलीगंज थाना गोला जिला खीरी 3. सलमान उर्फ शीबू का दोस्त नाम पता अज्ञात के नाम प्रकाश मे आया तथा धारा 318(4)/61(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी । आज दिनांक 21.01.2025 को मुखबिर खास की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त मे वांछित अभियुक्त रबीउल्ला पुत्र शमीउल्ला उर्फ गुड्डू निवासी ग्राम सल्लीहा पोस्ट कंचनपुर थाना फरधान जनपद खीरी को रोडवेज बस स्टैण्ड पुवायाँ से समय करीब 11.05 बजे उसके जुर्म धारा से अवगत कराते हुए हिरासत मे लिया गया । जिसको बाद आवश्यक विधिक कार्यवाही मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है

# एमएसपी और आठवां वेतन आयोग

पिछले 55 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल आखिरकार चिकित्सा सहायता लेने के लिए राजी हो गए हैं। श्री डल्लेवाल ने यह मंजूरी तब दी जब केंद्र सरकार ने जानकारी दी कि आगामी 14 फरवरी को चंडीगढ़ में किसानों से वह बातचीत करेगी। हालांकि जगजीत सिंह डल्लेवाल अब भी इस बात पर अडिग हैं कि वह मांगें पूरी होने तक अन्न ग्रहण नहीं करेंगे। पिछले 11 महीनों से आंदोलन पर बैठे संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के प्रतिनिधियों से केंद्रीय कृषि मंत्रालय के संयुक्त सचिव प्रिय रंजन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। बैठक के ऐलान के बाद किसान नेताओं ने डल्लेवाल से अनुरोध किया कि वे चिकित्सा सहायता लें ताकि वे इस प्रस्तावित बैठक में हिस्सा ले सकें। श्री डल्लेवाल का स्वास्थ्य लगातार बिगड़ता जा रहा है और इस पर अदालत भी चिंता जतला चुकी है, लेकिन सरकार इस बारे में सही में कितनी फिक्रमंद है, यह विचारणीय है। पिछले साल 13 फरवरी से शंभू और खनौरी सीमा पर आंदोलनकारी किसान डेरा डाले हुए हैं, क्योंकि सुरक्षा बलों ने उन्हें अपनी फसलों के लिए कानूनी एमएसपी गारंटी सहित विभिन्न मांगों को लेकर दिल्ली तक मार्च करने की अनुमति नहीं दी थी। पिछले साल 8, 12, 15 और 18 फरवरी को केंद्रीय मंत्रियों और प्रदर्शनकारी किसानों के बीच चार दौर की बैठकें हुई थीं, जो बेनतीजा रही थी। अब एक लंबे अंतराल के बाद फिर से किसानों के साथ बैठक प्रस्तावित हुई है, जिसका क्या नतीजा निकलेगा इस बारे में कुछ भी कहना कठिन है। पिछले अनुभव तो यही बताते हैं कि सरकार हद दर्जे की हठधर्मिता दिखाती है। वह हर हाल में किसानों को मजबूर और लाचार बनाकर झुकाना चाहती है। इससे पहले जब 2020-21 में किसानों ने ऐसा ही लंबा आंदोलन किया था, तो आखिर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह कहकर तीनों कृषि कानून वापस लिए थे कि मेरी तपस्या में कोई कमी रह गई, जो मैं समझा नहीं पाया। यानी यहां भी सरकार ने अपनी गलती नहीं मानी, केवल यह स्वीकार किया था कि किसान कृषि कानूनों की उपयोगिता नहीं समझ सके। किसान तब कृषि कानूनों को वापस लेने के साथ ही न्यूनतम समर्थन मूल्य अपनी फसलों के लिए मांग रहे थे, अब भी उनकी मांग वही है। लेकिन सरकार के तर्क भी वही हैं कि इससे सरकारी कोष पर भार बढ़ेगा। आश्चर्य यह है कि जब सरकार आठवां वेतन आयोग के गठन की मंजूरी देती है, तब उसे इस वित्तीय भार की चिंता नहीं होती। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी गुरुवार को केंद्रीय कर्मचारियों के वेतन और पेंशनभोगियों के भत्तों में संशोधन के लिए आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दी है। सरकार के इस फैसले से लगभग 50 लाख केन्द्रीय कर्मियों को लाभ होगा, साथ ही लगभग 65 लाख पेंशनधारकों की पेंशन में भी बढ़ोतरी होगी। अकेले दिल्ली में ही लगभग चार लाख कर्मचारियों को लाभ होगा, इनमें रक्षा और दिल्ली सरकार के कर्मचारी शामिल हैं। दिल्ली में अगले महीने की शुरुआत में ही चुनाव होने हैं, जिसमें भाजपा उम्मीद लगा कर बैठी है कि उसका 26 सालों का वनवास खत्म होगा और उसे दिल्ली की सत्ता भी मिलेगी। हालांकि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस की तगड़ी तैयारियों के आगे भाजपा के लिए सत्ता हासिल करना कठिन चुनौती है। भाजपा की मुश्किल आसान करने के लिए ही शायद मोदी सरकार ने आठवें वेतन आयोग के गठन का फैसला लिया, ताकि दिल्ली में सरकारी कर्मचारियों की एक बड़ी आबादी के वोट उसके लिए सुनिश्चित हो जाएं। जानकारी के मुताबिक, आठवें वेतन आयोग में न्यूनतम आधार वेतन को बढ़ाकर 34,650 रुपये किया जा सकता है, जो कि सातवें वेतन आयोग में 17,990 रुपये है। वहीं, पेंशन को 9,000 रुपये से बढ़ाकर 17,280 रुपये किया जा सकता है। हालांकि, ये सिर्फ संभावना है, अगले साल 2026 में जब आठवें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू होंगी, तब असल आंकड़े सामने आएंगे। पाठकों को बता दें कि सातवें वेतन आयोग का गठन 2014 में किया गया था और इसकी सिफारिशें एक जनवरी, 2016 से लागू हुई थीं, जो 2026 में समाप्त हो रही हैं। सातवें वेतन आयोग के तहत वित्त वर्ष 2016-17 में खर्च में एक लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई थी। आठवें वेतन आयोग से सरकार पर करीब दो लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ने का अनुमान है।

# युद्धमुक्त विश्व के ट्रंप के संकल्पों की रोशनी

राष्ट्रपति के तौर पर अपने दूसरे कार्यकाल पर लौटने से पहले ट्रंप ने 'तीसरा विश्व युद्ध' रोकने की कसम खाकर दुनिया में शांति, अमन एवं अयुद्ध की संभावनाओं को बल दिया है। 47वें राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप ने शपथ से एक दिन पहले गाजा में हुए युद्ध विराम का क्रेडिट भी लिया। रूस और यूक्रेन युद्ध भी खत्म करने की प्रतिबद्धता दोहरायी गयी है। बावजूद इनके विश्व युद्ध के कयास तेजी से लग रहे हैं। इसे लेकर भी कई सवाल उठते हैं कि क्या सच में तीसरा विश्व युद्ध होना इतना आसान है? लेकिन डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, 'मैं यूक्रेन में युद्ध खत्म कर दूंगा। मैं मध्य पूर्व में अराजकता रोक दूंगा और मैं तीसरे विश्व युद्ध को होने से रोक दूंगा।' निश्चित ही ट्रंप के इन संकल्पों से अमेरिका में एक नए युग का आगाज हो रहा है, जो दुनिया में भी एक नई युद्ध मुक्त समाज-संरचना के बड़े बदलावों की ओर इशारा कर रहा है। राष्ट्रपति चुने जाने के बाद से ही ट्रंप कई संकेत ऐसे दे चुके हैं, जिनसे लगने लगा है कि दुनिया बदलने वाली है। ये बदलाव इस बात पर केंद्रित रहेंगे कि अमेरिका को फिर एक बार महान बनना है। यह 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' का नारा डोनाल्ड ट्रंप की एक नई पहचान बन गया है और बहुत संभावना है कि इस बार ट्रंप अपने सपने को साकार करने के लिए दुस्साहस का भी परिचय देते हुए युद्ध की मानसिकता वाले देशों की सोच में बदलाव का कारण बन जाये। विश्व में अनेक देशों के बीच युद्ध चल रहे हैं एवं ऐसे ही युद्ध की व्यापक संभावनाएं बनी हुई हैं। विश्व युद्ध कई कारणों से शुरू हो सकते हैं। जैसे राष्ट्रवाद यानी अपने देश के प्रति अत्यधिक लगाव और अन्य देशों के प्रति घृणा। जब राष्ट्रवाद चरम पर पहुंच जाता है तो युद्ध की स्थिति पैदा हो सकती है या फिर एक शक्तिशाली देश दूसरे देशों पर अपना अधिकार जमाना चाहता है, तो इससे युद्ध की स्थिति पैदा हो सकती है। इसके अलावा देशों के बीच आर्थिक प्रतिस्पर्धा भी युद्ध का कारण बन सकती है। साथ ही धार्मिक मतभेद भी युद्ध का कारण बन सकते हैं और किसी देश में राजनीतिक अस्थिरता होने पर पड़ोसी देशों में भी अशांति फैल सकती है और युद्ध की स्थिति पैदा हो सकती है। युद्ध की इन व्यापक संभावनाओं पर ट्रंप के संकल्प से विराम लगना विश्व की समाज-व्यवस्था, आर्थिक विकास एवं सह-जीवन के लिये एक शुभ संकेत है। क्योंकि विश्व युद्ध के परिणाम बहुत ही विनाशकारी होते हैं। इसमें लाखों लोग अपनी जान गंवा देते हैं। युद्ध से देशों की अर्थव्यवस्था को भी भारी नुकसान पहुंचता है। साथ ही युद्ध से समाज में अस्थिरता फैल जाती है, महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी बढ़ जाती है और युद्ध के बाद देशों के राजनीतिक नक्शे में बदलाव आ सकता है। अमेरिका दुनिया में अमन चाहता है और नये राष्ट्रपति ट्रंप ने यदि किसी भी देश के युद्ध में सेना नहीं भेजने का संकल्प लिया है तो इससे दुनिया में युद्ध की संभावनाओं पर विराम लगना तय है। क्योंकि अब तक शक्तिशाली राष्ट्र अमेरिका ही दुनिया मे युद्ध की भूमि तैयार करता रहा है, अपनी सेना एवं सैन्य सामान भेज कर युद्ध की भूमि को उर्वरा बनाता रहा है। विश्व समुदाय कई संकटों का सामना कर रहा है- संघर्ष और हिंसा, आतंक एवं अलगाव, युद्ध एवं राजनीतिक वर्चस्व, गरीबी एवं बेरोजगारी, लगातार सामाजिक-आर्थिक असमानताएँ, पर्यावरणीय संकट और दुनिया भर के लोगों के स्वास्थ्य और भलाई के लिए चुनौतियाँ आदि जटिलतर स्थितियों के बीच ट्रंप के नये संकल्प एवं योजनाओं की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। आज युद्ध और तनाव की समस्या बढ़ती जा रही है। हथियारों का उत्पादन लगातार बढ़ता जा रहा है। हर देश परमाणुशक्ति संपन्न बनने के लिए प्रयासरत है। यह एक अजीबोगरीब स्थिति है। युद्ध की आशंका को खत्म करने के लिए हाथियारों का जखीरा बढ़ाया जा रहा है। पहले बीमारी पैदा की जा रही है, फिर उसके इलाज का उपाय ढूंढा जा रहा है। इसमें अब तक अमेरिका की ही सर्वाधिक भूमिका रही है, लेकिन अब उसके नये राष्ट्रपति की युद्धमुक्त विश्व संरचना की सोच से दुनिया में शांति एवं अमन कायम होगा। युद्ध से कभी किसी का भला नहीं होता। वह सदैव अपने पीछे दुख भरी यादें छोड़कर जाता है। युद्ध से किसी मां का बेटा उसे बिछड़ जाता है, किसी बहन का भाई उससे बिछड़ जाता है, कोई स्त्री अपने पति को खो देती है, कोई बेटी अपने पिता को खो देती है। इस तरह युद्ध केवल जान लेता है। इसके अलावा युद्ध से संपत्ति भी नष्ट होती है एवं विकास अवरूद्ध होता है। इसके विपरीत यदि सब जगह शांति हो, लोग आपस में नहीं लड़ें, देशों में आपस में युद्ध नहीं हो, तो विकास होता है। ट्रंप ने अमेरिकी राजनीति के तेवर-कलेवर को तो बदला ही है और वह वहां लोकतंत्र को भी बदलने जा रहे हों, तो कोई आश्चर्य नहीं। उनकी टीम के अनेक दिग्गज परिवर्तन के आकांक्षी हैं। न जाने कितने परिवर्तन ट्रंप के शासन में लागू होंगे। उम्मीद करनी चाहिए कि ट्रंप की नई टीम अमेरिकी परंपराओं का यथासंभव निर्वाह करते हुए ही देश को फिर से महान बनाएगी। लेकिन इस बार अमेरिकी परम्पराओं में युद्ध एवं हिंसा के स्थान पर शांति, विकास एवं हथियार मुक्ति के संकल्प होना बड़ी एवं राहतभरी बात है। हालांकि, अमेरिका को महान बनाने के अभियान पर कई सवाल भी हैं। क्या अमेरिकी निर्णायकों ने मान लिया है कि अमेरिका अब महान नहीं रहा? इस अभियान के नाम से तो शायद यही लगता है कि अमेरिकी विचारकों ने अपने देश के महान न रह पाने की वजहों का पता भी लगा लिया है। उनकी नजर उन अमेरिकी चालाकियों पर भी निस्संदेह पड़ी होगी, जिनकी वजह से अमेरिकियों की अक्सर आलोचना होती है। इन वजहों में युद्ध एवं हथियारों की होड़ बड़ी वजह रही है। अनेक राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि युद्ध, हिंसा, आतंकमुक्त नये अमेरिका को विकसित करने एवं विश्व में शांति के संकल्प को देखते हुए अमेरिका को शुरू से ही भारत के साथ खड़ा रहना चाहिए। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और अमेरिका सबसे पुराना जीवित लोकतंत्र है, दुनिया में युद्ध एवं आतंक के खिलाफ भारत हमेशा अग्रसर रहा है, युद्ध का अंधेरा मिटाने, शांति का उजला करने एवं अहिंसा-सहजीवन की कामना ही भारत का लक्ष्य रहा है। इसीलिये भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार युद्ध विराम की कोशिश करते रहे हैं। ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद भारत और अमेरिका के रिश्तों पर क्या असर होगा, इसे लेकर विशेषज्ञ कई तरह की उम्मीदें जता रहे। जानकारों के मुताबिक, ट्रंप के आने से भारत और अमेरिका के संबंध और गहरे होंगे। चीन को लेकर दोनों देशों की चिंता इन्हें करीब लाएगी। यह ट्रेंड पिछले पांच अमेरिकी राष्ट्रपतियों के कार्यकाल जैसा ही रहेगा। क्वाड और मजबूत होगा। प्रशासन के कई विभागों में भारत के अच्छे संबंध बनेंगे। राजनीतिक और वैचारिक तालमेल भी अच्छा रहने की उम्मीद की जा रही। इसके साथ ही रक्षा, खुफिया और सुरक्षा मामलों में दोनों देशों के बीच भरोसा बढ़ेगा। टेक्नोलॉजी में सहयोग की संभावनाएं बढ़ने के आसार हैं। सबसे अहम है भारत की युद्ध एवं आतंक मुक्त विश्व बनाने की योजना, इसको लेकर ट्रंप भी आगे आये है जो नये सूरज का अभ्युदय है। लेकिन ट्रंप का नया दौर कहीं मौखिक हमलों या कटु उद्गारों तक ही सीमित न रह जाए। इसके लिये जरूरी है कि वह भारत की शांतिपूर्ण नीतियों एवं योजनाओं को अग्रसर करें। भारत सहित तमाम दुनिया यही उम्मीद करेगी कि ट्रंप दुनिया में चल रहे बड़े युद्धों और छद्म युद्धों को रोकने में सफलता हासिल करें साथ ही आतंकवाद के खिलाफ ईमानदार रवैया अपनाये ताकि नई उबरती उभरती दुनिया में अमेरिकी सचमुच महानता का वरन कर सके। – **ललित गर्ग**

**विश्व में अनेक देशों के बीच युद्ध चल रहे हैं एवं ऐसे ही युद्ध की व्यापक संभावनाएं बनी हुई हैं। विश्व युद्ध कई कारणों से शुरू हो सकते हैं। जैसे राष्ट्रवाद यानी अपने देश के प्रति अत्यधिक लगाव और अन्य देशों के प्रति घृणा। जब राष्ट्रवाद चरम पर पहुंच जाता है तो युद्ध की स्थिति पैदा हो सकती है या फिर एक शक्तिशाली देश दूसरे देशों पर अपना अधिकार जमाना चाहता है, तो इससे युद्ध की स्थिति पैदा हो सकती है। इसके अलावा देशों के बीच आर्थिक प्रतिस्पर्धा भी युद्ध का कारण बन सकती है। साथ ही धार्मिक मतभेद भी युद्ध का कारण बन सकते हैं और किसी देश में राजनीतिक अस्थिरता होने पर पड़ोसी देशों में भी अशांति फैल सकती है और युद्ध की स्थिति पैदा हो सकती है। युद्ध की इन व्यापक संभावनाओं पर ट्रंप के संकल्प से विराम लगना विश्व की समाज–व्यवस्था, आर्थिक विकास एवं सह–जीवन के लिये एक शुभ संकेत है। क्योंकि विश्व युद्ध के परिणाम बहुत ही विनाशकारी होते हैं। इसमें लाखों लोग अपनी जान गंवा देते हैं। युद्ध से देशों की अर्थव्यवस्था को भी भारी नुकसान पहुंचता है। साथ ही युद्ध से समाज में अस्थिरता फैल जाती है, महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी बढ़ जाती है और युद्ध के बाद देशों के राजनीतिक नक्शे में बदलाव आ सकता है। अमेरिका दुनिया में अमन चाहता है और नये राष्ट्रपति ट्रंप ने यदि किसी भी देश के युद्ध में सेना नहीं भेजने का संकल्प लिया है तो इससे दुनिया में युद्ध की संभावनाओं पर विराम लगना तय है।**



# हिंडनबर्ग रिसर्च बॉडी का बंद होना अडानी समूह के लिए राहत की बात

**अंजन रॉय**

विवादित इक्विटी रिसर्च फर्म हिंडनबर्ग अचानक बंद हो गयी है। संचालन को समाप्त करते हुए, फर्म के संस्थापक और शॉर्ट-सेलर ने कहा कि यह उनके जीवन का केवल एक अध्याय था, न कि एकमात्र अध्याय। हिंडनबर्ग के बंद होने की खबर ने तुरंत भारत में राजनीतिक मोड़ ले लिया। जहां एक ओर सत्तारूढ़ भाजपा ने कहा था कि हिंडनबर्ग जैसे एजंट आर्थिक आतंकवादी थे जिन्होंने भारत में मूल्यवान को नष्ट करने का काम किया, वहीं दूसरी ओर विपक्षी कांग्रेस ने कहा कि हिंडनबर्ग के बंद होने की इस घटना का अर्थ यह नहीं कि अडानी समूह पर भ्रष्टाचार और कदाचार के प्रयासों के सभी आरोप अब समाप्त हो गये हैं तथा समूह पाक-साफ हो गया है। हिंडनबर्ग भारत में तब चर्चा में आया जब उसने अडानी समूह की उभरती कंपनियों पर रिपोर्ट प्रकाशित की, जिसमें कहा गया कि समूह पर भारी कर्ज का बोझ है, जिसका बैलेंस शीट में उचित प्रावधान नहीं किया गया है। अडानी पर महत्वपूर्ण सरकारी मंजूरी और अनुबंध प्राप्त करने के लिए सरकारी अधिकारियों को रिश्वत देने जैसे अन्य आरोप भी थे। हिंडनबर्ग के इशारे पर, अमेरिकी अधिकारियों ने अडानी समूह के मामलों की जांच शुरू की थी, क्योंकि भारतीय समूह ने अमेरिका में धन जुटाया था। अमेरिकी अधिकारी उनके भतीजे गौतम अडानी को गिरफ्तार करने के आदेश जारी करने की हद तक चले गये थे। अडानी समूह ने कुछ अमेरिकी फंड वापस करके स्थिति को पुनः प्राप्त करने की कोशिश की थी। फिर भी, पीछे हटने की कार्रवाई के बावजूद, हिंडनबर्ग की रिपोर्ट ने अडानी समूह की कंपनियों के बाजार पूंजीकरण से भारी मूल्य मिटा दिया था। हिंडनबर्ग रिपोर्ट सार्वजनिक होने से पहले,अडानी समूह के प्रमुख प्रमोटर गौतम अडानी को मुकेश अंबानी से आगे धन की दुनिया में सबसे अमीर व्यक्तियों में से एक माना जाता था। रिपोर्ट के प्रकाशन ने उनकी संपत्ति को इतना कम कर दिया कि वे नीचे गिर गये। अडानी समूह पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के प्रकाशन के बाद, समूह की कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट आई और निवेशकों ने अपनी इक्विटी होल्डिंग पर बड़ी रकम खो दी। हालांकि, बाद में शेयर की कीमतें पूरी तरह से ठीक हो गयीं। इस बीच, हिंडनबर्ग ने वह किया जिसे शॉर्ट सेलिंग के रूप में जाना जाता है, यानी, जब कोई निवेशक किसी शेयर की कीमत गिरने की उम्मीद करता है तो इस तरह कीमत गिरने की उम्मीद में उन्हें बेच देता है। इन निवेशकों को शॉर्ट सेलर या मंदी की स्थिति लेने वाले निवेशक कहा जाता है। अडानी समूह पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट ने बिल्कुल इसी तरह की स्थिति पैदा की है और आम निवेशकों को बहुत नुकसान हुआ है। हालांकि, शोध फर्म संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ-साथ भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) में भी जांच के घेरे में आ गयी थी। अडानी शेयरों के अलावा, शोध फर्म ने कई अन्य कंपनियों पर भी इसी तरह की रिपोर्टें प्रकाशित की थी। अमेरिकी प्रतिभूति निरीक्षण निकाय, प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) ने भी अपनी रिपोर्टों के माध्यम से फर्म की प्रथाओं और बाजार में हेरफ़ेर की जांच शुरू कर दी थी। संभवतरू, इन सभी जांचों के दबाव में और आगे के खुलासों की प्रत्याशा में, फर्म ने अपने परिचालन को बंद करने का फैसला किया। हिंडनबर्ग भी भारी संकटग्रस्त मुद्रा व्यापारी जॉर्ज सोरोस के साथ अपने संबंधों के कारण जांच के घेरे में था। जैसे ही हिंडनबर्ग बंद होने की रिपोर्टें सामने आयीं, अडानी समूह के कर्मचारियों और निवेशकों में खुशी की लहर दौड़ गयी। कुछ ने तो यहां तक कहा कि अडानी समूह की अजेयता की स्थिति सही साबित हुई। हालांकि, कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश ने इस बात पर जोर देने का बीड़ा उठाया कि इसका मतलब अडानी समूह को क्लीन चिट नहीं है। समूह भारतीय बाजार में कई आरोपों का सामना कर रहा है। कुछ की जांच सेबी द्वारा की जा रही है। भारत सरकार और उसकी जांच एजंसियों को यह सुनिश्चित करने में उचित काम करना चाहिए कि अडानी समूह की कंपनियां बाजार के सिद्धांतों का पालन करें और अपने बाजार पूंजीकरण को बढ़ाने के लिए शेयरों की कीमतों में हेरफ़ेर न करें। भारत के लोग विदेशी एजंसियों की रिपोर्टों से प्रभावित होते हैं क्योंकि उन्हें सेबी जैसी भारतीय एजंसियों की निष्पक्ष कार्यप्रणाली पर संदेह है। यह खत्म होना चाहिए। नरेंद्र मोदी सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि अडानी समूह को उसकी नियामक एजंसियों से किसी भी अन्य भारतीय कंपनी की तरह ही समान व्यवहार मिले।

## सेहत मंत्र

# स्वाइन फ्लू के प्रकोप से बचना है तो करें अर्क फूल का सेवन, पास भी नहीं आएगा रोग


स्वाइन फ्लू एक बार फिर से अपना प्रकोप दिखाना शुरू कर दिया है। आलम यह है कि सिर्फ आम व्यक्ति ही नहीं बल्कि बड़े बड़े नेता और सेलेब्रिटी भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। पिछले दिनों बीजेपी के बड़े नेता रविशंकर प्रसाद को स्वाइन फ्लू हुआ था तो अब बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह भी स्वाइन फ्लू की चपेट में आ चुके हैं। आप भी अपने आसपास के लोगों को स्वाइन फ्लू की चपेट में आते हुए देख रहे होंगे। कहने का मतलब यह है कि जिस तेजी से यह रोग फैल रहा है उससे लगता है कि यह इतनी जल्दी जाने वाला नहीं है। इसलिए जरूरी है कि आप अपना खुद ख्याल रखें। यह एक संक्रमित रोग है जो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है। अगर इसके लक्षणों के बात करें तो वह जुकाम से काफी मिलते हैं। ऐसे में आपको समझ ही नहीं आएगा कि आपके आसपास के व्यक्ति को सामान्य जुकाम है या फिर वह स्वाइन फ्लू का मरीज है। इसलिए जरूरी है कि आप अपनी सुरक्षा के इंतजाम खुद ही करें। आज हम आपको स्वाइन फ्लू से बचने के लिए अर्क या आक फूल के फायदे बता रहे हैं। अर्क, आक, अकोवा और मदार इस फूल के कई नाम है। इसमें कई औषधीय गुण पाए जाते हैं। यह सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसके फूल-पत्तियों का इस्तेमाल करने से स्वाइन फ्लू रोग आसपास भी नहीं आता है। इसके लिए आपको रोजाना गुनगुने पानी के साथ इस फूल को या फिर इसकी पत्तियां चबानी है। सिर्फ स्वाइन फ्लू ही नहीं बल्कि इसके सेवन से अस्थमा, डायबिटीज, कुष्ठ रोग और बवासीर जैसी बीमारियों को दूर करने में मदद करता है। इससे स्किन में एलर्जी या खुजली जैसी समस्याओं को दूर किया जा सकता है। विषैला होने के बावजूद भी इस पौधे में कई गुण हैं। आपको बता दें कि मदार का पुष्प भगवान शिव को भी चढ़ाया जाता है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार इस पुष्प से भगवान शिव प्रशन्न होते हैं। तो आइए जानते है किस तरह इस पौधे के फूल, पत्ते का इस्तेमाल से बड़ी-बड़ी बीमारियों को दूर करने में मदद करता है। पुराणों में इसके महत्ता का वर्णन किया गया है। अर्क को आक भी कहते हैं, यह सफ़ेद और लाल दो रंग का होता हे।

## धर्म मंत्र

# घर पर नहीं रखी जाती है शनि की प्रतिमा

कई बार आपके काम बनते बनते बिगड़ जाते हैं, या आप लगातार बीमार हैं, किसी परेशानी में हों या परिजनों या मित्रों से मनमुटाव हो जाए तो संभव है कि आपकी कुंडली में शनि की स्थिति सही ना हो। आप पर शनि की महादशा, साढ़ेसाती, ढैय्या आदि का प्रकोप हो सकता है। ऐसे में उसे शांत करने के उपाय करने आवश्यक हो जाते है। इसके लिए आप शनिदेव की पूजा घर पर भी कर सकते हैं। बस कुछ विशेष बातों का ध्यान रखें। वास्तव में शनिदेव को श्राप है कि वे जिस किसी को वो सीधी नजरों से देखेंगे, उसका अनिष्ट हो जाएगा। इसलिए वास्तु शास्त्र के अनुसार घर पर शनिदेव की मूर्ति रखना वर्जित है। इसलिए याद रखें कि उनको मन में ही स्मरण करके उनकी पूजा करें। शनिवार को हनुमान जी की भी पूजा का विधान है तो आप उनके समक्ष पूजा करें और शनिदेव को भी याद करें। इससे भी शनि प्रसन्न होते हैं। घर पर शनिदेव की पूजा सामान्य रूप से ही करें और उसके बाद किसी भी निकट के मंदिर जा कर शनिदेव को नीले या काले रंग के वस्त्र चढ़ायें। इसके अतिरिक्त शनिवार को व्रत का संकल्प लें और नहा-धोकर काले वस्त्र धारण कर पूजा करें। इस दिन सरसों या तिल के तेल से दिया जला शनिदेव को अर्पित करें। साथ ही शनिदेव को तिल, काली उदड़ या कोई भी काली वस्तु भेंट में चढ़ायें।

## पर्यटन



# चाय और कॉफी के बागानों के लिए जाना जाता है चिकमगलूर

चिकमगलूरभारत के कर्नाटक राज्य के चिक्कमगलुरु जिले में स्थित है। मुल्लयनागिरी पर्वत श्रेणीयों की तलहटी में स्थित यह शहर अपनी चाय और कॉफी के बागानों के लिए जाना जाता है। इस शहर का सब से निकटतम हवाई अड्डा है मंगलोर का बाजपे हवाई अड्डॉ, निकटतम रेलवे स्टेशन है कडुर। चिक्कमगलुर जिले को 1947 तक कडुर जिले के नाम से जाना जाता था। यह लगभग कर्नाटक राज्य के दक्षिण पश्चिमी भाग में स्थित है। इस जिले का एक बड़ा क्षेत्र है, 'मलनाड' यानी, भारी वर्षा होनेवाला एक बड़ा सा पहाड़ी वन क्षेत्र। इस जिले का नाम चिकमगलूर इस मिख्यालय शहर से पडा है जिसका शब्दशः अर्थ है, छोटी बेटी का शहर- चिक्क+मागल+ऊरू-(कन्नडा में)। कहा जाता है कि, सक्रेपटना के प्रसिद्द प्रमुख रुक्मांगद की छोटी बेटी को यह एक दहेज के रूप में दिया गया था। शहर का एक अन्य भाग हिरेमगलुर के नाम से जाना जाता है, जिसे बड़ी बेटी को दिया था। लेकिन कुछ पुराने शिलालेखों से पता चलता है कि, इन दो स्थानों को किरिया-मुगुली और पिरिया-मुगुली के नाम से जाना जाता था। बाबा-बुदन पहाड़ी श्रृंखला के एक उपजाऊ घाटी की दक्षिण में इस जिले का मुख्यालय शहर स्थित है। यह शिक्षा, व्यापार और वाणिज्य का एक केन्द्र है। शहर का वातावरण बहुत ही स्वास्थ्यकारक है और वहाँ पर सभी धर्मों की पूजनीय समाधियाँ हैं- कोदंडराम मंदिर जो की, होयसल और द्रविड़ वास्तुशास्त्र शैली का मिलाप माना जाता है, जामिया मस्जिद तथा न्यू सेंट जोसेफ कैथेड्रल जिस का बरामदा आकर्षक सीप की आकार में बनाया गया है। हिरेमगलूर जो अब चिक्कमगलुर शहर का हिस्सा है, उस में एक ईश्वरा मंदिर है जहाँ पर 1.22 मीटर ऊंचे गोलकार जदेमुनी की बड़े ही चतुराई से बनाई गई प्रतिमा है। मंदिर में एक यूपस्तम्भ भी है जिसे राजा जनमेजय द्वारा अपने सर्प यज्ञ के दौरान स्थापित किया गया था ऐसा माना जाता है। वहाँ एक परशुराम मंदिर और एक काली मंदिर भी है।

# आमजनमानस तक पहुंचे सरकार की योजनाएं : सुरेश राही

## प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित हुई विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिले के प्रभारी मंत्री/ राज्य मंत्री कारागार उत्तर प्रदेश सरकार सुरेश राही जी की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक को शुरू करने से पूर्व प्रभारी मंत्री/ कारागार मंत्री सुरेश राही, जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती राजरानी रावत, एमएलसी अंगद कुमार सिंह, विधायक कुर्सी साकेन्द्र प्रताप वर्मा, विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत को जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी और पुलिस अधीक्षक द्वारा बुके देकर स्वागत किया। ततपश्चात समीक्षा बैठक की कार्यवाही शुरू की गई। समीक्षा बैठक में प्रभारी मंत्री / कारागार मंत्री उत्तर प्रदेश सुरेश राही ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी सरकार की मंशानुसार कार्य करें जिससे सभी योजनाओं का लाभ आमजनमानस तक पहुँच सके। मुख्यमंत्री जी की मंशा है कि योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों तक पहुँचे इसके लिये अधिकारी अपने-अपने विभाग के कार्य/ दायित्वों का जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें। प्रभारी मंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि विकास कार्यो में तेजी लाई जाए, लापरवाही बरतने वालों पर कार्यवाही की जाए। विधायक कुर्सी साकेन्द्र प्रताप वर्मा ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को भी बेसिक शिक्षा के स्कूलों सहित अन्य सरकारी भवनों के शिलान्यास और लोकार्पण में बुलाया जाए। समाज कल्याण विभाग अधिकारी ने बताया कि पूर्व दशम छात्रवृत्ति में 4030 छात्र और दशमोत्तर छात्रवृत्ति के 2899 छात्रों की छात्रवृत्ति का स्वीकृति हो गयी है अन्य प्रक्रिया में है। दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग में अबतक 1998 पेंशन के आवेदन प्राप्त हो चुके है जिनकी शीघ्र ही जांच करके स्वीकृति कर दिए जाएंगे। अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि पूर्व दशम छात्रवृत्ति में 2932 आवेदन और दशमोत्तर छात्रवृत्ति में 7737 आवेदन अभी तक प्राप्त हो चुके है आवेदन की जांच व अग्रेतर कार्यवाही की जा रही है। प्रभारी मंत्री सुरेश राही ने कहा कि जिन विभागों में विकास कार्य अधूरे है उन्हें समय पर पूरा किया जाए। सद्भभाव मंडप का निर्माण, खेतासराय में राजकीय इंटर कॉलेज के निर्माण का कार्य समय पर पूरा किया जाए। समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम का 1500 का लक्ष्य था उसके अनुसार कार्य किया जा रहा है, 24 जनवरी को 400 सामूहिक विवाह आयोजित किये जाने है। थम्ब इम्प्रेशन मशीन के विषय में प्रभारी मंत्री ने कहा कि अच्छी और गुणवत्ता युक्त मशीन ली जाए किसी खास विशेष एजेंसी से न क्रय की जाए। इसके बाद बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई और आवश्यक निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत स्वीकृति आवेदकों की एप्लिकेशन पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश प्रभारी मंत्री द्वारा दिए गए। प्रभारी मंत्री ने उद्योग और खादी ग्रामोद्योग विभाग के अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष स्वरोजगार के लक्ष्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। गन्ना विभाग के अधिकारियों को गन्ने की खेती में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। वन विभाग द्वारा बताया गया कि 23 लाख वृक्षारोपण के लक्ष्य के सापेक्ष पौधरोपण कार्य जुलाई में ही पूर्ण किया जा चुका है इसके अलावा करीब 62 हजार अन्य विभागों द्वारा पौधरोपण किया गया है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि रोपित किये गए पौधों को बचाने के लिये पर्याप्त जरूरी इंतजाम ट्री-गार्ड, तार की बाड़ लगाई जाए जिससे पौधों की रक्षा हो सके। चिकित्सा विभाग की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने कहा कि जिस सीएचसी और पीएचसी पर हाल ही में निर्मित भवनों की फर्स बैठ गयी है या अन्य कोई कमी है तो निर्माण एजेंसी के ख़िलाफ नोटिस जारी की जाए। साथ ही अस्पताल में मरीज़ों का बेहतर इलाज किया जाए। और नए भवनों के शिलान्यास और लोकार्पण में जनप्रतिनिधियों को बुलाया जाए। सहकारिता विभाग के तहत आवेदकों के लोन एप्लिकेशन पर ध्यान दिया जाए। परियोजना निदेशक ने बताया कि ग्राम विकास विभाग के तहत 899 प्रधानमंत्री आवास का लक्ष्य था सभी आवास निर्माण प्रक्रिया में है जल्द ही कार्य पूरा हो जाएगा। इसके बाद जिला पूर्ति अधिकारी ने खाद्य एवं रसद विभाग की योजनाओं के विषय में प्रभारी मंत्री जी को अवगत कराया जिस पर उन्होंने कहा कि जो पात्र है उनके राशन कार्ड समय पर बन जाये। इसके बाद बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित संचालन होता रहे। आंगनबाड़ी के भवनों का शिलान्यास और लोकापर्ण में जनप्रतिनिधियों विधायक और एमएलसी को भी बुलाया जाए।

# जनसमस्याओं का प्राथमिकता से किया जाएगा निराकरण : शशांक त्रिपाठी

## नवागत डीएम ने पत्रकारों के साथ की प्रेसवार्ता



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में नवागत जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने विभिन्न अखबारों व चैनलों के प्रतिनिधियों के साथ पत्रकार वार्ता की। सर्वप्रथम जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने अपना परिचय देते हुए सभी पत्रकार व छायाकार बंधुओ से परिचय प्राप्त किया। प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों द्वारा नवागत जिलाधिकारी को जिले के विभिन्न मुद्दे, शहर के विभिन्न चौराहों पर होने वाली जाम की समस्या से अवगत कराया। इसके अलावा स्वास्थ्य, शिक्षा, सहित कई महत्त्वपूर्ण बिंदुओं से नवागत जिलाधिकारी को अवगत कराया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने आश्वस्त करते हुए कहा कि सभी जनसमस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण किया जायेगा। अंत में दिवंगत पंजाब केशरी के वरिष्ठ पत्रकार स्व0 मोहम्मद अतहर को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कुछ क्षणों का मौन रखकर उनकी आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी श्री इन्द्रसेन, एसडीएम विवेक शील यादव, जिला सूचना अधिकारी श्रीमती आरती वर्मा सहित विभिन्न अखबारों व चैनलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## समाधान योजना में अस्सी हजार वसूले

**रामनगर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एक मुश्त समाधान योजना के तहत नगर पंचायत परिसर में लगाए गए शिविर में विद्युत विभाग द्वारा लगभग 80 हजार रुपए की नगद वसूली की गई तथा इस योजना का लाभ लेने वाले 21 बकाये दारो का रजिस्ट्रेशन भी किया गया। आज सोमवार को अधिशासी अभियंता विद्युत दिलीप यादव की अगुवाई में लगाए गए शिविर में ओटीएस योजना के तहत 21 लोगों का रजिस्ट्रेशन किया गया तथा मौके पर ही बकायेदारों से 80 हजार की वसूली की गई। यही नहीं शिकायत मिलने पर पांच लोगों के बिलों में संशोधन भी किया गया। एसडीओ विद्युत मनोज यादव ने बकायेदारो से अपील की कि इस सुनहरे अवसर का लोग शीघ्र ही लाभ लेले समय सीमा समाप्त होने के बाद पूरा बकाया वसूल किया जाएगा। इस मौके पर अवर अभियंता विद्युत अनुराग टी जी टू विनय यादव विद्युत कर्मचारी नवाब हुसैन कमलेश कुमार रामदेव यादव हिमांशु मनोज वहाब व दिनेश मौजूद रहे।

## राज्यमंत्री ने किया कम्बल वितरण

**दरियाबाद बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आलियाबाद में स्थित प्राथमिक विद्यालय में राज्य मंत्री सतीश चंद शर्मा ने मंगलवार को असहाय गरीब बुजुर्ग महिलाओं पुरुषों को कंबल का वितरण किया ।इस दौरान पांच सौ लोगों को कम्बल वितरण किया गया । कम्बल पाकर लोगो के चेहरे खिल उठे ।उपजिलाधिकारी राम आसरे वर्मा , तहसीलदार उमेश द्विवेदी ,कानूनगों कमलेश वर्मा , अश्वनी मिश्रा , ब्रजभानु तिवारी , संदीप त्रिपाठी राहुल वर्मा सोनू शुक्ला सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा, निकली शोभायात्रा

**निंदूरा बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ब्लॉक क्षेत्र के गढ़िया गांव में निर्मेमित में शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा के दृष्टिगत स्थानीय ग्रामीणों में भारी उत्साह है। आज जब शोभायात्रा निकली तो ग्रामीणों में उल्लास देखते ही बना। श्रद्धालुओं में सैकड़ो की संख्या में महिलाएं, पुरुष व बच्चे शामिल थे। अमीर गुलाल उड़ाते हुए शोभायात्रा क्षेत्र के कई मंदिरों पर पहुंची।शोभा यात्रा में भक्त भजनों पर थिरकते हुए नजर आए। शोभा यात्रा कार्यक्रम स्थल से श्री चित्रकोटि बाबा मंदिर, देव देवेश्वर महादेव मंदिर, संकट मोचन हनुमान मंदिर, नगरसेन बाबा, झगड़ेश्वर महादेव, कमलेश्वर महादेव, सदाशिव महादेव मंदिर, लोक कुशेश्वर महादेव मंदिर, विश्वनाथ मंदिर, सिद्ध पीठ श्री माता मैया धाम , बुढ़वा बाबा मंदिर से होते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पर पहुंची।इस मौके पर मुख्य यजमान अनिल तिवारी,राजू तिवारी,आचार्य मोनू पाण्डेय,मनोज शुक्ला,धनंजय कृष्ण अवस्थी,सत्य प्रकाश मिश्रा,ग्राम प्रधान गीता शुक्ला सहित सैकड़ों लोग शोभा यात्रा में शामिल हुए।

## समाधान शिविर में चार लाख वसूला

**मसौली बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विद्युत उपखण्ड अधिकारी अभिषेक कुमार मल्ल एवं अवर अभियंता लालजी सिंह के नेतृत्व में ग्राम सैदनपुर में आयोजित विद्युत समाधान कैम्प में विद्युत बकाया चेकिंग अभियान में लगभग 62 बकायादारों के कनेक्शन काटे गए तथा 20 नेवर पेड उपभोक्ताओं से उनका बिल जमा करवाया गया एवं 06 बड़े बकायादारों के मीटर उतार कर फ़ोर्स पीडी में भेजा गया। विद्युत विभाग ने इस अभियान में लगभग 4 लाख रुपये की राजस्व वसूली करवायी। अभियान में मोहम्मद अफ़ज़ाल रहबर अंसारी, बृजेश कुमार, मनोज लाइनमैन, मो दानिश, मो कैफ, फ़ैयाज़, रीडर साजिद, रोहित, आदित्य आदि मौजूद रहे।

## मनाया गया संविधान गौरव दिवस

**बेलहरा बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बेलहरा में भाजपा नेता सुनील सोनी के नेतृत्व में नगर पंचायत बेलहरा के जल्लान नगर वार्ड नंबर पांच में भारतीय संविधान गौरव दिवस मनाया गया।मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मंडल अध्यक्ष बेलहरा करुणा शंकर शुक्ला ने विपक्षियों द्वारा फैलाई जा रहे संविधान के नाम पर भ्रम को दूर करने को कहा।उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी संविधान का आदर और सम्मान करती है। बिना भेदभाव के सब को एक साथ रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में सुंदर गौतम, सुमेरी गौतम, बाबादीन, नीरज निगम, सुनील सोनी,शक्तिमान सैनी आदि लोग मौजूद रहे।

## नगर पंचायत कॉलेज में बनाएगी आधुनिक शौचालय

**जैदपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर पंचायत जैदपुर के वार्ड वसीनगर स्थित नूर मोहम्मद इण्टर कालेज में छात्र-छात्राओं व अन्य स्टॉफ के लिए दो मल्टिपल हैण्डवाश व 03 सीटर शौचालय व 02 सीटर यूरीनल के निर्माण कार्य को नगर पंचायत प्रशासन ने स्वीकृति प्रदान की है। अध्यक्ष प्रतिनिधि मो.दाउद अलीम के अनुसार उक्त सभी कार्यों का निर्माण कार्य-अतिशीघ्र प्रारम्भ होगे।

## वार्षिकोत्सव, शोभायात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राम मंदिर निर्माण एव प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर कस्बा बदोसराय मैं शोभा यात्रा निकालकर उत्सव मनाया गया । मंगलवार को मातन मंदिर विदुर आश्रम बदोसराय परिसर से राम दरबार रथ पर सजाकर कस्बे में शोभा यात्रा निकली गई । शोभा यात्रा का जगह-जगह कस्बे वासियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया । शोभायात्रा में कस्बे एवं क्षेत्र के आसपास के गांवों से भारी संख्या में लोग शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान बैंड बाजे पर बज रहे राम धुन एवं राम भजनों पर युवा नृत्य करते हुए जय श्री राम के उद्घोष के साथ चल रहे थे । कस्बा बदोसराय के मुख्य चौराहे पर भाजपा नेता प्रहलाद कनौजिया व नीरज वर्मा , ग्राम प्रधान रमसहांय दयाशंकर शुक्ल की अगुवाई में दर्जनों लोगों ने भगवान की आरती कर पुष्प वर्षा किया । यात्रा में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भारी संख्या में पुलिस बल मुस्तैद रहा। शोभा यात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर ग्राम टिकुरी होते हुए बदोसरांय कस्बे के मुख्य मार्गों पर भ्रमण करते हुए मुख्य चौराहे से मंदिर परिसर में पहुंचकर समाप्त हुई । यात्रा समापन के बाद हवन पूजन कर विशाल भंडारा आयोजित किया गया ।

## बैठक में तय की शिक्षा व संगठन की रीति नीति

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ब्लाक संसाधन केंद्र कोटवा सड़क में 12 न्याय पंचायतों क्रमशः प्राथमिक विधालय सोहासा में टिकरा खुशेहटी रामपुर, मवैया, उमरापुर राय साहेब, अह?मदपुर, महुलारा, सनौली, अमहिया, बनीकोडर, रसूलपर, मऊ गोरपुर में सभी प्र.अ. स. शिक्षामित्र की मासिक बैठक हुई जिसमे शिक्षा विषय पर एवं सभी संघ संगठन विषय पर चर्चा हुई। सभी न्याय पंचायतों में अध्यापको शिक्षामित्र को उच्चर प्राथमिक शिक्षक जिला संघ के जिला मंत्री मृगांक शेखर मिश्र ने नववर्ष, मकर संक्रांति की बधाई दी तथाकथित सभी को डायरी, पेन, अवन विभाग अनकाम तालिका नेकर बधाई दिया उसके साथ संगठन विस्तार क्रम में श्री रबीन्द्र कुमार शुक्लाजी एवं श्री दिग्विजय सिंह को ब्लाक उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया एवं शिक्षक हित में विचार विमर्श किया गया है एवं बैठक में अभिषेक तिवारी, दीपकसिंह, डा.सरोज कुमार आयुष तिवारी, वीरन्ड सिंह, उर्स्वेदी वरिष्ट उपाध्यात दिनेम सिंह कोषाख, दिवाकर वर्मा ब्लाक संयुक्त मंत्री राजेश सिंह ब्लाक अध्यक्ष, सदीप पाण्डेय मिसक नेता, शमांक निवेदर्दी शिक्षक नेता, अभिषेक मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# राजपोषित मांग को लेकर सहायकों का मांग पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। मानदेय बढ़ोतरी एव ग्राम निधि से हटाकर राज्यपोषित किये जाने की मांग को लेकर मंगलवार को पंचायत सहायको ने सहायक विकास अधिकारी पंचायत को चार सूत्रीय ज्ञापन सौपा।

मंगलवार को दर्जनों पंचायत सहायकों ने चार सूत्रीय ज्ञापन सौपते हुए कहा कि पंचायत सहायक जिम्मेदारियों का निर्वाहन पूरी निष्टा, ईमानदारी और सेवा भावना के साथ कर रहे है। पंचायत स्तर पर सरकारी योजनाओ के क्रियान्वयन से लेकर विभिन्न ऑनलाइन कार्यों को सम्पादित करने में हम महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है, किन्तु हमारे द्वारा किये जा रहे कार्यों और प्राप्त हो रहे मानदेय तथा सुविधाओ के बीच काफी असमानता है जिन्हे उत्तर प्रदेश सरकार के समक्ष प्रस्तुत करते हुए उन्हें शीघ्र समाधान की अपेक्षा करते है।पंचायत सहायको का मानदेय वृद्धि न्यूनतम कुशल मजदूरी दर के आधार पर किया जाए। इसके साथ ही इसे ग्राम निधि से हटाकर राज्यपोषित किया जाये साथ अनुबंध प्रणाली को समाप्त करते हुए पंचायत सहायको की सेवा नियमावली बनाई जाए और उन्हें स्थाई किया जाये, ताकि हम अधिक स्थायित्व और सुरक्षा के साथ अपनी सेवाए दे सके।

पंचायत सहायक लगभग पंचायत सचिव के सामान कार्य कर रहे है। ग्राम पंचायत आधिकारी के रिक्त पदों पर पंचायत सहायको को आरक्षण प्रदान किया जाए , पंचायत सहायको द्वारा विभिन्न सर्वेक्षण कार्य ऑनलाइन किये जाते है, जिसके लिए उच्च गुणवत्ता वाले मोबाइल फ़ोन या टैबलेट की आवश्कता होती है। शासन से आग्रह है कि हमें यह उपकरण प्रदान किये जाये। इस मौके पर हंसराज वर्मा, जितेंद्र कुमार, अखिलेश, विनय, प्रिया, आरती, शिखा, सैय्यदा बानो, विश्वकर्मा, चंद्रकेश ,शालिनी,शिवानी,अंकिता सहित दर्जनों की संख्या में पंचायत सहायक मौजूद रहे।

# संविधान गौरव दिवस भेदभाव पर चिंता जताई



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बेलहरा बाराबंकी। भाजपा नेता सुनील सोनी के नेतृत्व में नगर पंचायत बेलहरा के जल्लान नगर वार्ड नंबर पांच में भारतीय संविधान गौरव दिवस मनाया गया।मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मंडल अध्यक्ष बेलहरा करुणा शंकर शुक्ला ने विपक्षियों द्वारा फैलाई जा रहे संविधान के नाम पर भ्रम को दूर करने को कहा।उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी संविधान का आदर और सम्मान करती है। बिना भेदभाव के सब को एक साथ रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में सुंदर गौतम, सुमेरी गौतम, बाबादीन, नीरज निगम, सुनील सोनी,शक्तिमान सैनी आदि लोग मौजूद रहे।

# विधान से समाधान महिलाओं को किया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जनपद न्यायाधीश पंकज कुमार सिंह के निर्देशन में ब्लॉक सभागार में विधान से समाधान कार्यक्रम मे महिलाओं के हितार्थ कानूनी एवं लाभकारी योजनाओं के दृष्टिगत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।अपर जिला जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीकृष्ण चंद्र सिंह ने महिलाओ के अधिकार एव घरेलू हिंसा अधिनियम, भरण-पोषण अधिनियम आदि के बारे में जागरूक किया।

कार्यक्रम में अपर जिला जज श्रीकृष्ण चंद्र सिंह ने कहा कि अंतराष्टीय स्तर पर हम एक आर्थक और राजनीतिक शक्ति पुंज के रूप में उभर रहे है। हमारे संविधान ने हमें जो अधिकार और अवसर दिए है ऐसे में महिलाओं को भारतीय कानून द्वारा दिए गए अधिकारों के प्रति जागरूक होनी चाहिए। उन्होनें कहा कि समान पारिश्रमिक अधिनियम के अनुसार अगर बात वेतन मजदूरी की हो तो लिंग के आधार पर किसी के साथ भी भेदभाव नहीं किया जा सकता है। काम पर हुए यौन उत्पीड़न अधिनियम के अनुसार आपको यौन उत्पीड़न के खिलाफ शिकायत दर्ज करने का पूरा अधिकार है। शिकायत पर तत्काल करवाई होगी। यौन उत्पीड़न की शिकार महिलाओं को नाम न छापने देने का अधिकार है। अपनी गोपनीयता की रक्षा करने के लिए यौन उत्पीड़न की शिकार हुई महिला अकेले अपना बयान किसी महिला पुलिस अधिकारी की मौजूदगी मे या फिर जिलाधिकारी के सामने दर्ज करा सकती है। शिविर में महिला अधिवक्ता रिसोर्स पर्सन श्रीमती कुरैशा खातून ने घरेलू हिंसा के खिलाफ अधिकार की जानकारी दी। इस मौक़े पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत जानकी राम, ए डी ओ आई एस बी मदनगोपाल कनौजिया, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से आये लवकुश कनौजिया, सौरभ शुक्ला, मोहित कुमार वर्मा, मोहित कुमार प्रजापति व काफी संख्या में महिलायें उपस्थित रही।

## बीडीओ ने की विकास कार्यों की समीक्षा

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। ब्लॉक सभागार में खंड विकास अधिकारी अदिति श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में महत्वपूर्ण विकास कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में मनरेगा, शौचालय निर्माण, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना के साथ-साथ झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले पात्र लाभार्थियों के आवास चयन पर विशेष ध्यान दिया गया। बीडीओ श्रीवास्तव ने सभी विभागों को आवास निर्माण में तेजी लाने, चकबंदी की पटाई, तालाबों की खुदाई और मनरेगा के तहत रोजगार उपलब्ध कराने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से आवास चयन प्रक्रिया में पात्रता और अपात्रता की सूची का कड़ाई से पालन करने पर जोर दिया, ताकि योजनाओं का लाभ वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंच सके।बैठक में सचिव कुलदीप श्रीवास्तव, कुलदीप वर्मा, सुरेश चंद्र यादव, मनीष शुक्ला, राजेश कुमार, सतीश कुमार वर्मा, वीरेंद्र तिवारी, धर्मेंद्र वर्मा, विवेक कुमार सहित अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रधान प्रतिनिधि ने किया समरसता भोज का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। विकासखंड त्रिवेदीगंज के ग्राम पंचायत बहुता गांव में आज ग्राम प्रधान प्रतिनिधि/आरएसएस खंड सेवा प्रमुख त्रिवेदीगंज अरुण शुक्ला द्वारा समरसता भोज का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आरएसएस के अयोध्या सह विभाग के डॉ वीरेंद्र ने हिस्सा लिया।

डॉ वीरेंद्र ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि भारत देश को एक खुशहाल शांतिपूर्ण समृद्ध और मजबूत राष्ट्र बनाने में हिन्दू समाज की बड़ी भूमिका है।समाज के सभी वर्गों में व्यक्तियों और कुटुंबों की मित्रता होनी चाहिए. वहां रहने वाले सभी प्रकार के रहने वालों में मेरी मित्रता होनी चाहिए. खान-पान, और बोलचाल अलग होने के बावजूद भी मित्रता होनी चाहिए, तभी समरसता होगी उन्होंने पर्यावरण पर जोर देते हुए कहा कि हमें ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करना चाहिए और प्लास्टिक का उपयोग बिलकुल न के बराबर करना चाहिए। ग्राम प्रधान मोहम्मदपुर अभय प्रताप सिंह ग्राम प्रधान बारा आसाराम वर्मा हैदरगढ़ के नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष रजत मिश्रा मोहित का प्रधान प्रतिनिधि अरुण शुक्ला द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर संघ के खंड संचालक ओमप्रकाश जिला व्यवस्था प्रमुख राजकुमार जिला कार्यवाह अभिषेक त्रिवेदीगंज के खंड कार्यवाह समरेंद्र धर्मेंद्र मिश्रा लवलेश बृजेश शुक्ला राम हेत महतो ,राहुल दीक्षित मनमोहन मिश्रा कुंज बिहारी पांडे विकास पांडे विनोद त्रिपाठी राम अनुज मौर्य सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# असंगठित क्षेत्र के कामगारों, शिल्पकारों और श्रमिकों में कार्य को सुगम बनाने की विद्यमान हैं असीम संभावनाएं : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। बिना किसी प्रोफ़ेशनल डिग्री के असंगठित क्षेत्र के कामगारों, शिल्पकारों और श्रमिको में अपने कार्य को सुगम बनाने के लिए असीम संभावनाएं विद्यमान है, जिसका एक स्वरूप आज इस जनपद स्तरीय नव प्रदर्शनी में देखने को मिल रहा है। यह विचार जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने किसान कल्याण केन्द्र, बंकी में आयोजित जिला स्तरीय नव प्रवर्तन प्रदर्शनी में व्यक्त किये। मुख्य विकास अधिकारी श्री अन्ना सुदन ने कहा चाहे भोजन में हो चाहे कार्य क्षेत्र में नव प्रवर्तन ने चीजों को सुगम बनाया है। तृणमूल नव-प्रवर्तक अपनी सोच के द्वारा नवीन तकनीक को दुनियां के सामने लाने में सक्षम है। जिला विद्यालय निरीक्षक श्री ओ पी त्रिपाठी ने बताया कि जैसे ही हम किसी भी कार्य के पीछे के कारण के बारे में सोचते हैं हम विज्ञान की दिशा में आगे बढ़ जाते हैं। नव-प्रवर्तन के लिए किसी विचार में तीन गुण होना आवश्यक है - सरलता से लागू होने वाला, उसका अनुकरण आसानी से किया जा सका और जिस क्षेत्र के लिए वह नव प्रवर्तन हो उसमें गुणात्मक वृद्धि कर सकने में सक्षम हो।'' प्रदर्शनी का शुभारंभ उप निदेशक कृषि श्री श्रवण कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक श्री ओ पी त्रिपाठी के द्वारा किया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी श्री अन्ना सुदन, उप निदेशक कृषि श्री श्रवण कुमार द्वारा प्रतिभागी नव-प्रवर्तकों द्वारा किये गए नव-प्रवर्तनो को देख कर उनकी सराहना करते हुए कहा कि इन्ही नव-प्रवर्तनो में से कुछ को दैनिक जीवन में उपयोगी रुप में लागू किया जा सकता है। कार्यक्रम में लगभग 250 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। इस जिला स्तरीय नव-प्रवर्तन प्रदर्शनी में कृषि विभाग, उद्यान विभाग, कौशल विकास मिशन, आई टी आई, स्वतः रोजगार, जिला उद्योग केन्द्र से कुल 20 नव-प्रवर्तकों ने अपने नव-प्रवर्तनो का प्रदर्शन किया। प्रदर्शित किए गए नव-प्रवर्तनो में केले के रस से थैला, स्क्रीन पेंटिंग, इम्ब्रॉइडरी चिकन, नग कसीदाकारी, हाइड्रोपोनिक विधि से स्ट्रॉबेरी की खेती, मौन पालन एवं शहद प्रसंस्करण, टोकरी उत्पाद, कीटनाशक मुक्त आईपीएम युक्त कृषि उत्पाद, सोलर ऊर्जा से चालित उपकरण, भूमि कार्बन डेटिंग, ऑर्गेनिक सब्जी उत्पादन आदि प्रदर्शित किए गए। समन्वयक जिला विज्ञान क्लब आशीष पाठक ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। नव-प्रवर्तन के बारे में कुछ महत्वपूर्ण बिंदु पर जानकारी देते हुए कृषि वैज्ञानिक डॉ अश्वनी कुमार सिंह ने जैविक खेती सम्बन्धी नव प्रवर्तन की जानकारी प्रदान, श्री मो0 रियाज़ मेकेनिकल विभाग पॉलीटेक्निक, रूबी जमशेद सहायक आयुक्त जिला उद्योग केन्द्र और सुनील कुमार सिंह प्रधानाचार्य आई टी आई ने विशेषज्ञ वक्ता के रूप में महत्वपूर्ण विषयों को उपस्थित नव प्रवर्तकों से साझा किया और अनेक नव प्रवर्तनो के विषय में जानकारी प्रदान की। उप निदेशक कृषि श्री श्रवण कुमार ने श्री अन्न के विभिन्न लाभदायक प्रयोगों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की और कहा यह प्रदर्शनी वैज्ञानिक सोच विकसित करने का बड़ा मंच है। प्रदर्शनी के निर्णायक एवं कार्यक्रम में तकनीकी विशेषज्ञ के रूप में मेकेनिकल विभाग से मो0 रियाज़, कृषि वैज्ञानिक डॉ अश्वनी कुमार सिंह और जिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह, जिला उद्योग केन्द्र से सहायक आयुक्त रूबी जमशेद ने प्रतिभागी नव प्रवर्तकों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का मूल्यांकन किया गया। निर्णायक मण्डल ने प्रदर्शनी में प्रथम स्थान मौन पालन एवं शहद प्रसंस्करण के लिए अजीत कुमार को और मो शकीब खान को उनके नव प्रवर्तन सौर ऊर्जा चालित विभिन्न उपकरणों के प्रदर्शन के लिए द्वितीय स्थान, तृतीय स्थान पारम्परिक चित्रकला के लिए पवन कुमार को प्राप्त हुआ।

# इंग्लैंड के खिलाफ नये सिरे से शुरूआत करने उतरेगी टीम इंडिया, शमी की वापसी पर फोकस

एजेंसी



कोलकाता। फिट होकर टीम में लौटे मोहम्मद शमी की वापसी पर सभी की नजरें होंगी जब सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय टी20 टीम इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में उतरेगी। भारतीय टीम का लक्ष्य आस्ट्रेलिया के टेस्ट दौरे पर शर्मनाक हार से मिले जख्मों पर मरहम लगाने का भी होगा। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टी20 और तीन वनडे मैच खेले जायेंगे जो अगले महीने होने वाली चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले दोनों टीमों के लिये खुद को आंकने का सुनहरा मौका है। शमी वनडे विश्व कप 2023 में चार मैचों से बाहर रहने के बावजूद भारत के सबसे कामयाब गेंदबाज रहे जिन्होंने 24 विकेट लिये थे। उन्होंने वानखेड़े स्टेडियम पर न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 57 रन देकर सात विकेट चटकाये थे। वह टी20 क्रिकेट में कुल 24 विकेट ले चुके हैं और इसमें अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहेंगे। आस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 नवंबर 2023 को फाइनल में मिली हार के बाद से टखने की चोट के कारण शमी टीम से बाहर हैं। इसके बाद उनके बायें घुटने में सूजन आ गई थी। स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की कमर में चोट होने से चैम्पियंस ट्रॉफी में उनका खेलना तय नहीं है जिससे शमी पर काफी दारोमदार होगा। शमी ने बंगाल के लिये रणजी ट्रॉफी में वापसी की और सात विकेट लेकर सत्र की पहली जीत दिलाई। इसके बाद सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 11 और विजय हजारे ट्रॉफी में पांच विकेट लिये। शमी ने टी20 कैरियर में 2014 में पदार्पण के बाद से सिर्फ 23 मैच खेले हैं। उन्होंने आखिरी बार इंग्लैंड के खिलाफ 2022 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल खेला था। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम आस्ट्रेलिया दौरे पर मिली हार को अभी तक भुला नहीं पाई है जिसके बाद टीम में अनुशासन बहाल करने के लिये बीसीसीआई ने कड़े दिशा निर्देश जारी किये हैं। हरफनमौला अक्षर पटेल को भारतीय टीम का उपकप्तान बनाया गया है जिन्होंने पिछले साल वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप में खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। अक्षर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में 31 गेंद में 47 रन बनाये और आठ मैचों में नौ विकेट भी लिये थे। भारत की चैम्पियंस ट्रॉफी टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे विकेटकीपर संजू सैमसन पर अच्छे प्रदर्शन का दबाव होगा। मध्यप्रदेश के खिलाफ रणजी मैच में उन्हें केरल टीम में जगह नहीं मिली।

# चैंपियंस ट्रॉफी पर फिर घमासान, टीम इंडिया की जर्सी से पाकिस्तान का नाम गायब

एजेंसी




नई दिल्ली। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 पाकिस्तान की मेजबानी में खेली जानी है। इस टूर्नामेंट की शुरुआत 19 फरवरी से होनी है। चैंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले 'हाइब्रिड मॉडल' के तहत पाकिस्तान के तीन शहरों (रावलपिंडी, कराची और लाहौर) और इसके इतर दुबई में होंगे। दरअसल, इस टूर्नामेंट के मुख्य आयोजक पाकिस्तान का नाम इस बार भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी पर नहीं होगा। इससे पहले, भारतीय बोर्ड ने कथित तौर पर कप्तान रोहित शर्मा को चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए कप्तानों की बैठक के लिए पाकिस्तान भेजने से भी इनकार कर दिया था। आपको बता दें कि आईसीसी इवेंट के दौरान होस्ट देशों का नाम सभी टीमों की जर्सी पर लिखा जाता है। जून 2024 में खेले गए टी20 वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज और यूएसए होस्ट नेशन थे। सभी टीमों की तरह टीम इंडिया की जर्सी पर भी वेस्टइंडीज और यूएएस का नाम लिखा गया था। ऐसे ही पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी का होस्ट है, लेकिन सामने आई रिपोर्ट में बताया गया कि भारत की जर्सी पर पाकिस्तान का नाम नहीं लिखा जाएगा। पीसीबी के एक अधिकारी ने कहा- बीसीसीआई टीम इंडिया की जर्सी पर पाकिस्तान का नाम छपवाकर 'क्रिकेट में राजनीति' कर रहा है। जो खेल के लिए बिल्कुल भी अच्छा नहीं है। उन्होंने पाकिस्तान का दौरा करने से भी इनकार कर दिया है। वे अपने कप्तान को ओपनिंग सेरेमनी के लिए पाकिस्तान नहीं भेजना चाहते हैं। वे नहीं चाहते कि मेजबान देश पाकिस्तान का नाम उनकी जर्सी पर लिखा जाए। हमें यकीन है कि वर्ल्ड गवर्निंग बॉडी (आईसीसी) ऐसा नहीं होने देगी और पाकिस्तान का समर्थन करेगी।

# संक्षिप्त समाचार

## स्टेडियम में 10.50 करोड़ रुपये से बनेगा सिंथेटिक ट्रैक

**महोबा।** खेलों को बढ़ावा देने के लिए स्पोर्ट्स स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रेक के निर्माण का खाका तैयार किया गया।शासन स्तर से सिंथेटिक ट्रैक के लिए 10.50 करोड रुपये का बजट का प्रस्ताव पास किया गया है। जिससे एथलेटिक्स खिलाड़ियों को आने वाले दिनों में ट्रैक का लाभ मिल सकेगा और सरकार की इस मुहिम से वीरभूमि के युवा खिलाड़ी भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर जनपद का नाम रोशन कर सकेंगे। जिला उपक्रीड़ाअधिकारी ने बताया कि जनपद मुख्यालय स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में 8 लाइन के 400 मीटर सिंथेटिक ट्रैक के निर्माण को शासन स्तर से मंजूरी मिल गई है। जिसके लिए 10.50 करोड रुपये के प्रस्ताव को हरी झंडी मिल गई है। बताया कि सभी प्रकार के मौसम में सिंथेटिक ट्रैक खिलाड़ियों के लिए उपयोगी साबित होता है। इस ट्रैक पर खिलाड़ियों को चोट आने का खतरा कम रहता है। खेल मंत्री के द्वारा जनपद वासियों को सिंथेटिक ट्रैक के रूप में एक बड़ी सौगात दी गई है। उपक्रीड़ाअधिकारी ने बताया कि गर्मी के मौसम में स्टेडियम के मैदान लगी घास को सूखने से बचाने के लिए नगर पालिका के द्वारा स्टेडियम में एक हैवी बोर कराया गया है। जिससे अब गर्मी के मौसम में घास को सूखने से बचाया जा सकेगा और पूरे वर्ष भर स्टेडियम का मैदान हरा भरा रहेगा।

## एमसीएक्स को चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 160.04 करोड़ रुपये का लाभ

**नयी दिल्ली।** मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में लाभ 160.04 करोड़ रुपये रहा। एमसीएक्स को वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में 5.35 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। कंपनी बयान के अनुसार, समीक्षाधीन अवधि में भारत के सबसे बड़े गैर-कृषि जिंस डेरिवेटिव सूचकांक की कुल आय सालाना आधार पर 209.26 करोड़ रुपये से बढ़कर 324.36 करोड़ रुपये हो गई। व्यय सालाना आधार पर 222.25 करोड़ रुपये घटकर 123.03 करोड़ रुपये हो गया।

## तमिलनाडु का विकास, भारत का विकास है: मंत्री टीआरबी राजा

**दावोस।** तमिलनाडु के उद्योग मंत्री टीआरबी राजा ने राज्य को वैश्विक प्रथाओं के अनुरूप सर्वोत्तम निवेश गंतव्य के रूप में पेश करते हुए कहा कि उनकी सरकार दुनिया के सर्वश्रेष्ठ लोगों से सीखने के बाद अपनी आर्थिक तथा औद्योगिक नीतियों को लागू करती है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक में भाग लेने के लिए यहां पहुंचे द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) के नेता कहा कि तमिलनाडु में आने वाला कोई भी निवेश अंततः भारत में निवेश होगा। तमिलनाडु के अलावा अन्य भारतीय राज्यों ने भी इस वर्ष केंद्र सरकार के दो मंडपों के साथ-साथ यहां अपने मंडप स्थापित किए हैं। दावोस से अपनी अपेक्षाओं के बारे में राजा ने कहा, '' हम नई शुरुआत की उम्मीद कर रहे हैं। तमिलनाडु ने दावोस में नियमित रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है और हम यहां दावोस में विश्व अर्थव्यवस्था तथा दुनिया भर के उद्योगों के लिए कई नीतिगत पहल तथा नए खाके देखते रहे हैं। उन्होंने कहा, '' हम यहां नियमित रूप से आते रहे हैं, यहां होने वाली चर्चाओं से हम सीखते रहे हैं और तदनुसार हम तमिलनाडु के विकास के लिए अपना खाका तैयार करते रहे हैं। इन सभी वर्षों में दावोस से मिली सीख ने हमारी मदद की है। मंत्री ने कहा कि उनके राज्य ने मोटर वाहन जैसे विभिन्न विनिर्माण क्षेत्रों के साथ-साथ कपड़ा जैसे क्षेत्रों में अपनी क्षमता साबित की है। अब उन्हें विभिन्न उद्योगों में दुनिया भर से और अधिक निवेश की उम्मीद है। राजा ने आगामी केन्द्रीय बजट में भारत के आम नागरिकों की बेहतरी के लिए नये उपाय पेश किए जाने की भी उम्मीद जाहिर की। यहां उपस्थित अन्य वैश्विक नेताओं के अलावा, राजा ने तमिलनाडु के मंडप में सऊदी अरब के उद्योग मंत्रालय के उद्योग तथा खनिज संसाधन मंत्री बांदर बिन इब्राहिम अलखोरायफ से मुलाकात की। उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अर्थव्यवस्था मंत्री अब्दुल्ला बिन तौक-अल-मारी से भी मुलाकात की।

## वैश्विक बाजार में प्रसंस्कृत भारतीय खाद्य पदार्थों के लिए अपार संभावनाएं: चिराग पासवान

**दावोस।** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने भारतीय खाद्य उत्पादों को वैश्विक स्तर पर ले जाने की वकालत करते हुए कहा कि भारतीय प्रसंस्कृत खाद्य क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय बाजारों में वृद्धि की अपार संभावनाएं हैं। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक के लिए यहां पहुंचे पासवान ने बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उन्हें आवंटित खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय एक बड़ी जिम्मेदारी लेकर आया है। पासवान ने सोमवार शाम दावोस पहुंचने के बाद कहा, '' हमारा मकसद किसानों की अधिक मदद करना और साथ ही देश के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को और मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि भारत जैसे कृषि प्रधान देश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग हमारे किसानों की आर्थिक प्रगति सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए पासवान ने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान होगा। मंत्री ने कहा, '' हमारे किसानों को पहले फसल कटाई के बाद कई समस्याओं का सामना करना पड़ता था, लेकिन पिछले 10 वर्षों में हमने इसके लिए कई नए कार्यक्रम देखे हैं। इनसे न केवल किसानों को फसल कटाई के बाद मदद मिली है, बल्कि इन्होंने क्षेत्र में बड़ी संख्या में उद्यमियों को तैयार करने में भी योगदान दिया। उन्होंने कहा, '' मैं ग्रामीण क्षेत्र की बात कर रहा हूं, सिर्फ बड़े या मझोले श्रेणी के शहरों की नहीं। मेरा मानना है कि हमारे खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के पास अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकास की अपार संभावनाएं हैं। विश्व आर्थिक मंच की पांच दिवसीय वार्षिक बैठक 24 जनवरी को संपन्न होगी। इस दौरान पासवान यहां कई द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। उन्होंने साथ ही कहा कि भारतीय व्यंजनों को विश्व स्तर पर किस तरह पसंद किया जाता है, यह सभी जानते हैं। मंत्री ने कहा, '' सदियों से भारतीय मसाले हर जगह प्रसिद्ध हैं। हमारे देश में उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक इसकी कई किस्में हैं। ये सभी अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काफी लोकप्रिय हैं। उन्होंने कहा, '' इसके साथ ही, वैश्विक स्तर पर प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ रही है। यदि हम पिछले एक दशक के आंकड़ों पर नजर डालें तो प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का निर्यात 13-14 प्रतिशत से बढ़कर 23-24 प्रतिशत हो गया है। पासवान ने कहा, '' इससे पता चलता है कि वैश्विक बाजार में इस क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं हैं। मैं इसी दिशा में काम कर रहा हूं, ताकि भारतीय ब्रांडों को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिले।''

# श्रीलंका की महिला टीम ने वेस्टइंडीज को 81 रनों से हराया

एजेंसी




कुआलालंपुर। कप्तान मानुदी ननायक्करा (41), संजना काविंदी (39) रनों की पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत मंगलवार को श्रीलंका की महिला टीम ने अंडर-19 विश्वकप में वेस्टइंडीज को 81 रनों से हरा दिया। श्रीलंका के 166 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र 16 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। इसके बाद कप्तान सामरा रामनाथ और जी क्लैक्सटन ने पारी संभालने का प्रयास किया लेकिन श्रीलंकाई गेंदबाजी के आगे वेस्टइंडीज के बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सके। तीसरे विकेट के रूप में जी क्लैक्सटन (15) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद अमृता रामटहल (11), केनिका कसार (12) रन बनाकर आउट हुयी। वेस्टइंडीज के सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सके। कप्तान सामरा रामनाथ ने 23 गेंदों में (24) रनों की पारी खेली। श्रीलंकाई गेंदबाजों ने वेस्टइंडीज की पूरी टीम को 19.4 ओवर में 85 रन पर समेटकर 81 रनों से बड़ी जीत दर्ज की। श्रीलंका की ओर से चमोदी प्रबोदा ने तीन विकेट लिये। असेनी थलागुने और लिमंसा थिलाकरथना को दो-दो विकेट मिले। प्रमुदी मेथसरा और शशिनी गिम्हानी ने एक-एक बल्लेबाजों को आउट किया। इससे पहले आज यहां श्रीलंका की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने श्रीलंका के लिए संजना काविंदी और सुमुदु निसांसला की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 54 रन जोड़े। श्रीलंका का पहला विकेट सुमुदु निसांसला (19) के रूप में गिरा। इसके बाद 12वें ओवर में संजना काविंदी 36 गेंदों में (39) रन बनाकर आउट हुई। हिरुनी हंसिका (एक), रश्मिका सेवांडी (शून्य) पर आउट हुई। कप्तान मानुदी ननायक्करा ने 31 गेंदों में (41) रनों की पारी खेली। दाहामी सानेत्मा 25 गेंदों में (31) और शशिनी गिम्हानी (चार) रन बनाकर नाबाद रही। श्रीलंका की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 166 रनों का स्कोर खड़ा किया। वेस्टइंडीज की ओर से सेलेना रॉस को दो विकेट मिले। जी क्लैक्सटन, एन कंबरबैच और केनिका कसार ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## टाटा स्टील शतरंज : प्रज्ञानानंदा ने अर्जुन को हराया, संयुक्त बढ़त पर

विज्क आन जी (नीदरलैंड)। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने हमवतन अर्जुन एरिगेसी पर जीत दर्ज करके टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे दौर के बाद उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के साथ संयुक्त बढत बना ली है। प्रज्ञानानंदा और अब्दुसत्तोरोव के 2 . 5 अंक हैं। प्रज्ञानानंदा ने 60 चालों के बाद जीत दर्ज की। एरिगेसी की तीन दिन में यह दूसरी हार है जो पहले दिन पी हरिकृष्णा से पराजित हुए थे। विश्व चैम्पियन डी गुकेश ने सफ़ेद मोहरों से खेलते हुए शीर्ष वरीयता प्राप्त फ़ेबियानो कारूआना को ड्रॉ पर रोका। उनके तीन में से दो अंक है। हरिकृष्णा को पदार्पण कर रहे भारत के ही लियोन ल्यूक मेंडोसा ने ड्रॉ पर रोका। साल के पहले सुपर टूर्नामेंट के अभी नौ दौर बाकी हैं। गुकेश, कारूआना और जर्मनी के विंसेंट केमेर तीसरे स्थान पर हैं जबकि हरिकृष्णा 1 . 5 अंक लेकर चार खिलाड़ियों के साथ अगले स्थान पर हैं।

# एलएंडटी मुंबई ओपन डब्ल्यूटीए 125 का चौथा संस्करण फरवरी में, एमएसएलटीए, सीसीआई करेंगे मेजबानी

एजेंसी




मुंबई। महाराष्ट्र राज्य लॉन टेनिस एसोसिएशन (एमएसएलटीए) और क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (सीसीआई) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाला एलएंडटी मुंबई ओपन डब्ल्यूटीए 125 के सीरीज का चौथा संस्करण फरवरी 2025 में शुरू होगा। टूर्नामेंट 1 फरवरी से क्वालीफाइंग राउंड के साथ शुरू होगा, जबकि मुख्य ड्रॉ 3 फरवरी से होगा और फाइनल मुकाबला 9 फरवरी को सीसीआई के कोर्ट पर खेला जाएगा। इस इवेंट में दुनिया के शीर्ष और उभरते हुए खिलाड़ी भाग लेंगे। आयोजन समिति के सदस्य, आईएएस अधिकारी संजय खंडारे और प्रवीण दराडे ने कहा, ्ल्हम चौथी बार एलएंडटी मुंबई ओपन की मेजबानी करते हुए रोमांचित हैं। पिछले तीन संस्करणों की सफलता के बाद, हमें इस बार भी दिलचस्प मुकाबलों की उम्मीद है। मुंबई हमेशा खिलाड़ियों और प्रशंसकों के लिए खास रही है, और हमें विश्वास है कि यह संस्करण भी यादगार होगा। इस बार टूर्नामेंट में कई शीर्ष खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इनमें शामिल हैं: तात्जाना मारिया (जर्मनी): वर्तमान विश्व रैंकिंग 89। अपने करियर का चौथा एकल खिताब जीतने के इरादे से उतरेंगी। रेबेका मैरिनो (कनाडा): विश्व रैंक 98। 2024 में डॉव टेनिस क्लासिक जीतने वाली मैरिनो अपने दूसरे डब्ल्यूटीए खिताब के लिए प्रयास करेंगी। नूरिया पैरिज़ास-डियाज़ (स्पेन): विश्व रैंक 104। तीन डब्ल्यूटीए चैलेंजर खिताब अपने नाम कर चुकीं नूरिया हाल ही में वर्कडे कैनबरा इंटरनेशनल के सेमीफाइनल में पहुंची थीं। गत विजेता दार्ज़ा सेमेनिस्टाजा (लातविया), जो विश्व रैंकिंग में 120वें स्थान पर हैं, अपने खिताब की रक्षा करेंगी। इसके अलावा, ग्रेट ब्रिटेन की हैरियट डार्ट (रैंक 113) और फिलीपींस की युवा खिलाड़ी एलेक्जेंड्रा एला (रैंक 138) भी मुकाबले का हिस्सा होंगी। 2024 में मुंबई ओपन ने छह साल बाद वापसी की थी। पिछले एकल खिताब लातवियाई खिलाड़ी दार्ज़ा सेमेनिस्टाजा ने जीता था, जबकि युगल में डेलिला जाकुपोविक और सबरीना सांतामारिया की जोड़ी विजेता रही थी। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के पूर्व चैंपियंस में 2017 की विजेता विश्व नंबर 2 आर्यना सबालेंका और 2018 की विजेता थाईलैंड की लुक्सिका कुमखुम शामिल हैं। एलएंडटी मुंबई ओपन 2025 से न केवल प्रतिभागियों, बल्कि मुंबई के टेनिस प्रशंसकों को भी जबरदस्त उम्मीदें हैं।

# भारत को प्रधानमंत्री मोदी के रूप में 'सही समय पर सही नेता मिला': नायडू

एजेंसी

दावोस। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने मंगलवार को कहा कि भारत को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रूप में सही समय पर सही नेता मिला है और वह देश को विभिन्न आर्थिक तथा सामाजिक मानदंडों पर शीर्ष पर ले जाएंगे। नायडू ने '2047 तक स्वर्ण आंध्र' पर एक आर्थिक कार्यबल की शुरुआत के मौके पर कहा कि उनके राज्य में विकास की अपार संभावनाएं हैं और वह सही रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा, '' भारतीय विश्व स्तर पर सर्वाधिक स्वीकार्य समुदाय हैं और यह भविष्य में भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा, '' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रूप में हमें सही समय पर सही नेता मिला है। देश के लिए सुधारों तथा नीतिगत रूपरेखा के बारे में उनके पास पूर्ण स्पष्टता है। नायडू ने कहा, '' मुझे पूरा विश्वास है कि भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा और विभिन्न क्षेत्रों में पहले या दूसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। उन्होंने गरीबी तथा भुखमरी जैसे मुद्दों से निपटने और सभी के जीवन में सुधार लाने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल से पी4 मॉडल या 'सार्वजनिक, निजी तथा जन भागीदारी' की ओर आगे बढ़ने की वकालत की। नायडू ने सीआईआई के साथ साझेदारी में प्रतिस्पर्धा पर वैश्विक नेतृत्व केंद्र की स्थापना की भी घोषणा की। इस कार्यक्रम में उपस्थित टाटा समूह के प्रमुख एन. चंद्रशेखरन ने कहा कि '2047 तक स्वर्ण आंध्र' पर आर्थिक कार्यबल का सह-अध्यक्ष बनना उनके लिए सम्मान की बात है। उन्होंने तत्कालीन एकीकृत आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में नायडू की आर्थिक दूरदर्शिता की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, '' हम 2047 के लिए यह योजना विकसित कर रहे हैं, लेकिन साथ ही इसकी ओर बढ़ने के लिए तत्काल क्रियान्वित किए जाने वाली योजनाएं भी होंगी।

# भारत, बेल्जियम ने औषधि व कृषि उत्पादों में व्यापार बढ़ाने के तरीकों पर की चर्चा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत और बेल्जियम ने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए औषधि तथा कृषि उत्पादों जैसे क्षेत्रों में व्यापार मुद्दों को सुलझाने के लिए तंत्र स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की है। मंगलवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और बेल्जियम के विदेश एवं विदेश व्यापार मंत्री बर्नार्ड क्विंटिन के बीच ब्रसेल्स में हुई बैठक के दौरान इन मुद्दों पर चर्चा की गई। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, '' औषधि तथा कृषि उत्पादों के लिए अनुमोदन प्रक्रियाओं में नियामक बाधाओं पर भी चर्चा की गई और दोनों पक्षों ने निरंतर बातचीत के जरिये इन चुनौतियों से निपटने पर सहमति व्यक्त की। इसमें कहा गया कि दोनों मंत्रियों ने व्यापार मुद्दों के समाधान के लिए मजबूत तंत्र स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की। नेताओं ने यूरोपीय संघ-भारत मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) वार्ता की प्रगति पर भी चर्चा की। वार्ता को सुचारू बनाने तथा आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए व्यापार मुद्दों को प्राथमिकता देने के महत्व पर बल दिया गया। नवीकरणीय ऊर्ज़ा, जीवन विज्ञान, बुनियादी ढांचे, डिजिटल प्रौद्योगिकियों और खाद्य उत्पादों जैसे उभरते क्षेत्रों को दोनों देशों के बीच सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों के रूप में रेखांकित किया गया। इसमें कहा गया, बेल्जियम ने अपने व्यापार संबंधों में विविधता लाने के लिए भारत के साथ रणनीतिक साझेदार के रूप में जुड़ने के महत्व को स्वीकार किया। भारत-बेल्जियम व्यापार 2023-2024 में 15.07 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था।

# सर्राफा बाजार में तेजी का रुख सोना और चांदी की बढ़ी चमक

एजेंसी



नई दिल्ली। एक दिन की कमजोरी के बाद घरेलू सर्राफा बाजार में आज फिर तेजी लौटती हुई नजर आ रही है। सोने की कीमत में आज आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 81,380 रुपये से लेकर 81,230 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 74,650 रुपये से लेकर 74,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी मामूली तेजी आई है, जिसके कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 96,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 81,380 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 74,650 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 81,230 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 74,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 81,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 74,550 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 81,230 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 74,500 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 81,230 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 74,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 81,380 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 74,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 81,280 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 74,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 81,380 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 74,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 81,230 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना आज 74,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# लोकतांत्रिक संस्थाओं में कार्यकुशलता को बढ़ाना होगा : ओम बिरला

एजेंसी

पटना। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधानमंडलों के तकनीकी उन्नयन पर जोर देते हुए आज कहा कि बदलती टेक्नोलॉजी के इस युग में अपनी लोकतांत्रिक संस्थाओं में कार्यकुशलता को बढ़ाना होगा।

श्री बिरला ने मंगलवार को यहां 85वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन (एआईपीओसी) के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा, बदलती टेक्नोलॉजी के इस युग में हमें अपनी लोकतांत्रिक संस्थाओं में कार्यकुशलता को बढ़ाना होगा। मुझे खुशी है कि भारत की संसद दुनिया के सभी संसदों से टेक्नोलॉजी में आगे है। हम 22 आधिकारिक भाषाओं में से 10 में भाषांतरण कर रहे हैं। शीघ्र ही हम सभी 22 भाषाओं में यह सुविधा सदस्यों को उपलब्ध करायेंगे। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि संसद के अंदर सभी प्रकार के संसदीय कागजातों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के माध्यम से 10 क्षेत्रीय भाषाओं में सदस्यों को दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में भारत ही एक मात्र ऐसा



लोकतंत्र है जिसमें सारी बहसों और चर्चाओं को एआई के माध्यम से फ्लोर लैंग्वेज के अलावा अधिकतम भाषाओं में अनुवाद की ओर बढ़ रहे हैं। श्री बिरला ने कहा कि लोकसभा की कुशलता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए मेटा डेटा एवं अन्य उभरती प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा, संसद में हमने एआई के माध्यम से संसद भाषिणी के टूल्स बनाये हैं। हम उनको राज्यों के साथ भी साझा करेंगे ताकि राज्यों की विधानसभाओं में भी इनका उपयोग हो। चर्चाओं का डिजिटलीकरण होने से सदस्यों की कार्यक्षमता, कुशलता और उत्पादकता बढ़ेगी। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि विधानसभा के सदस्य पुरानी चर्चाओं का उपयोग करके सदनों में और अच्छा संवाद करेंगे। उन्होंने कहा, ल्लआज हम पटना की इस ऐतिहासिक धरती पर यह सामूहिक संकल्प ले रहे हैं कि हम अपनी लोकतांत्रिक संस्थाओं की कुशलता और दक्षता को बढ़ायेंगे, सदस्यों की कार्य क्षमता को बढ़ायेंगे ताकि हमारी लोकतांत्रिक संस्थाएं जनता के प्रति और जवाबदेह हो तथा उनकी अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को पूरा कर विकसित भारत के निर्माण का माध्यम बनेगी। श्री बिरला ने कहा कि पाटलिपुत्र शाश्वत भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों का उद्गम स्थल, गौरवशाली इतिहास परंपरा एवं संस्कृति, ज्ञान, शिक्षा, सभ्यता और लोकतंत्र की जन्म एवं कर्मभूमि है। उन्होंने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि यह पीठासीन अधिकारियों का सम्मेलन निर्णायक होगा, यहां जो संकल्प लिये गये हैं उनसे हम हमारे देश की विधायी संस्थाओं को जनता के प्रति और जवाबदेह बनायेंगे।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि हम विधान मंडलों में पारदर्शिता लायेंगे, बदलते परिप्रेक्ष्य में विधानमंडलों में नवाचार, नये नियम बनाना और जो वर्तमान समय की चुनौतियां हैं, उन चुनौतियों के समाधान का रास्ता पटना की धरती से निकलेगा। उन्होंने कहा कि पटना के इस सम्मेलन की उपलब्धि रही कि सदस्यों ने विधानसभाओं में किए गए नवाचारों की जानकारी और अनुभव साझा किए जिससे सभी को उन नवाचारों को अपने अपने सदनों में लागू करने की प्रेरणा मिली है।

श्री बिरला ने कहा, हमारे सदन जहां कानून बनाये जाते हैं, नीतियां बनायी जाती हैं, योजनाएं बनायी जाती हैं, लोगों की अपेक्षाओं, आकांक्षाओं को पूरा करने के विषय में चर्चा होती है, लोगों की कठिनाइयों, अभावों पर चर्चा होती है, हमारा प्रयास होना चाहिए कि यह सार्थक चर्चा और संवाद का केन्द्र बने। हमने संकल्प लिया है कि संविधान की भावनाओं के अनुरूप लोकतांत्रिक संस्थाओं के कार्यकरण में और कुशलता आये। उनकी दक्षता, कार्य-कुशलता और उत्पादकता में निरंतर वृद्धि हो।ङ्क

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि सदनों में गतिरोध नहीं हो, वैचारिक सहमति असहमति के बावजूद कानूनों पर व्यापक चर्चा हो, कार्यपालिका की नीतियों की समीक्षा हो ताकि हम शासन की और अधिक जवाबदेही और पारदर्शिता को सुनिश्चित कर सके। ये हमारा लक्ष्य होना चाहिए। श्री बिरला ने राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, बिहार विधान सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, समस्त पीठासीन अधिकारी, इस सम्मेलन में शामिल होने वाले एवं सम्मेलन के आयोजन से जुड़े सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए श्री नन्द किशोर यादव, बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह एवं विधानसभा के पदाधिकारी और कर्मचारियों को धन्यवाद दिया।

# ‘बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ’ योजना की 10वीं वर्षगांठ आज

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिवर्तनकारी योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) की 10वीं वर्षगांठ के मुख्य समारोह का आयोजन बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में होगा, जिसमें केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार मंत्री जे.पी. नड्डा के साथ केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर शामिल होंगी। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि इस कार्यक्रम में सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों और दिल्ली पुलिस की महिला अधिकारी भी भाग लेंगी। इसके अलावा, केंद्रीय मंत्रालयों की उप सचिव और उससे ऊपर के स्तर की महिला अधिकारी कार्यक्रम में शामिल होंगी। मंत्रालय के अनुसार छात्राओं, आंगनवाड़ी पर्यवेक्षक और कार्यकर्ता और राज्य तथा जिले के प्रतिनिधियों को भी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। इस कार्यक्रम में यूनिसेफ, यूएन महिला, यूएनडीपी, यूएनएफपीए, विश्व बैंक और जर्मन एजेंसी फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। योजना की 10वीं वर्षगांठ का उत्सव 22 जनवरी से आठ मार्च तक चलेगा और समापन अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर होगा। उद्घाटन समारोह में शपथ ग्रहण समारोह और सर्वोत्तम प्रक्रिया, मिशन वात्सल्य और मिशन शक्ति पोर्टल का की भी शुरुआत होगी। मंत्रालय के अनुसार इसी तरह के कार्यक्रम राज्य और जिला स्तर पर आयोजित किए जाएंगे, जिसमें 22 जनवरी, 26 जनवरी और आठ मार्च को विशेष कार्यक्रम होंगे। गतिविधियों में रैलियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सम्मान समारोह और संकल्प तथा महिला सशक्तीकरण केंद्र के तहत अभियान शामिल होंगे। पूरे उत्सव के दौरान, प्रिंट, डिजिटल और सोशल मीडिया की मदद से देशव्यापी अभियान योजना के संदेश को आगे बढ़ाया जायेगा।

# सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस सांसद प्रतापगढ़ी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई पर लगाई रोक

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कथित तौर पर सांप्रदायिक विद्वेष को बढ़ावा देने वाली कविता सोशल मीडिया पर डालने के मामले में कांग्रेस सांसद एवं कवि इमरान प्रतापगढ़ी पर कोई दंडात्मक कार्रवाई करने पर मंगलवार को रोक लगा दी।

न्यायमूर्ति ए एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने प्रतापगढ़ी को उनकी याचिका पर यह राहत दी और अदालत ने गुजरात सरकार और अन्य को नोटिस जारी किया। श्री प्रतापगढ़ी ने अपनी याचिका में अपने खिलाफ दर्ज मुकदमे को रद्द करने से इनकार करने वाले गुजरात उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी थी।

शीर्ष अदालत ने निर्देश देते हुए कहा, हमने कविता भी सुनी... संक्षिप्त नोटिस जारी करें। 10 फरवरी को जवाब देना है। दर्ज मुकदमे के मामले में कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। प्रतापगढ़ी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा उनकी प्राथमिकी रद्द करने की याचिका को खारिज करने की आलोचना करते हुए कहा, ल्लहम किस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं? न्यायालय को कुछ कहना है। बिना नोटिस जारी किए (उच्च) न्यायालय ने इसे (खारिज करने का) आदेश दे दिया। कांग्रेस सांसद के खिलाफ यह प्राथमिकी एक अधिवक्ता के क्लर्क की शिकायत के आधार पर दर्ज की गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि प्रतापगढ़ी ने सोशल मीडिया पर ‘ऐ खून के प्यासे बात सुनो...’ कविता वाला एक वीडियो पोस्ट किया था। इस मामले में गुजरात पुलिस ने उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 197 (राष्ट्रीय एकता को नुकसान पहुंचाने वाले आरोप), 299 (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से किए गए कृत्य) और 302 (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से शब्द बोलना) के तहत मुकदमा दर्ज किया था। गुजरात उच्च न्यायालय ने 17 जनवरी को प्राथमिकी रद्द करने से इनकार करते हुए कहा कि जांच अभी शुरुआती चरण में है। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति संदीप एन भट ने अपने कहा, मुझे भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 528 अथवा भारत के संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करने का कोई कारण नहीं दिखता। उच्च न्यायालय ने आगे कहा कि सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रतिक्रियाओं से पता चलता है कि इससे सामाजिक सद्भाव बिगड़ सकता है।

# राहुल से डरती है सरकार, भाजपा–आरएसएस की ‘विचाराधारा कायरों की’: प्रिंयका गांधी

एजेंसी

बेलगावी। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्यंवसेक संघ (आरएसएस) पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि दोनों की विचारधारा ‘‘कायरों’’ की है, जबकि मुख्य विपक्षी दल देश के लिए मर-मिटने का विचार रखता है।

उन्होंने यहां ‘जय बापू, जय भीम, जय संविधान रैली’ को संबोधित करते हुए यह दावा भी किया कि केंद्र सरकार लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से डरती है क्योंकि वह संविधान की लड़ाई लड़ रहे हैं। इस सभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल तथा पार्टी के कई अन्य नेता



मौजूद थे। राहुल गांधी अस्वस्थ होने के कारण इस रैली में शामिल नहीं हो सके। प्रियंका गांधी ने रैली में कहा, ‘‘यह संविधान कोई पुस्तक नहीं है, बल्कि आपका (जनता) सुरक्षा कवच है...बाबासाहेब ने इसमें लोकतंत्र की सुरक्षा समाहित की है। प्रियंका गांधी ने कहा कि बाबासाहेब सामाजिक न्याय और अधिकार का प्रतीक हैं। कांग्रेस नेता ने संसद में गृह मंत्री अमित शाह के बयान का हवाला देते हुए कहा, ‘‘बहुत सरकारें आईं और बहुत सरकारें गईं, अनेक पार्टियों की सरकारें बनी, लेकिन कोई ऐसी सरकार नहीं आई जिसके गृह मंत्री ने संसद में खड़े होकर बाबासाहेब का अपमान किया हो। आज तक कोई सरकार (सत्ता में) नहीं रही जिसके मंत्रियों ने चुनाव में घूम-घूम कर संविधान बदलने का ऐलान किया हो। उन्होंने कहा, ‘‘क्या कोई सोच सकता था कि आजादी के इतने वर्षों बाद कहा जाएगा कि देश को 1947 में स्वतंत्रता नहीं मिली। किसी ने नहीं सोचा था कि इस तरह का अपमान सरकार की तरफ से किया जाएगा। प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि देश के गृह मंत्री ने बाबासाहेब का अपमान करके लोकतंत्र का अपमान किया है और स्वतंत्रता सेनानियों तथा आजादी के लिए शहीद होने वाले लोगों का अपमान किया है। उन्होंने दावा किया कि आरएसएस की विचारधारा ने संविधान के निर्माण के समय भी अपमान किया और संविधान के खिलाफ अभियान चलाया था। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि जब बाबासाहेब ने महिला अधिकार की बात की थी तो आरएसएस के लोगों ने उनके पुतले जलाए थे।

# भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में कबूला, मुफ्त शिक्षा और इलाज बंद करेंगे: केजरीवाल

एजेंसी

नयी दिल्ली, 21 जनवरी (वार्ता) आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संकल्प पत्र पर हमला करते हुए मंगलवार को दावा किया कि भाजपा ने अपने दो संकल्प पत्रों में क़बूल किया है और सीधे एलान कर दिया है कि वह दिल्ली के मोहल्ला क्लीनिक बंद कर देंगे और सरकारी स्कूलों में मिलने वाली मुफ्त शिक्षा बंद कर देंगे।

श्री केजरीवाल ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन कर कहा, भाजपा ने अभी तक दो संकल्प पत्र जारी किए हैं। दोनों संकल्प पत्र दिल्ली ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए बहुत खतरनाक हैं। इन लोगों ने बड़ी ईमानदारी से कबूल कर लिया है कि इनकी असली नियत और मंशा क्या है? कोई भी व्यक्ति भाजपा के संकल्प पत्रों को पढ़ेगा तो उसका खून खौल उठेगा। हम बार-बार कह रहे हैं कि दिल्ली में हम लोगों ने दिल्ली में शिक्षा मुफ्त कर दी। हम लोगों ने दिल्ली के 18 लाख बच्चों के लिए शानदार शिक्षा का इंतजाम किया है। अगर ये लोग आ गए तो मुफ्त शिक्षा बंद कर देंगे। हम लोग बार-बार कह रहे हैं कि ये लोग आ गए तो मुफ्त इलाज बंद कर देंगे, मुफ्त बिजली बंद कर देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने चार दिन पहले अपना पहला संकल्प पत्र जारी किया। उस संकल्प पत्र में साफ-साफ लिखा कि दिल्ली के मोहल्ला क्लीनिक बंद कर दिए जाएंगे। दिल्ली के लोगों को जो मुफ्त इलाज मोहल्ला क्लीनिकों और अस्पतालों में मिल रहा है, वो बंद कर दिया जाएगा।

आप नेता ने कहा कि ये लोग अपने दूसरे संकल्प पत्र में कह रहे हैं कि दिल्ली के स्कूलों में मिलने वाली मुफ्त शिक्षा को बंद कर दिया जाएगा। संकल्प पत्र में लिखा है कि सरकारी शिक्षण संस्थाओं में दिल्ली के जरूरतमंद छात्रों को मुफ्त शिक्षा दी जाएगी। इसका मतलब अब ये सबकी मुफ्त शिक्षा बंद कर देंगे। इसका मतलब यह है कि लोग इनके घरों के चक्कर काटेंगे कि उनके बच्चे की शिक्षा भी मुफ्त कर दी जाए। श्री केजरीवाल ने मंगलवार को ‘एक्स’ पर एक वीडियो जारी कर कहा, ल्लसोमवार को मैंने यह कह दिया था कि रावण सोने का हिरण बन कर आया था। इसके बाद आज पूरी भाजपा मेरे घर के सामने धरने पर बैठी है और कह रही है कि मैंने रावण का अपमान कैसे कर दिया? आखिर भाजपा वालों को रावण से इतना प्यार क्यों है? इनकी राक्षसी प्रवृत्ति है। मैं दिल्ली के झुग्गीवालों और गरीब तबके के लोगों को चेताना चाहता हूं कि अगर ये लोग आ गए तो राक्षसों की तरह आपको निगल जाएंगे।

आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने ‘एक्स’ पर कहा, ल्लकल केजरीवाल ने एक जनसभा में रावण से जुड़ी एक टिप्पणी की और पूरी भाजपा तुरंत रावण के बचाव में कूद पड़ी, जैसे वे खुद रावण के वंशज हों। इनकी राजनीति इतनी नीचे गिर चुकी है कि अब यह रावण जैसे प्रतीक का सहारा लेकर अपनी झूठी बयानबाजी को सही ठहराने में जुट गए हैं। मैं दिल्ली की जनता से कहना चाहता हूँ कि इनकी असली मंशा को पहचानें। ये चुनाव के बाद गरीबों, मजदूरों और झुग्गीवासियों के लिए रावण से भी बड़ा खतरा साबित होंगे। उन्होंने कहा इनसे सतर्क रहना बहुत ज़रूरी है, क्योंकि इनका असली एजेंडा सिर्फ सत्ता हासिल करना है। ये झुग्गियाँ तुड़वाने और जनता की ज़मीनें कब्जाने की साजिश रच रहे हैं।

# मुफ्त बिजली से बढ़ रहा आर्थिक बोझ, यह व्यवस्था लंबे समय के लिए ठीक नहीं : प्रहलाद जोशी

एजेंसी

जयपुर। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी ने मुफ्त बिजली देने वाले राज्यों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि कुछ राज्य राजनीतिक कारणों से मुफ्त बिजली दे रहे हैं। इससे एक बड़ा आर्थिक बोझ बढ़ रहा है।

केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी मंगलवार को जयपुर में नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित नवीकरणीय ऊर्जा पर क्षेत्रीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मैं किसी राज्य पर नहीं बोल रहा लेकिन यह व्यवस्था लंबे समय के लिए ठीक नहीं है। हमें कोशिश करनी चाहिए कि फ्री बिजली की जगह उपभोक्ताओं को इस तरह सक्षम बनाएं कि वे न सिर्फ सस्ती बिजली का घर में उपयोग कर सकें, बल्कि सरप्लस बिजली को ग्रिड में देकर देश की जरूरतों




को भी पूरा कर सकें।

जोशी ने कहा कि इसी बात को ध्यान में रखकर केंद्र सरकार पीएम सूर्य घर योजना लेकर आई है, जो फ्री बिजली देने वाले राज्यों के लिए वरदान साबित हो सकती है। यदि फ्री बिजली देने वाली राज्य सरकारें अपनी सब्सिडी का पैसा पीएम सूर्य घर योजना में एकमुश्त देने की हिम्मत करें, तो अगले 25 सालों तक उपभोक्ता बिजली बिल के झंझट से मुक्त हो जाएंगे। राज्य सरकारों का सालाना फ्री बिजली की सब्सिडी का आर्थिक बोझ भी खत्म होगा। केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा कि हमें समझने की जरूरत है कि हमारे देश में ऊर्जा की मांग क्यों अधिक है? भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। इस वजह से ऊर्जा की आवश्यकता बढ़ रही है।

# पेज एक का शेष

## पूरे मंत्रिमंडल के...

जानकारी के मुताबिक सीएम योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्रदेव सिंह, बेबी रानी मौर्य, जयवीर सिंह, लक्ष्मी नारायण चौधरी, धर्मपाल, नंदगोपाल नंदी और अनिल राजभर सहित सभी 21 मंत्री और बाकी स्वतंत्र प्रभार वाले और राज्यमंत्री सहित कुल 54 मंत्री कैबिनेट बैठक में शामिल होने के बाद विधिवत संगम में स्नान करेंगे।

## एक करोड़...

सोमा की हत्या कर दी गई थी। चलपति की पत्नी अरुणा ने कथित तौर पर नक्सलियों के उस समूह का नेतृत्व किया था जिसने टीडीपी नेताओं की हत्या की थी। बताया जाता है कि 1970 के दशक में ही नक्सल विचाराधारा से चलपति इस कदर प्रभावित हुआ कि उसने इंटर पास करने से पहले पढ़ाई छोड़ दी और बंदूक उठा ली। वह जल्द ही डिविजनल कमिटी का सदस्य बन गया। वह प्रताप, रवि और जयराम जैसे नामों से भी जाना जाता था। दिसंबर 2000 में वह स्पेशल जोनल कमिटी का सदस्य बना दिया गया था। स्टेट मिलिट्री कमीशन ऑफ आंध्र ओडिशा बॉर्डर स्पेशल जोन कमिटी में लाया गया। गुरिल्ला युद्ध में अपनी कौशल की वजह से उसने तेजी से तरक्की की। आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ के सीमा वाले इलाकों में वह करीब तीन दशक तक सुरक्षाबलों पर हमलों की प्लानिंग और उन्हें अंजाम देने में जुटा रहा। दशकों तक अंडरग्राउंड रहकर अपने नापाक मंसूबों को अंजाम देने के बाद वह मई 2016 में सुरक्षाबलों के रडार पर आया। उसकी तस्वीर तब पहली बार सुरक्षाबलों को मिली जब एक नक्सली के मारे जाने के बाद उसके पास बरामद लैपटॉप में चलपति और उसकी पत्नी की एक सेल्फी मिली। चलपति रोमांस की वजह से पहले भी झटका खा चुका था। डिप्टी कमांडर अरुणा के साथ संबंध की बात सामने आने पर उसे एक साल के लिए निलंबित भी कर दिया गया था। बाद में उसने अरुणा के साथ शादी कर ली। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए नियत नेलानार योजना लाई गई है। यह योजना नक्सलियों को मुख्यधारा में लाने में प्रभावी साबित हो रही है और बस्तर के गांवों में बड़े बदलाव का प्रतीक बन रही है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले एक साल में छत्तीसगढ़ सरकार ने नक्सल मोर्चे पर आक्रामक कदम उठाए हैं। तेलंगाना, महाराष्ट्र और उड़ीसा के साथ लगे छत्तीसगढ़ के सभी बॉर्डर्स पर जॉइंट ऑपरेशन किए जा रहे हैं।

## सेंसेक्स 1235...

2.11, आईटी 1.16, दूरसंचार 2.52, यूटिलिटीज 2.35, ऑटो 1.68, बैंकिंग 1.81, कैपिटल गुड्स 2.16, कंज्यूमर डयूरेबल्स 3.99, धातु 0.82, तेल एवं गैस 0.69, पावर 2.63, टेक 1.21, सर्विसेज 2.86 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.17 प्रतिशत लुढ़क गए। विदेशी बाजरों का रुझान मिश्रित रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.15, जापान का निक्केई 0.32 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.91 प्रतिशत चढ़ गया जबकि जर्मनी के डैक्स में 0.15 और चीन के शंघाई कम्पोजिट में 0.05 प्रतिशत की गिरावट रही। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 188 अंक की तेजी के साथ 77,261.72 अंक पर खुला और दमदार लिवाली की बदौलत दोपहर तक 77,337.36 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 75,641.87 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 77,073.44 अंक के मुक़ाबले 1.60 प्रतिशत की गिरावट लेकर 75,838.36 अंक पर आ गया। इसी तरह निफ्टी भी 77 अंक बढ़कर 23,421.65 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 23,426.30 अंक के उच्चतम जबकि 22,976.85 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 23,344.75 अंक की तुलना में 1.37 प्रतिशत कमजोर रहकर 23,024.65 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की एचसीएल टेक और अल्ट्रासिमको की 0.76 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर शेष कंपनियों में गिरावट रही। जोमैटो ने सबसे अधिक 10.92 प्रतिशत का नुक़सान उठाया। इसी तरह अडानी पोर्ट्स 3.74, एनटीपीसी 3.51, आईसीआईसीआई बैंक 2.98, एसबीआई 2.57, रिलायंस 2.46, महिंद्रा 2.17, बजाज फाइनेंस 2.03, टेक महिंद्रा 2.00, एक्सिस बैंक 1.87, टाटा मोटर्स 1.84, टाटा स्टील 1.52, कोटक बैंक 1.36, पावरग्रिड 1.35, बजाज फिन सर्व 1.10, इंडसइंड बैंक 1.06 और टीसीएस के शेयर 1.04 प्रतिशत गिर गए। इनके अलावा भारती एयरटेल 0.93, एशियन पेंट 0.90, एलटी 0.87, मारुति 0.79, इंफ़ोसिस 0.74, सन फार्मा 0.69, नेस्ले इंडिया 0.61, एचडीएफसी बैंक 0.58, टाइटन 0.51, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.21 और आईटीसी के शेयर 0.11 प्रतिशत कमजोर रहे।

## पिछड़े वर्ग के...

जा सके। योजना के तहत मास्टर डाटा सत्यापन और लॉक करने की प्रक्रिया 20 जनवरी को पूरी कर ली गई है। इसके बाद, 22 जनवरी यानि आज विश्वविद्यालयों, एफिलिएटिंग एजेंसियों और जिला विद्यालय निरीक्षकों द्वारा छात्रों की फीस और अन्य विवरणों का सत्यापन किया जाएगा। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी 25 जनवरी तक सभी डेटा की जांच पूरी करेंगे। छात्रों के लिए आवेदन प्रक्रिया की अंतिम तिथि 30 जनवरी निर्धारित की गई है। शिक्षण संस्थानों द्वारा छात्रों के आवेदन का सत्यापन 3 फरवरी तक किया जाएगा। इस दौरान विश्वविद्यालय स्तर पर छात्रों के रिजल्ट और सीट सत्यापन भी होगा। 10 फरवरी तक राज्य एनआईसी द्वारा डेटा की स्क्रूटनी पूरी की जाएगी। इसके बाद 18 फरवरी तक जनपदीय छात्रवृत्ति स्वीकृति समिति द्वारा डाटा को अंतिम रूप दिया जाएगा। 25 फरवरी तक निदेशालय स्तर से धनराशि का ट्रांसफर सुनिश्चित किया जाएगा।

## उच्च न्यायालय न्यायाधीशों...

समिति गठित की थी, लेकिन वे शिकायतों से निपटने के लिए नियमित रूप से बैठक नहीं कर पातीं, जिसके कारण कई न्यायिक अधिकारियों को शीर्ष अदालत का रुख करना पड़ा। पीठ ने कहा, ल्लइसलिए हम सभी उच्च न्यायालयों से अनुरोध करते हैं कि वे इस न्यायालय द्वारा 4 जनवरी, 2024 के आदेश द्वारा जारी निर्देशों को लागू करें। यदि किसी भी उच्च न्यायालय द्वारा अभी तक सीएससीडीजे की नियुक्ति नहीं की गई है, तो उन्हें आज से चार सप्ताह की अवधि के भीतर नियुक्त किया जाए। उसने सीएससीडीजे के नोडल अधिकारियों 5 जो सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश होंगे- को चार सप्ताह के भीतर नियुक्त करने का भी निर्देश दिया। पीठ ने संबंधित उच्च न्यायालयों से कहा कि वे अपने परिसर में नोडल अधिकारियों के लिए कार्यालय स्थान उपलब्ध कराएं। पीठ ने सर्वोच्च न्यायालय की रजिस्ट्री से कहा कि वह आदेश की एक प्रति सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और उच्च न्यायालयों के रजिस्ट्रार जनरल को भेजे।

## ‘एक देश, एक चुनाव...

और 21 अतिरिक्त दस्तावेजों के साथ एक सॉफ्ट कॉपी भी शामिल थी। इस समिति की अध्यक्षता भाजपा सांसद पीपी चौधरी कर रहे हैं। 39 सदस्यीय इस समिति में सभी प्रमुख दलों के सदस्य शामिल हैं, जिनमें कांग्रेस की प्रियंका गांधी, जनता दल (यूनाइटेड) के संजय झा, शिवसेना के श्रीकांत शिंदे, आम आदमी पार्टी के संजय सिंह और तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी और साकेत गोखले शामिल हैं। सरकार ने समिति की संख्या को 31 से बढ़ाकर 39 कर दिया था,क्योंकि कई सियासी दलों ने एक साथ चुनाव पर दो मसौदा विधेयकों की जांच में भाग लेने की इच्छा जताई थी। समिति में पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, पर्वोत्तरम रुपला, मनीष तिवारी और कई अन्य सांसद अनिल बलूनी, बांसुरी स्वराज और संबित पात्रा भी सदस्य के रूप में शामिल हैं। समिति में लोकसभा से 27 सदस्य और राज्यसभा से 12 सदस्य हैं।

# मौनी अमावस्या स्नान पर्व को सकुशल संपन्न कराने की बनी रणनीति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महाकुम्भ नगर। मौनी अमावस्या स्नान पर्व को सकुशल संपन्न कराने की मेला प्रशासन रणनीति तैयार कर ली है। यह जानकारी मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महाकुम्भ राजेश द्विवेदी ने दी।

महाकुम्भ मेले में वाहनों के आवागमन को लेकर कड़ा निर्देश दिए गए है।आगामी महत्वपूर्ण शाही स्नान पर्व पर आने वाले श्रद्धालुओं एवं स्नानार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, जिसके दृष्टिगत सभी अस्थायी बस स्टेशन पर पार्किंग स्थलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। कुम्भ मेले में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के मार्गो की व्यवस्था को सही ढंग संचालित करने के लिए सभी रेलवे स्टेशन एवं सभी बस स्टेशनो से श्रद्धालु एवं स्नानार्थी सुगमता से मेला क्षेत्र में आये, इसके लिए सबसे महत्वपूर्ण यह है कि उन्हें यह जानकारी दी जाए कि स्टेशन से निकलने के बाद सबसे नजदीकी मार्ग से स्नान करने और कुम्भ मेले में प्रवेश करना तथा स्नान बाद किस मार्ग से वापस रेलवे एवं बस स्टेशन पर जाना है। कुम्भ क्षेत्र में कही भी आग न लगने पाए, अगर इस प्रकार की घटना होती भी है तो अग्निशमन विभाग के साथ-साथ अन्य सभी सम्बंधित टीमें तत्काल पहुँचे और भीड़ प्रबंधन और बचाव कार्य तत्काल शुरू कर दी जाय। कुम्भ मेला में किसी भी प्रकार की अफवाह न फैले इस पर तत्काल प्रतिक्रिया दी जाय और माइक से समय-समय पर सूचना प्रसारित की जाय। हमारी प्राथमिकता है श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन उपलब्ध कराना।

## महाकुम्भ को पिकनिक स्पाट न बनाये मेला प्रशासन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भनगर। प्रयागराज महाकुम्भ में इन दिनों कई स्थानों पर लगे पोस्टर चर्चा का विषय बना हुआ है। प्रयागवाल एवं तीर्थ पुरोहितगण की ओर से प्रकाशित पोस्टर में मेला प्रशासन पर कई गम्भीर आरोप लगाये गये हैं। पोस्टर में लिखा है कि मेला प्रशासन प्रयागराज मेला को पिकनिक स्पाट बनाने का कार्य कर रही है जिससे श्रद्धालु मर्माहत हैं। आस्था, परम्परा, श्रद्धा मर रही है। प्रशासन कुम्भकर्णी निद्रा में सो रही है। पोस्टर के बड़े अक्षरों में लिखा है सनातन धर्म के आस्था एवं श्रद्धा के साथ ही परम्पराओं की हत्या। पोस्टर के अनुसार प्रयागराज के तीर्थ यात्रियों एवं कल्पवासी सावधान प्रयागराज मेला प्राधिकरण के द्वारा तीर्थ यात्रियों व कल्पवासियों के साथ सौतेला व्यवहार कर आस्था एवं श्रद्धा की हत्या के साथ ही उन्हें मूलभूत सुविधा पानी, विद्युत तथा शौचालय की व्यवस्था पूर्ण नहीं हो सकी है। जो भूमि यात्रियों, कल्पवासियों की सुविधा के लिए उपलब्ध थी उसे भी संगम तट से दूर कर दिया गया।

# महाकुम्भ में राष्ट्र रत्ना शोभायात्रा निकालेगी संस्कार भारती

■ महाकुम्भ में वीरांगनाओं की अलख जगाएगी संस्कार भारती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुंभनगर। भारतीय राष्ट्रीय स्वाधीनता की शताब्दी के प्रथम पुरश्चरण में कला और साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती प्रयागराज महाकुंभ में 22 जनवरी को भारत के निर्माण में योगदान देने वाली आदर्श महिला एवं वीरांगनाओं की शोभायात्रा के माध्यम से संपूर्ण विश्व में अलख जगाएगी। यह जानकारी संस्कार भारती के अखिल भारतीय मंचीय कला के संयोजक देवेन्द्र रावत ने दी। देवेन्द्र रावत ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और संस्कार भारती के अ.भा. संगठन मंत्री अभिजीत गोखले करेंगे। इस कार्यक्रम में भारत के राष्ट्रीय, सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक व आध्यात्मिक क्षेत्रों में अपने शौर्य का, मेघा का और जीवट का प्रदर्शन करने वाली नारी-शक्ति को पुनर्ज़ागरण का संदेश देने वाली योगदात्रियों जैसे रानी दुर्गावती, लोकमाता अहिल्याबाई होलकर, सावित्रीबाई फुले, महारानी लक्ष्मीबाई, रानी चेन्नम्मा, अवंती बाई, सुभद्रा कुमारी चौहान, लता मंगेशकर, नागालैंड की रानी गाइदिन्ल्यू, सुचेता कृपलानी, सरोजनी नायडू, रानी पद्मिनी, भगिनी निवेदिता, मीराबाई, महादेवी वर्मा, कल्पना चावला, गौरा देवी, तीलू रौतेली आदि सहित पूरे देश की सभी प्रान्तों से लगभग दो सौ दिव्य स्वरूपों की भव्य शोभायात्रा निकालकर उन्हें श्रद्धादर समर्पित करते हुए वर्तमान पीढ़ियों को राष्ट्रीय, सामाजिक और सांस्कृतिक नव जागरण का सन्देश दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि यह वर्ष महीमसी मीराबाई का 525 वीं और चन्देलकन्या महारानी दर्गावती की 500 वीं और लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती का वर्ष है। यह तीनों ही इस शोभायात्रा का नेतृत्व करेंगी।

# दिल्ली/बिहार/पंजाब

## संक्षिप्त समाचार

### किसान नेता डल्लेवाल की तबीयत में सुधार, 57वें दिन अनशन जारी

चंडीगढ़। पंजाब के खनौरी बॉर्डर पर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का आमरण अनशन मंगलवार को 57वें दिन में प्रवेश कर गया। इस बीच ट्रैक्टर मार्च की रणनीति बनाने के लिए किसानों की बैठकों का दौर भी बॉर्डर पर शुरू हो गया है। चिकित्सीय सहायता लेने के बाद डल्लेवाल की तबीयत में सुधार है। खनौरी बॉर्डर पर डल्लेवाल की देखरेख कर रहे डॉक्टरों ने रात को मेडिकल बुलेटिन जारी कर कहा कि शनिवार रात से मेडिकल एड लेने के बाद से अब उनकी सेहत में कुछ सुधार दिख रहा है। जल्द उनके ब्लड सैंपल की रिपोर्ट आ जाएगी। आठ सीनियर डॉक्टर उनकी देखरेख कर हैं। डॉक्टरों की कोशिश है कि 14 फरवरी को केंद्र सरकार से होने वाली बैठक से पहले उनकी सेहत में अप्रत्याशित सुधार हो। किसान मजदूर मोर्चा के संयोजक सरवण सिंह पंधेर ने कहा कि डॉ. स्वयमान सिंह की रिपोर्ट के मुताबिक डल्लेवाल से खानपान शुरू करने का अनुरोध किया है, ताकि 14 फरवरी को बैठक में वह शामिल हो सकें। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि किसान आंदोलन का समर्थन करने वाले किसी भी लोक-कलाकार के खिलाफ सरकार ने रंजिशन कार्रवाई की, तो संयुक्त किसान मोर्चा और किसान मजदूर मोर्चा चट्टान की तरह उनके साथ खड़े रहेंगे।

### मालदा रेल डिवीजन के द्वारा बहुउद्देशीय स्वास्थ्य अभियान शिविर का आयोजन

भागलपुर। मालदा डिवीजन पूर्वी रेलवे के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग की पहल पर मंगलवार को जिले के कहलगांव में बहुउद्देशीय स्वास्थ्य अभियान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन डॉ. अनुपा घोष मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) मालदा के मार्गदर्शन में किया गया। जिन्होंने चिकित्सकों और चिकित्सा कर्मचारियों की अपनी टीम के साथ इस पहल का नेतृत्व किया। इस विशेष कल्याण कार्यक्रम का उद्देश्य रेलवे लाभार्थियों की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को पूरा करना था। शिविर के दौरान अनुभवी चिकित्सकों के नेतृत्व में विशेष क्लीनिक स्थापित किए गए। डॉ. एल. एम. आदिखारी सहायक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (एसीएमएस) और नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. एस. रॉय, डिविजनल मेडिकल ऑफिसर (डीएमओ) और ईएनटी विशेषज्ञ, डॉ. एस. बनर्जी, डीएमओ और ऑर्थोपेडिशियन ने उपस्थित लोगों को रक्त जांच और ईसीजी सुविधाओं सहित व्यापक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की। इसके अतिरिक्त, लाभार्थियों को मासिक दवाइयां वितरित की गईं। जिससे देखभाल की निरंतरता सुनिश्चित हुई। शिविर में लगभग 87 रेलवे लाभार्थियों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। आउटरीच पहल अत्यधिक लाभकारी साबित हुई। खासकर उन लोगों के लिए जिन्हें अस्पतालों में नियमित स्वास्थ्य जांच में भाग लेने में कठिनाई होती है।

### महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविधालय में दो दिवसीय साहित्यिक महोत्सव हुआ शुरू

पूर्वी चंपारण। महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक एवं साहित्यिक परिषद द्वारा दो-दिवसीय साहित्यिक महोत्सव 2025 का शुभारंभ हुआ। आयोजन के प्रथम दिन पहले चरण में वाद- विवाद प्रतियोगिता तथा दूसरे चरण में एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय ''भारतीय पौराणिक कथाएं सांस्कृतिक ज्ञान का खजाना या वैज्ञानिक सोच के लिए एक बाधा'' था। कार्यक्रम के संरक्षक कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव थे।जबकि निर्देशन प्रो. प्रसून दत्त सिंह ने किया।उन्होने स्वागत वक्तव्य देते कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के भविष्य को एक नई दिशा देने में मदद करेगी।इससे विद्यार्थियों में छुपी प्रतिभाएं में निखार आयेगी और उनका मानसिक विकास भी होगा।वाद-विवाद प्रतियोगिता के निर्णायक भौतिकी विभाग की सहायक आचार्या डॉ. स्वेता सिंह और जूलॉजी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. श्याम बाबू प्रसाद और समन्वयक समाज शास्त्र विभाग की सहायक आचार्य डॉ. श्वेता और हिंदी विभाग की सहायक आचार्या डॉ. गरिमा तिवारी एवं डॉ. गोविंद प्रसाद वर्मा थे। वाद-विवाद प्रतियोगिता में विधार्थियो ने ''भारतीय पौराणिक कथाएं सांस्कृतिक ज्ञान का खजाना या वैज्ञानिक सोच के लिए एक बाधा'' विषय पर पक्ष व विपक्ष में अपनी बातें रखी। प्रतियोगिता के विजेता हिंदी विभाग के कुलदीप थे। कुलदीप ने बहुत सारगर्भित तथ्यों की प्रस्तुति की। प्रतियोगिता के दूसरे चरण में आशु भाषण (एक्सटेम्पोर) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता के संयोजक संस्कृत विभाग के अध्यक्ष डॉ. श्याम कुमार झा एवं मीडिया अध्ययन विभाग के सहायक आचार्य डॉ. परमात्मा कुमार मिश्र थे। निर्णायक की भूमिका में संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य डॉ. बबलू पाल एवं गांधी एवं शांति अध्ययन के सहायक आचार्य डॉ. अभय विक्रम सिंह थे। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।स्वागत उद्बोधन में डॉ. श्याम कुमार झा ने कहा कि आशु प्रतियोगिता लिए आवश्यक है कि प्रतिभागी में सामान्य विषयों की आवश्यक समझ हो। इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों में भाषण कला के साथ महत्वपूर्ण विषयों को जानने, समझने और पढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। आशु भाषण प्रतियोगिता के प्रथम स्थान के विजेता अंग्रेजी विभाग के विद्यार्थी मृत्युंजय आजाद रहे। वहीं दूसरे स्थान पर मीडिया अध्ययन विभाग के सौरभ सिंह व तीसरे स्थान पर मीडिया विभाग की अपूर्वा त्रिवेदी रही।धन्यवाद ज्ञापन डॉ परमात्मा कुमार मिश्रा ने किया। प्रथम स्थान पर विजयी प्रतिभागी को गणतंत्र दिवस 26 जनवरी, 2025 को नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र और द्वितीय व तृतीय स्थान पर विजयी प्रतिभागी को प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा।

# दूरसंचार क्षेत्र में वृद्धि के लिए प्रभावी स्पेक्ट्रम प्रबंधन महत्वपूर्ण: ट्राई प्रमुख

■ ट्राई प्रमुख ने स्पेक्ट्रम पर एसएटीआरसी कार्यशाला का उद्घाटन किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के अध्यक्ष अनिल कुमार लाहोटी ने कहा कि दूरसंचार क्षेत्र में नवाचार, सार्वभौमिक कनेक्टिविटी और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी स्पेक्ट्रम प्रबंधन रणनीति महत्वपूर्ण है। संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने मंगलवार को जारी बयान में बताया कि ट्राई के अध्यक्ष अनिल कुमार लाहोटी ने एशिया प्रशांत दूरसंचार समुदाय (एपीटी) के महासचिव मसनोरी कोंडो की उपस्थिति में स्पेक्ट्रम पर दक्षिण एशियाई दूरसंचार विनियामक परिषद (एसएटीआरसी) कार्यशाला का उद्घाटन किया। मंत्रालय के मुताबिक तीन दिवसीय कार्यशाला में एसएटीआरसी के सदस्य देशों के प्रतिनिधि, कार्य समूह के सदस्य, उद्योग विशेषज्ञ, कई सरकारी विभागों के प्रतिनिधि आदि भाग लेंगे। इस कार्यशाला का आयोजन एशिया प्रशांत दूरसंचार समुदाय की ओर से किया गया है, जिसकी मेजबानी भारतीय दूरसंचार विनियामक गोवा के होटल डबल ट्री बाय हिल्टन में कर रहा है। इस कार्यशाला का उद्देश्य तेजी से विकसित हो रहे दूरसंचार परिदृश्य में प्रभावी स्पेक्ट्रम प्रबंधन के महत्व पर चर्चा करना है। स्पेक्ट्रम पर इस एसएटीआरसी कार्यशाला से प्रतिभागियों के बीच स्पेक्ट्रम प्रबंधन के प्रमुख मुद्दों के बारे में बेहतर समझ विकसित होने की उम्मीद है, जिससे एसएटीआरसी कार्य समूह के लिए कार्रवाई योग्य दिशा-निर्देश तैयार होंगे। इसके अतिरिक्त, कार्यशाला का उद्देश्य सदस्य देशों और उद्योग विशेषज्ञों के बीच सहकार्यता को बढ़ावा देना है, जिसके परिणामस्वरूप प्रभावी स्पेक्ट्रम उपयोग के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं और रणनीतियों का विकास होगा। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र की शुरुआत एशिया-प्रशांत दूरसंचार समुदाय के महासचिव मसनोरी कोंडो के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने इस दृष्टिकोण का समर्थन करने के लिए एपीटी की प्रतिबद्धता पर बल दिया तथा स्पेक्ट्रम संसाधनों के कुशल प्रबंधन में क्षेत्रीय सहयोग को आवश्यक बताया। इसके बाद, स्पेक्ट्रम पर एसएटीआरसी कार्य समूह के अध्यक्ष अब्दुल कयूम ने नियामकों के सामने आने वाली चुनौतियों और स्पेक्ट्रम उपयोग को अनुकूलित करने के लिए नवीन समाधानों की आवश्यकता पर जोर दिया। उद्घाटन भाषण के दौरान ट्राई के अध्यक्ष अनिल कुमार लाहोटी ने आज के डिजिटल परिवेश में प्रभावी स्पेक्ट्रम प्रबंधन की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि दूरसंचार क्षेत्र नवाचार और सशक्तिकरण में सबसे आगे है, यह डिजिटल परिवर्तन को आगे बढ़ा रहा है और ऐसे समाधान प्रदान कर रहा है जो जीवन की बेहतरी को बढ़ाते हैं। रेडियो आवृत्ति स्पेक्ट्रम की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए, एसएटीआरसी ने अपनी कार्य योजना के हिस्से के रूप में स्पेक्ट्रम पर एक कार्य समूह की स्थापना की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कार्यशाला उभरती प्रौद्योगिकियों, स्पेक्ट्रम आवंटन और नीति विकास पर अंतर्दृष्टि साझा करने के लिए उत्कृष्ट मंच प्रदान करती है। सहकार्यता को बढ़ावा देने और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान से यह कार्यक्रम नियामक क्षमता का निर्माण करने, सीमा पार सहयोग को मजबूत करने और दूरसंचार क्षेत्र में सतत विकास का समर्थन करने में मदद करेगा।

## चीनी लोड ट्रक धूं धूंकर जल उठा, बमुश्किल अग्निशमन विभाग ने पाया काबू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अररिया। अररिया के जोकीहाट थाना क्षेत्र के चरघरिया बॉर्डर के समीप चीनी लोड ट्रक में बीती देर रात अचानक से आग लग गई,जिसके बाद ट्रक धूं धूंकर जल उठा।देर रात जब ट्रक में आग की लपटें गांव में नजर आने लगी तो ग्रामीणों ने थाना समेत अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी गई,जिसके बाद अग्निशमन विभाग की टीम जोकीहाट समेत अररिया से पहुंचकर घंटों कड़ी मशक्कत के बाद ट्रक में लगे आग पर काबू पाया।चीनी लोड ट्रक अररिया से किशनगंज की ओर जा रही थी।ट्रक में अचानक आग लग गई और देखते-देखते चीनी लोड ट्रक धू-धू कर जलकर राख हो गया। आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है लेकिन ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि ट्रक के निचले हिस्से से शुरू हुई आग पूरे ट्रक को अपने चपेट में ले लिया। अग्निशमन दल द्वारा बड़ी कोशिश के बाद आग पर काबू पाया जा सका लेकिन तब तक चीनी लोड ट्रक जलकर राख हो चुका था।आग ली लपटें देख ग्रामीणों में अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया और मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण भी जमा हो गए और अग्निशमन विभाग की टीम को आग पर काबू करवाने के प्रयास में मदद की। अररिया अनुमंडलीय अग्निशमन पदाधिकारी धनेश कुमार ने फोन पर बताया कि बीती देर रात सूचना मिली कि जोकीहाट थाना क्षेत्र के टोल टैक्स के समीप ट्रक में आग लग गयी है।सूचना के बाद अग्निशमन दस्ता को मौके पर भेजा गया,जहां टीम के सदस्यों के द्वारा घंटों कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

## पूर्वी चंपारण जिले में शुरू होगी स्वीट कार्न व बेबी कार्न की खेती

■ गरमा मौसम में किसानो को अनुदानित दर पर मिलेगा बीज

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पूर्वी चंपारण। कृषि विभाग ने जिला के किसानो के लिए बड़ी खुशखबरी लेकर आया है। विभाग जिले में स्वीट कार्न व बेबी कार्न की खेती शुरू करने जा रही है। इसके लिए किसानो को 50 प्रतिशत अनुदान पर बीज उपलब्ध कराया जायेगा। जिला कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह ने बताया कि जिले में पहली बार स्वीट कॉर्न व बेवी कॉर्न की खेती कृषि विभाग कराने जा रहा है। बीज पर किसानों को पचास फीसदी अनुदान मिलेगा। उन्होंने कहा कि अनुदानित योजना के बीज किसानों के खेत में शत प्रतिशत लगवाने का निर्देश सभी बीईओ और संबंधित कर्मियो को दिया गया है।इसके साथ ही मुंगफली, उड़द, मूंग आदि की खेती भी विभाग कराने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने बताया कि विभाग के कर्मी किसानों का चयन कर ऑनलाइन आवेदन कराने का निर्देश दिया गया है।अनुदानित बीज किसानों को अंगूठा लगाने के बाद ही मुहैया कराया जायेगा।

## ठाकुरगंज में सीएम नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा, नेताओं ने किया जोरदार स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



किशनगंज। प्रगति यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को जिले के ठाकुरगंज प्रखंड के कटहल डांगी गांव पहुंचे। मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर जैसे ही कटहल डांगी पहुंचा ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। गौर करे कि लगभग तीन घंटे की देरी से पहुंचे सीएम नीतीश कुमार का सत्ता धारी दल के नेताओ के साथ साथ राजद सहित अन्य दलों के नेताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने यहां अल्पसंख्यक कल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं का जायजा लिया है। सीएम नीतीश कुमार लगभग 350 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री की सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किया गया है। इस मौके पर जिले के प्रभारी मंत्री जमा खान, मंत्री विजय चौधरी, नीरज कुमार सिंह उर्फ बबलू, पूर्व मंत्री नौशाद आलम, ठाकुरगंज से राजद विधायक सऊद आलम, नगर पंचायत अध्यक्ष सिकंदर पटेल सहित अन्य लोग मौजूद रहे। गौर करे कि मुख्यमंत्री ठाकुरगंज से हेलीकॉप्टर के द्वारा हालामला जायेंगे। उसके बाद डेढामारी में अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय का निरीक्षण और फुटओवर ब्रिज का शिलान्यास करेंगे। तपश्चात देवघाट खगड़ा में रमजान नदी की समस्या का निरीक्षण करेंगे। उसके बाद जिला परिषद सभागार में समीक्षा बैठक के बाद पटना के लिए रवाना होंगे।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063